आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 38°C | 29°C |

इनसाइड न्यूज
लूट के बाद मुठभेड़ : एक लुटेरा गोली लगने से घायल, दूसरा फरार
उत्तर प्रदेश पेज: 05

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं

(वेब संस्करण)
शुक्रवार 30 मई, 2025 | पेज : 13 | मूल्य : ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 225 | www.janexpresslive.com/epaper

समर्पण, सेवा और विशेषज्ञता के प्रतीक डॉ. सतीश... 07

# पाकिस्तान समझ ले, 3 बार घुसकर मारा: पीएम मोदी

## बंगाल में मोदी बोले, अब आतंकी हमला हुआ तो कीमत चुकानी होगी, टीएमसी नेता गरीबों से कट-कमीशन मांगते

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गंगटोक/कोलकाता

पीएम मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में करीब 32 मिनट का संबोधन दिया। पीएम ने अपने भाषण में ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान, ममता सरकार के भ्रष्टाचार और केंद्र की नीतियों का जिक्र किया। पीएम ने कहा, पाकिस्तान समझ ले 3 बार घर में घुसकर मारा है। हम शक्ति को पूजने वाले लोग हैं। बंगाल टाइगर की धरती से 140 करोड़ भारतीयों का ऐलान है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। राज्य की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि, केंद्र की बीजेपी सरकार देशभर में गरीबों को पक्के घर दे रही लेकिन यहां लाखों परिवारों का घर नहीं बन पा रहा है क्योंकि टीमएसी के लोग इसमें भी गरीब के पास से कट और कमीशन की मांग कर रहे हैं। पीएम को आज तीन राज्यों में जाना था। सिक्किम दौरा रद्द होने के बाद वे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार पहुंचे। यहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। शाम को पीएम बिहार जाएंगे। शाम 5 :45 बजे पटना एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का इनॉगरेशन करेंगे। फिर रात में राजभवन में रुकेंगे।



### पीएम ने कहा, आतंकी हमला हुआ तो कीमत चुकानी होगी

पीएम ने कहा, आज जब सिंदूर खेला की इस धरती पर आया हूं तो आतंकवाद को लेकर भारत के नए संकल्प की चर्चा स्वाभाविक है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बता की उसके बाद बंगाल में बहुत गुस्सा था। उसको मैं समझता था आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने का दुस्साहस किया। हमारी सेना ने उनको सिंदूर की शक्ति का अहसास करा दिया। उन्होंने कहा, हमने आतंक के उन ठिकानों को तबाह किया। जिनकी पाकिस्तान ने कल्पना नहीं की थी। आतंक को पालने वाले पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी पॉजिटिव नहीं है। जब से वे अस्तित्व में आए हैं तब से आतंक को पाला है।

### केंद्र की कई योजनाओं को यहां निर्मम सरकार लागू नहीं होने देती: पीएम

पीएम ने कहा, आखिर टीमएसी सरकार आप लोगों को लेकर इतनी निर्मम क्यों है। यहां कई उदाहरण है, यहां कई विश्वकर्मा भाई बहन लोग हैं। ये हाथ का हुनर रखते हैं। भाजपा इनके लिए विश्वकर्मा योजना लाई है। इसके तहत ट्रेनिंग, पैसा दिया गया है। लेकिन बंगाल में आठ लाख एप्लीकेशन अटकी पड़ी है निर्मम सरकार उस पर बैठ गई है। टीमएसी सरकार की मेरे आदिवासी भाई बहनों से भी दुश्मनी है। हमने पीएम जनमन योजना बनाई है। बंगाल में बहुत बड़ा आदिवासी समाज है टीमएसी सरकार ने योजना को यहां लागू नहीं किया। ये हमारे आदिवासी समाज को वंचित रखना चाहती है। इन्हें आदिवासी सम्मान की परवाह नहीं है।



### सीएम ममता बोलीं, मोदी की नीति फूट डालो और राज करो वाली

बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि मोदी की नीति फूट डालो और राज करो की है। ममता बनर्जी ने कहा, मोदी जी ने आज जो कहा, उसे सुनकर हम न केवल हैरान हैं, बल्कि बहुत दुखी भी हैं। जब विपक्ष देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। उनकी मौजूदगी में उनके मंत्री ने कहा कि वे ऑपरेशन सिंदूर की तरह ऑपरेशन बंगाल करेंगे। मैं उन्हें चुनौती देती हूं, अगर उनमें हिम्मत है, तो कल चुनाव कराएं। हम और बंगाल आपकी चुनौती स्वीकार करने के लिए तैयार है। लेकिन याद रखें कि समय सबसे बड़ा फैक्टर है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर

आज जब सिंदूर खेला की इस धरती पर आया हूं तो आतंकवाद को लेकर भारत के नए संकल्प की चर्चा स्वाभाविक है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बता की उसके बाद बंगाल में बहुत गुस्सा था। उसको मैं समझता था आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने का दुस्साहस किया। हमारी सेना ने उनको सिंदूर की शक्ति का अहसास करा दिया। हमने आतंक के उन ठिकानों को तबाह किया। जिनकी पाकिस्तान ने कल्पना नहीं की थी। आतंक को पालने वाले पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी पॉजिटिव नहीं है। जब से वे अस्तित्व में आए हैं तब से आतंक को पाला है।

### केंद्र की योजनाओं पर

बंगाल की सरकार केंद्र की योजनाओं को लागू नहीं होने दे रही। आयुष्मान योजना का बंगाल में फायदा नहीं मिल रहा है। निर्मम सरकार ने बंगाल के अपने लोगों के आयुष्मान कार्ड देने ही नहीं दिया। यहां कई विश्वकर्मा भाई बहन लोग हैं। ये हाथ का हुनर रखते हैं। भाजपा इनके लिए विश्वकर्मा योजना लाई है। इसके तहत ट्रेनिंग, पैसा दिया गया है। लेकिन बंगाल में आठ लाख एप्लीकेशन अटकी पड़ी है निर्मम सरकार उस पर बैठ गई है।

### बंगाल में 5 संकट पर

आज बंगाल एक साथ कई संकटों से घिरा हुआ है।

- **पहला संकट**: समाज में फैली हिंसा और अराजकता का है।
- **दूसरा**: माताओं बहनों की असुरक्षा का है। उन पर हो रहे जघन्य अपराधों का है।
- **तीसरा**: नौजवानों की बेरोजगारी का है।
- **चौथा**: करप्शन का है।
- **पांचवां**: गरीबों का हक छीनने वाली सत्ताधारी पार्टी का है।

हमने पीएम जनमन योजना बनाई है। बंगाल में बहुत बड़ा आदिवासी समाज है टीएमसी सरकार ने योजना को यहां लागू नहीं किया। इन्हें आदिवासी सम्मान की परवाह नहीं है। जब एनडीए ने आदिवासी महिला को राष्ट्रपति के लिए उम्मीदवार बनाया तो टीएमसी विरोध करने वाली पहली पार्टी थी।

### मुर्शिदाबाद और मालदा हिंसा पर

मुर्शिदाबाद और मालदा में जो कुछ हुआ है, वो यहां की सरकार की निर्ममता का उदाहरण है। गरीबों की पूंजी राख कर दी गई। तुष्टिकरण के नाम पर गुंडागर्दी को खुली छूट दी गई। विधायक और कॉरपोरेटर लोगों के घरों को चिन्हित करके जलाते हैं। पुलिस तमाशा देखती है। मैं बंगाल की जनता से पूछता हूं कि क्या सरकारें ऐसे चलती हैं। साथियों बंगाल की जनता पर हो रहे इन अत्याचारों को यहां की निर्मम सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। यहां हर बात पर कोर्ट को दखल देना पड़ता है।

### बंगाल के करप्शन

करप्शन का सबसे बुरा असर नौजवानों पर पड़ता है, गरीबों पर पड़ता है। ये चारों तरफ बर्बादी लाता है। ये हमने टीचर भर्ती घोटाले में देखा है। इस सरकार ने अपने शासन में हजारों टीचर का भविष्य बर्बाद कर दिया। टीएमसी के घोटालेबाजों ने सैकड़ों बेटे बेटियों को अंधकार में धकेल दिया है। ये सिर्फ कुछ हजार टीचर्स के साथ धोखा नहीं है बल्कि पूरे एजुकेशन सिस्टम को खराब कर दिया।

### टीएमसी कट और कमीशन पर

केंद्र की बीजेपी सरकार देशभर में गरीबों को पक्के घर दे रही, लेकिन यहां लाखों परिवारों का घर नहीं बन पा रहा है, क्योंकि टीएमसी के लोग इसमें भी गरीब के पास से कट और कमीशन की मांग कर रहे हैं।

# कृषि क्रांति की ओर उत्तराखंड

## सीएम धामी ने शुरू किया 'विकसित कृषि संकल्प अभियान'





- किसानों को सशक्त बनाएगा विकसित कृषि संकल्प अभियान: मुख्यमंत्री धामी
- उत्तराखंड के सभी विकासखण्डों, न्याय पंचायतों व गांवों में कृषि वैज्ञानिक किसानों से करेंगे सीधा संवाद

जन एक्सप्रेस। देहरादून

देवभूमि उत्तराखंड अब कृषि क्रांति की ओर अग्रसर है। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उत्तराखंड में %विकसित कृषि संकल्प अभियान% का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने, उनकी समस्याओं को समझने और समाधान प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी। यह अभियान 12 जून तक चलेगा, जिसके अंतर्गत कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद करेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अभियान में किसानों को उनकी भूमि, मौसम और ज़रूरतों के अनुरूप वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी।अभियान के तहत किसानों के पारंपरिक अनुभव, नवाचार और सुझावों को भी संकलित किया जाएगा, जिससे भविष्य में शोध कार्य और भी अधिक व्यावहारिक और उपयोगी बन सकें।

### 95 विकासखण्डों के 11440 गाँवों तक पहुंचेगा अभियान

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह अभियान प्रदेश के 95 विकासखंडों, 670 न्याय पंचायतों और 11,440 गाँवों तक पहुंचेगा। अभियान के तहत प्रत्येक जिले में गठित तीन टीमें प्रतिदिन तीन स्थानों पर कार्यक्रम करेंगी, और हर कार्यक्रम में लगभग 600 किसानों को प्रशिक्षण व जानकारी दी जाएगी।राष्ट्रीय स्तर के अभियान के अंतर्गत 700 जिलों में 2000 से अधिक वैज्ञानिक दलों द्वारा 1.5 करोड़ किसानों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

### किसानों के लिए राज्य सरकार की योजनाएं

मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को 3 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है। फार्म मशीनरी बैंक योजना के अंतर्गत कृषि उपकरणों पर 80त्न तक की सब्सिडी दी जा रही है। गेहूं की खरीद पर ?20 प्रति क्विंटल बोनस, और गन्ने के समर्थन मूल्य में 20 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। नहरों से सिंचाई निशुल्क कर दी गई है।

### गांव में विकास कार्यों की भी घोषणा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गुनियाल गांव में सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण, साथ ही सौंग नदी के गिरते जल स्तर को रोकने के लिए आरसीसी दीवार, चेक डैम और कट ऑफ वाल के निर्माण की भी घोषणा की। कार्यक्रम में कृषि मंत्री गणेश जोशी, कृषि सचिव एस.एन. पांडेय, महानिदेशक कृषि रणवीर सिंह चौहान, पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, भरसार विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमेन्द्र कौशल, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सेना पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को झटका, हाईकोर्ट ने राहत देने से किया इनकार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बृहस्पतिवार को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से झटका लगा है। कोर्ट ने मामले में उन्हें राहत देने से इन्कार कर उनकी याचिका खारिज कर दी है। राहुल गांधी के खिलाफ लखनऊ की एक अदालत में परिवाद दाखिल करते हुए आरोप लगाया गया है कि उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी की थी। परिवाद पर सुनवाई के दौरान स्थानीय अदालत ने राहुल को तलब (समन) किया गया है। राहुल ने याचिका में इसी तलबी आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने खुली अदालत में याचिका खारिज करने का आदेश दिया। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने याचिका का विरोध किया। शाही ने बताया कि कोर्ट ने कहा है कि विस्तृत आदेश सोमवार (2 जून) को जारी किया जाएगा। राहुल के खिलाफ परिवाद में आरोप है कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पदयात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सेना पर टिप्पणी की थी। राहुल ने कहा था कि चीनी सैनिकों की ओर से भारतीय सैनिकों की पिटाई के बारे में कोई कुछ नहीं पूछता। सैनिकों को लेकर की गई इस टिप्पणी पर लखनऊ की एक स्थानीय अदालत में उदय शंकर श्रीवास्तव ने उनके खिलाफ परिवाद दाखिल किया।

# सीतापुर में टंकी गिरने के मामले में एई-जेई बर्खास्त, निर्माण एजेंसी ब्लैकलिस्ट



जन एक्सप्रेस। सीतापुर

सीतापुर में पानी की टंकी गिरने के मामले में सरकार ने राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के सहायक अभियंता (एई) और अवर अभियंता (जेई) को बर्खास्त कर दिया है। इसके अलावा जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता, संबंधित सहायक अभियंता और जेई के खिलाफ विभागीय जांच के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही टंकी बना रही निर्माण एजेंसी टीपीआई और काम की गुणवत्ता परखने वाली थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करते हुए निर्माण एजेंसी पर 5 प्रतिशत लिक्विडेटेड डैमेज पेनाल्टी लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि बीते दिनों सीतापुर में विकास खंड पहला की बेहमा चुनका पेयजल योजना के तहत निर्माणाधीन टैंक गिर गया था। इस पर शासन ने मामले की जांच कराई थी, जिसमें राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अभियंताओं के साथ ही जल निगम (ग्रामीण) की लापरवाही उजागर हुई थी। इसके आधार पर कई अभियंताओं के साथ ही निर्माण एजेंसी और गुणवत्ता परखने वाली एजेंसी के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

### 16,000 से ज्यादा टंकियों का हो चुका है परीक्षण

प्रदेश में अभी तक जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत 16,000 से अधिक टंकियों का सफल परीक्षण किया जा चुका है। इनमें से पांच टंकियों के निर्माण की गुणवत्ता खराब होने की वजह से क्षतिग्रस्त होने की शिकायत मिली थी। इस आधार पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई हो चुकी है।

### जांच के लिए बनाई गई कमेटी

अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही मामले की प्रारंभिक जांच के लिए शासन ने उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें जल निगम (ग्रामीण) के मुख्य अभियंता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के एक मुख्य अभियंता और एक अधीक्षण अभियंता रहेंगे। कमेटी को तीन दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

## यूपी: प्रदेश में इमारत गिरने से मौत पर मिलेगा चार लाख का मुआवजा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

इमारत गिरने से हुई मौत को भी आपदा की श्रेणी में शामिल किया जाएगा। इससे पहले राज्य सरकार ने सियार, लोमड़ी और मुधमक्खियों के हमले को भी राज्य आपदा की श्रेणी में शामिल करने का प्रस्ताव राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से शासन को भेजा गया था। इस प्रस्ताव को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में मंजूरी भी मिल गई है। ऐसी आपदाओं में भी मुआवजा दिया जाएगा। वर्तमान में आपदा से मौत होने पर चार लाख रुपये की राहत राशि दी जाती है। घायल होने पर भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। राज्य सरकार इमारत गिरने की घटना को भी राज्य आपदा घोषित करने जा रही है।

## अब पूरे बिहार में जाएंगी यूपी रोडवेज की बसें, बिहार की बसें भी आएंगी प्रदेश, दोनों राज्यों में हुआ समझौता

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश और बिहार परिवहन निगम की बसें नए रूट पर एक-दूसरे राज्य में जा सकेंगी। इस संबंध में बृहस्पतिवार को परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव अमित गुप्ता की अध्यक्षता में दोनों राज्यों के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। निगम मुख्यालय सभागार में हुई बैठक में दोनों राज्यों के बीच नए मार्गों को जोड़ने, परमिटों एवं फेरों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रमुख सचिव अमित गुप्ता ने कहा कि नए मार्गों के जुड़ने एवं बसों के फेरों की संख्या में वृद्धि से एक तरफ जहां राजस्व में वृद्धि होगी, वहीं तरफ दोनों राज्यों के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। अभी तक इसके बहुत सीमित रूट थे। बैठक में विशेष सचिव केपी सिंह, प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर, बिहार पथ परिवहन निगम के अतुल कुमार, पवन शांडिल्य आदि मौजूद रहे।












# लखनऊ में इनकम टैक्स ऑफिस में बवाल!

## आईआरएस अधिकारी गौरव गर्ग के साथ मारपीट, सिविल अस्पताल में भर्ती

- इस घटना ने आयकर विभाग की कार्यप्रणाली और आंतरिक तनावों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



राजधानी लखनऊ में बुधवार को इनकम टैक्स विभाग के कार्यालय में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आयकर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर पर ढ्डक्रस् अधिकारी गौरव गर्ग के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि गौरव गर्ग को कार्यालय के एक कमरे में बंद कर पीटा गया। घटना के बाद घायल अवस्था में गौरव गर्ग को लखनऊ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम से विभागीय हलकों में हड़कंप मच गया है। गौरव गर्ग ने घटना की जानकारी देते हुए हजरतगंज कोतवाली में तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और आयकर विभाग, दोनों ही स्तरों पर जांच की जा रही है। बता दें कि गौरव गर्ग, लखनऊ में तैनात रह चुकीं तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी रवीना त्यागी के पति हैं। इस वजह से मामला और भी संवेदनशील हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, मारपीट के पीछे किसी विभागीय विवाद या आपसी कहासुनी की बात सामने आ रही है, हालांकि अधिकारी अभी तक इस मामले में सार्वजनिक रूप से कुछ भी कहने से बच रहे हैं। फिलहाल इस घटना ने आयकर विभाग की कार्यप्रणाली और आंतरिक तनावों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया जनपद का दौरा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने गुरुवार को जनपद का दौरा किया। यहां उन्होंने जिला कारागार, जिला चिकित्सालय, वन स्टॉप सेंटर आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने जनसुनवाई का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने गुरुवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहा उन्होंने महिला बैरिक, पीसीओ आदि की व्यवस्थाओं को देखा। यहां उन्होंने अनपढ़ महिलाओं को वनागना एनजीओ द्वारा पढ़ना, लिखना, साइन करना, पेंटिंग करना आदि का प्रशिक्षण देते पाया। जिला प्रोबेशन अधिकारी को सेनेटरी पैड डिस्ट्रॉय मशीन व पढ़ाई के लिए स्मार्ट बोर्ड आदि की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए। इसके बाद उन्होंने कसहाई स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने आंगनबाडी कार्यकत्रियों से वार्ता कर महिलाओं के सुरक्षा-स्वावलंबन आदि के विषय में जागरूक करते हुए उनकी परेशानियों को भी जाना। संयुक्त जिला चिकित्सालय सोनेपुर में महिला आयोग की सदस्य ने पीएनसी वार्ड, महिला वार्ड, जच्चा-बच्चा वार्ड, इमरजेंसी वार्ड आदि का निरीक्षण किया। जहां व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित पाई गई। साथ ही आकांक्षा कैंटीन में एनआरएलएम समूह की मानती देवी से मुलाकात की तथा साफ-सफाई आदि के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने वन स्टॉप सेंटर गढ़ीवा का निरीक्षण किया, जहां सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित पाई गई। उन्होंने वृद्ध आश्रम का भी निरीक्षण किया। जहां महिला आयोग की सदस्य ने वृद्धजनों से वार्ताकर उनकी समस्याओं को जाना। साथ ही निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों को पटुका व फल का भी वितरण किया।

निरीक्षण के बाद महिला आयोग की सदस्य ने जिला मुख्यालय स्थित डाक बंगला में जनसुनवाई का आयोजन किया। जनसुनवाई में आयोग की सदस्य ने महिलाओं की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदोरिया, प्रिया माथुर, मीनू सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

40 अधिकारी गांवों में उतारा...

# हर घर जल योजना को मिलेगी नई गति, डीएम ने की व्यापक समीक्षा

जन एक्सप्रेस। उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मी बाई सभागार में योजना की प्रगति की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर 40 जिला स्तरीय अधिकारियों को योजना से संतृप्त गांवों में तैनात किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि संबंधित नोडल अधिकारी तकनीकी अधिकारी के साथ गांवों में जाकर पानी समितियों के साथ बैठक करेंगे।

निर्माण कार्यों एवं पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हर घर तक शुद्ध, क्लोरीनयुक्त पानी पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने से मार्गों को नुकसान हुआ था, उनकी मरम्मत करा दी गई है और कितनी सड़क का निर्माण बचा है। उसे भी पूरा करायेंगे, क्षतिग्रस्त सड़कों को उनकी समयबद्ध मरम्मत अनिवार्य रूप से कराई जाए। ताकि ग्रामीणों को कोई असुविधा न हो। पेयजल योजनाओं के परिसर में हेल्प लाइन नंबर आदि लिखा होना चाहिए। गांव के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अंतिम छोर तक पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पानी समितियों को सक्रिय कर जन सहभागिता को बढ़ावा दें। ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं व सुझावों को प्राथमिकता दें। फीडबैक प्रणाली को मजबूत कर योजना के हर पहलू पर बारीकी से नजर रखी जाए। जनपद में जल जीवन मिशन को नई गति और नई दिशा देगा। ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता न केवल जनस्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक समृद्ध और सशक्त गांव की बुनियाद भी है। इस अवसर पर सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, एडीएम (नमामि गंगे) प्रेमचंद मौर्य, उपायुक्त स्वतः रोजगार महेन्द्र चौबे, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीडीओ निशान्त पाण्डेय, उप कृषि निदेशक इसके उत्तम, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अंचल गुप्ता सहित कई अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में अहिल्याबाई होल्कर के विचारों पर चर्चा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुवार को जनपद के सभी ब्लाकों में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा किए गए समाजसेवा के कार्यों पर चर्चा की गई। साथ ही आवास लाभार्थियों को चाबी का वितरण किया गया। सदर ब्लाक सभागार में आयोजित सम्मेलन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन प्रेरणा का जीवंत उदाहरण है। धर्म और कर्म के प्रति उनका समर्पण अनुकरणीय है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई एक कुशल राजनितिज्ञ थी। उन्होंने मंदिरों के जीर्णोद्धार कराकर खण्ड-खण्ड में बंटे भारत को अखण्ड कर भारत का सांस्कृतिक पुनर्जागरण किया। आज का वर्तमान भारत लोकमाता के प्रेरणास्पद विचार पर ही आधारित है। पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा का अभिनव प्रयास करते हुए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने काशी विश्वनाथ से लेकर केदारनाथ तक अनेक मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व और कृतित्व बहुत विराट है। सदर ब्लाक प्रमुख गोमती ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर एक धर्म परायण महिला थी और नीति व नियमन में राज्य प्रथम के भाव से काम करती थी। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन अक्षय प्रेरणास्रोत है। भाजपा नीत केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार अहिल्याबाई होल्कर के बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए नीति व निर्णयों से गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि सभी को मिलकर लोकमाता के जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाए, यहीं उनके लिए हमारी सच्ची श्रद्धांजली होगी। इस दौरान आवास योजना के लाभार्थियों का चाबी सौंपी गई। इस मौक पर मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, मऊ ब्लाक प्रमुख सुशीला वर्मा, कार्यक्रम संयोजक हरिओम, भाजपा नेता मनोज तिवारी, राजेश्वरी द्विवेदी, रवि गुप्ता, ओमप्रकाश मिश्र, बलबीर पाल, प्रेमलाल बाल्मीकि, आशीष पांडेय, दिलीप पटेल, मोनू मिश्रा, हीरो मिश्रा, अखिलेश, अनूप, श्रद्धांशु, अर्चना द्विवेदी, रेखा, मीना, सुनीता, रमिया, यशोदा, आराधना, सुविती, होला, कौशल्या, रमा, विनोद पांडेय, राकेश कोल, आनन्द द्विवेदी आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में मऊ ब्लॉक में पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, मानिकपुर ब्लॉक में पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, पहाड़ी ब्लॉक में रंजना उपाध्याय, रामनगर ब्लॉक में ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्र की अध्यक्षता में सम्मेलन का आयोजन किया गया।

## 10 जून तक किया जाएगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जून के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण 30 मई से 10 जून तक किया जाएगा। कहा कि जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक इस अवधि में अपना खाद्यान्न प्राप्त कर लें। बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अन्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूँ व 21 किग्रा चावल (कुल 35 किग्रा खाद्यान्न) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट दो किग्रा गेहूं तथा तीन किग्रा फोर्टिफाइड चावल (कुल पांच किग्रा. खाद्यान्न) का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि 10 जून होगी। बताया कि आधार प्रमाणीकरण न होने के कारण खाद्यान्न न प्राप्त करने वालों को अंतिम दिन मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया कि कार्डधारकों के बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के बाद तत्काल अनुमन्य मात्रा में राशन सामग्री उपलब्ध करा दें।

# सधारा तथा सरसेला में आयोजित समर कैम्पों में विधार्थियों ने रुचि दिखाई

जन एक्सप्रेस। कालपी

खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत के निर्देश के अनुरूप महेवा विकासखंड के विद्यालयों में संचालित समर कैंपों में कबड्डी, खो-खो, ऊंची दौड़, लंबी दौड़, छिलोर, चिटी धप्पी, छुपा छुपी, कैरम, साँप सीढ़ी, लूडो, शतरंज आदि खेलों का आयोजन कराया गया।विकास खंड के संधारा, बरसेला आदि स्थानों के परिषदीय विद्यालयों में समर कैम्पो में खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि मोबाइल में खेलने इससे मानसिक विकास पर भी असर पड़ रहा है। बच्चे हार को बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं जबकि स्कूलों में और पारंपरिक पारंपरिक खेलों में जीत हार से बच्चों का मानसिक विकास होता है। महेवा ब्लाक के समस्त यूपीएस और कंपोजिट विद्यालयों में खेल गतिविधियों का प्रयोग किया जा रहा है इसी में आज यूपीएस साधारा बाजार में बच्चों को खेल के साथ मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जहां पर शिक्षामित्र ने अपने समस्त छात्राओं को मेहंदी की नई-नई डिजाइन बनाने की प्रतियोगिता रखी थी। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं छात्रों के साथ-साथ छात्रों भी इंडोर गेम में कैरम और लूडो दिए गए, छात्र किशोर ने बताया कि उन्हें और उनके दोस्तो को कैंप में बहुत मजा आया। सरसेला विद्यालय की अनुदेशिक पूनम विश्नोई तथा अरविंद ने कहा समर कैंप के माध्यम से छात्र सुबह-सुबह इन खेल गतिविधियों से अपने शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ा रहे हैं।

## चलते ट्रक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र में राठ मार्ग पर चलते डंपर में अचानक आग लग गई। आग का गोला बनकर दौड़ रहे डंपर को देखकर राहगीरों में हड़कंप मच गया और चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। सतना निवासी चालक अर्जुन पुत्र रामसुख ट्रक चालक था, जो डंपर में सीमेंट की बोरी लादकर मुहाना गांव खाली करने जा रहा था। बताया गया कि तभी गांव के पास पहुंचते ही अचानक चलते-चलते डंपर की केबिन में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और उसमें भीषण आग लग गई। इस दौरान चालक ने डंपर तुरंत रोका और किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। डंपर से आग की लपटें उठतीं देख मौके पर पहुंचे लोगों ने आपसी सहयोग से आग बुझाई और खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौहान ने बताया कि मालिक द्वारा घटना की तहरीर दी गई है।मामले की हर पहलू पर जांच पड़ताल कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## ऑटो ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक सवार घायल

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** उल्टी दिशा में आ रहे ऑटो ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हुए। एक की हालत गंभीर होने पर उसे उच्च संस्थान रेफर किया गया। नगर क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी हरेंद्र व व उनका भतीजा रोहित किसी काम के चलते गुरूवार की सुबह बाइक से उरई जा रहे थे। जब वह अकोढ़ी दुबे के आगे पहंचे। तभी उल्टी दिशा में आ रहे तेज रफ्तार ऑटो चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। ऑटो की टक्कर से चाचा भतीजे बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चाचा को छुट्टी दे दी गई और घायल भतीजे रोहित की हालत को गंभीर देखते हुए उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया।

# क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं का कराएंगे निराकरण: अविनाश

जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट




मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने गुरुवार को मऊ-परदवां मार्ग के चैड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं का प्राथमिकता से निदान कराया जाएगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम में मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि वह लगातार तीन साल से इस मार्ग के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह करते रहे है। जिसके चलते मुख्यमंत्री ने उनका आग्रह स्वीकार किया और यह मार्ग एवं पुल का निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। उन्होंने पूर्व में ही कहा था कि जल्द ही यह मार्ग चैड़ा कराया जाएगा। लोनिवि सहायक अभियंता सर्वेश गुप्ता ने बताया कि मऊ-परदवां मार्ग की कुल लम्बाई 20.05 किमी. है। इस परियोजना की लागत 30.78 करोड़ रूपये है। इस मार्ग को 5.50 मी. चैड़ाई में चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इस मार्ग में पड़ने वाले चार नालों पर पूर्व में ही सेतुओं का निर्माण कार्य चल रहा है एवं बचे हुए तीन पुलों का निर्माण कार्य इस मार्ग के निर्माण के साथ कराया जाएगा। इस मार्ग की कुछ लम्बाई वाला हिस्सा वर्षा ऋतु में पूर्णतया जलमग्न हो जाता है। इन स्थानों पर मार्ग की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी।

इस मौके पर मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, भाजपा नेता रवि त्रिपाठी, युवा नेता जय भारत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# यात्रियों की जान जोखिम में, खतरे से खेलकर करनी पड़ती है यात्रा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जबलपुर डिवीजन अंतर्गत मारकुंडी रेलवे स्टेशन से ट्रेन से आवागमन करने वाले यात्री खतरों से खेल कर यात्रा करने को मजबूर हैं। विगत बुधवार को मारकुंडी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में मालगाड़ी खड़ी इटारसी - छिवकी(11273) व मानिकपुर - सतना मेमू(61610) ट्रेन को मेल लाइन में खड़े किए जाने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। इस स्टेशन में रेलवे ने करोड़ों रुपए खर्च कर फुट ओवर ब्रिज तो बना दिया है लेकिन किसी काम का नहीं है, क्योंकि दोनों प्लेटफार्मों में मालगाड़ी खड़ी हो जाने से यात्री जान जोखिम में डालकर मजबूरी में मालगाड़ी के नीचे से निकलकर ट्रेन में चढ़ते-उतरते हैं।

# जनसमस्याओं का गुणवत्ता के साथ करें निस्तारण: डीएम




जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को कलेक्टरेट स्थित अपने चैंबर में जनसुनवाई का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना। साथ ही समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देश दिए। कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली समस्याओं को शासन की मंशा के अनुरुप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करें। साथ ही भूमि विवाद से संबंधित समस्याओं में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निष्पक्ष जांच कराते हुए निस्तारण कराए। कहा कि समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही समस्या के निस्तारण से सम्बन्धित समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी संतुष्टि मिलनी चाहिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर उपजिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक आदि मौजूद रहे।

## आज होगा संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन

**चित्रकूट।** कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौंग्रेस समिति के निर्देश पर 30 मई शुक्रवार को बस स्टैण्ड कर्वी स्थित केशरवानी धर्मशाला में संविधान बचाओ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी कौंग्रेस पदाधिकारियों से कार्यक्रम में प्रतिभाग करने को कहा है।

## नदी में उतराता मिला युवक का शव, शिनाख्त कराने में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरा शेखपुर में गुरुवार की दोपहर को नदी में मछली पकड़ने वाले लोगों ने एक युवक का शव उतराता हुआ देखा। नदी में शव उतराता देख उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने तत्काल मामले की सूचना ग्रामीणों व पुलिस को दी। घटना की खबर गांव पहुंचते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। वही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैश्य व सीओ शैलेंद्र वाजपेयी ने घटना का निरीक्षण किया और शव को नदी से बाहर निकलवाकर आसपास के ग्रामीणों से उसकी शिनाख्त कराई। लेकिन पुलिस के कड़े प्रयासों के बाद भी शाम तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया और आस पास के इलाकों में उसकी पहचान कराने की कवायद शुरू कर दी।

# महिला आयोग सदस्य ने किया एकाउंटिंग प्रशिक्षण का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने गुरुवार को सदर ब्लाक के शिवरामपुर भांगा स्थित आरसेटी में कंप्यूटर एकाउंटिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। साथ ही महिला सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं व बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया।

कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आपको प्रशिक्षण लेकर घर पर नहीं बैठना है बल्कि सीखे गए हुनर का प्रयोग कर अपना व्यवसाय प्रारंभ कर स्वयं को एवं अपने परिवार को आर्थिक रूप से शशक्त बनाए। एलडीएम अनुराग शर्मा ने महिलाओं से कहा कि रोजगार स्थापित करने में आर्थिक समस्या आने पर आरसेटी से संपर्क कर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से रोजगार ऋण के लिए आवेदन कर सकती है। इस दौरान पूर्व में महिला सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं व बालिकाओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रिंस कुमार ने आरसेटी में निःशुल्क चलाये जा रहे स्वरोजगारपरक प्रशिक्षणों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन आरसेटी के फैकल्टी प्रशांत कुशवाहा ने किया। इस मौके पर आरसेटी निदेशक ओम प्रकाश कुरील, मोहम्मद सलीम खान, गौरव चन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# उरई के राजा पदम शाह बाबा...उर्स का दूसरा व आखिरी दिन, कव्वालों ने बांधा समां

जन एक्सप्रेस। उरई



हजरत पदम शाह बाबा के 45 वें उर्स के मौके पर बुधवार की रात दूसरी व आखरी बज्म में शास्त्रीय लबो लहजा और सूफियाना रंगत का ऐसा संगम देखने को मिला कि जो इससे पहले कभी न देखा गया था। अकीदत की चाशनी में गोते खाने वाले श्रोता इसके आकर्षण में बंधे सुबह तक अपने स्थान पर डटे रहे।

पूना महाराष्ट्र के नौजवान कव्वाल सुल्तान नाजा ने %छोड़ दे लालच साथ न देंगे कब्र में सिमो जर, तेरी किस्मत में लिखा है मिट्टी का बिस्तर, अल्लाह अल्लाह कर ये बंदे अल्लाह अल्लाह कर% से कव्वाली की शुरूआत की। उनकी प्रस्तुति में हल्का शास्त्रीय पुट रहा लेकिन प्रतिद्वंद्वी कव्वाल जुनैद सुल्तानी ने खालिस शास्त्रीय अंदाज और पक्की गायकी प्रस्तुत कर श्रोताओं को झन्ना कर रख दिया। वे विश्व धरोहर शायरों के कलाम के जरिए लोगों के दिलोदिमाग पर छा गये। पहली बार नगर में पधारे उक्त कव्वाल के इतने सफल प्रदर्शन की उम्मीद उर्स कमेटी को भी न थी। उक्त कव्वाल जोड़ी ने %ख्वाजा ए हिंद के वाली, हुसैन जिन्दा बाद, जिन्दा बाद या हुसैन, उरई के राजा पदम शाह बाबा। %यार की मर्जी के ताबे यार का दम भर के देख, सब तमाशे कर चुका ये भी तमाशा करके देख%, %अगर कुछ चाहता है तो खिदमत कर फकीरों की, बला को टाल देती है दुआ रोशन जमीनों की% ने जहां नयी नस्ल को उछलने पर मजबूर किया तो संजीदा तबियत श्रोता आंखें नम किए नजर आये।कार्यक्रम की बिल्कुल आखिरी प्रस्तुति %तेरा आला है दरबार, तेरी ऊंची है सरकार, कर दो नजरे करम सरकार, दम मदार बेड़ा पार% में जुनैद सुल्तानी का आत्म विश्वास लौटता नजर आया। कर्बला के वाक्यात की रुंधे अंदाज में मंजरकशी करके उन्होंने न सिर्फ श्रोताओं का प्यार हासिल किया बल्कि सुल्तान नाजा का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। संचालक रफीउद्दीन पंन्नू ने लफ्जों को तौल-तौल कर बोला और उनका यह अंदाज़ बड़ा प्रभावी रहा। सदर विधायक गौरी शंकर, पूर्व विधायक संतराम सिंह सेंगर, पूर्व चेयरमैन विजय चौधरी ने सबसे पहले फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, हाजी अजहर बेग व अरशद कादरी ने कव्वालो को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। कमेटी के अध्यक्ष आरिफ कादरी, जमाल छोटू, रिजवान मास्टर, चुन्नू, मुन्ना अंसारी, मुन्ना बाबू, मुही आजम, जुबैर आलम, इबादत अली शानू, इरफ़ान मास्टर आदि ने व्यवस्था संभाली। तिलावत का गौरव हाफिज युसूफ कादरी के हिस्से में आया। सारी रात दरगाह शरीफ पर अकीदत की फिजा कायम रही।

# डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड


सतत विकास को प्रोत्साहन

## विश्व पटल पर बन रही देवभूमि उत्तराखण्ड की अलग पहचान







"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों की स्तंभों को मजबूत कर रहा है। यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



"हमारा लक्ष्य उत्तराखण्ड को एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बनाना है। इसके लिए हम जो भी कदम उठा रहे हैं वह इसी लक्ष्य के अनुरूप है। हम सेवा सुशासन और विकास के नए आयाम स्थापित करके हर क्षेत्र में प्रगति सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हम एक मजबूत समृद्ध और सक्षम उत्तराखण्ड के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## निरंतर विकास और समृद्धि पथ पर तीव्र गति से अग्रसर उत्तराखण्ड

**सकारात्मक बदलाव के तीन वर्षों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने पर्यटन, कनेक्टिविटी, शिक्षा, उद्योग और महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। साथ ही, समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए राज्य ने नए मानक स्थापित किए हैं।**

उत्तराखण्ड अपनी प्राकृतिक भव्यता, आध्यात्मिक विरासत और समृद्ध संस्कृति के कारण विश्व का ध्यान आकर्षित करता रहा है। देवभूमि के रूप में विख्यात उत्तराखण्ड देश के दिल में एक अद्वितीय स्थान रखता है। राज्य चारधाम (केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री) सहित कई अन्य प्रतिष्ठित तीर्थस्थलों के लिए भी जाना जाता है। अपनी परंपराओं, इतिहास और जैव विविधता को समेटे हुए उत्तराखण्ड विकास की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता को विस्तार दिया है।

उत्तराखण्ड सरकार ने जहां एक ओर बुनियादी सुविधाओं पर ज्यादा बल दिया है, वहीं दूसरी ओर भविष्य के बुनियादी ढांचे के विकास पर भी पुरजोर प्रयास किए गए हैं, जो समग्र विकास को दर्शाते हैं। इनमें पर्यटन, कनेक्टिविटी, युवा कल्याण, निवेश और महिलाओं को समानता जैसे विषयों पर विशेष बल दिया गया है।

राज्य सरकार ने अपने तीन वर्ष पूर्ण होने पर कई घोषणाएं की, मुख्य घोषणाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण, उपनल और संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण और स्थानीय ठेकेदारों को 10 करोड़ रुपये तक की सरकारी परियोजनाओं का विशेष आबंटन शामिल है।




## उद्योग एवं निवेश को गति

उत्तराखण्ड सरकार ने निवेश आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियों को लागू किया है, जिससे राज्य कारोबार और नवाचार का केंद्र बन गया है। वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलनः वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में 3.56 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 80,000 करोड़ से अधिक के निवेश की ग्राउंडिंग हो चुकी है।

**स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिपः** केंद्र सरकार ने उधम सिंह नगर के खुरपिया फार्म में एक स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप के निर्माण को मंजूरी दी। **एमएसएमई नीतिः** सरकार ने नए औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ उद्यमिता और वित्तीय विकास को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई नीति पेश की।

## डबल इंजन की सरकार - बड़े आयोजन से बनी बड़ी पहचान


इंवेस्टर्स समिट

**उद्यमियों संग आया निवेशः ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, 2023**

राज्य सरकार ने दिनांक 08 व 09 दिसंबर 2023 को उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया, जिसमें उद्यमियों के उत्साह ने निवेश प्रस्तावों की चमकदार तस्वीर सामने रखी। उत्तराखण्ड को लक्ष्य से अधिक 3.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। पीस टू प्रोसपेरिटी की टैगलाइन को वास्तविक रुप से अपनाते हुए सरकार उद्यमियों का भरोसा जीतने में सफल रही। करीब तीस निवेशक अनुकूल नई नीतियों के साथ ये प्रस्ताव धरातल पर उतर रहे हैं और प्रदेश की समृद्धि में भागीदार बन रहे हैं।

**ज्वलंत विषयों पर गहन मंथनः जी-20 सम्मेलन की बैठकें**

जी-20 सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की बैठकों का उत्तराखण्ड में सफल आयोजन किया गया। नरेंद्रनगर-ऋषिकेश और रामनगर में आयोजित इन बैठकों में देश-विदेश के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा हुई। प्रौद्योगिकी, इन्फ्राटेक और डिजिटलीकरण की भूमिका की खोज के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से लेकर बुनियादी ढांचे के लचीलेपन और तेज शहरीकरण और समावेशन जैसे विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

**आयुष की लौः विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं अंतर्राष्ट्रीय एक्सपो**

आयुष गतिविधियों को विश्व स्तर पर विस्तारित करने के उद्देश्य से विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं अंतर्राष्ट्रीय एक्सपो के दसवें संस्करण का उत्तराखण्ड में सफल आयोजन किया गया। 12 से लेकर 15 दिसंबर 2024 तक देहरादून में आयोजित इस कार्यक्रम में 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आयुर्वेद से जुड़े तमाम पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

**उत्तराखण्ड में खेलों का नया अध्यायः 38वें राष्ट्रीय खेल**

देवभूमि को रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अवसर मिला। उत्तराखण्ड ने ना सिर्फ भव्य आयोजन सुनिश्चित किया, बल्कि खेल के मैदान में अपने प्रदर्शन को नई ऊंचाई प्रदान की। दस हजार से ज्यादा खिलाड़ियों ने बेहतरीन आधारभूत ढांचे और उच्चस्तरीय सुविधाओं के बीच खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्तराखण्ड ने पहली बार सबसे ज्यादा 103 पदक जीते और मेडल टेली में सातवां स्थान प्राप्त किया। खेल विकास के दृष्टिकोण से राष्ट्रीय खेल उत्तराखण्ड के लिए मील का पत्थर साबित हुए।

**जड़ों से जुड़ावः अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन**

विभिन्न देशों में रहते हुए व्यापार व अन्य क्षेत्रों में नाम कमाने वाले प्रवासी उत्तराखण्डियों को अपने साथ जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। इस क्रम में 12 जनवरी 2025 को देहरादून में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने राज्य सरकार के साथ मिलकर उत्तराखण्ड में निवेश करने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने का संकल्प लिया।

## डबल इंजन की सरकार
## बड़े निर्णय बड़ा प्रभाव


उत्तराखण्ड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बधाई देते

**समानता की गारंटी** : समान नागरिक संहिता (यूसीसी) - स्वतंत्र भारत के इतिहास में उत्तराखण्ड पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू किया है। समस्त धर्म-समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक कानून का उत्तराखण्ड में प्रावधान है। समाज में बाल विवाह, बहु विवाह, तलाक जैसी सामाजिक कुरीतियों और कुप्रथाओं पर रोक सुनिश्चित होगी। लिव इन रिलेशनशिप के संबंध में पंजीकरण व अन्य व्यवस्थाओं के दूरगामी परिणाम निकलेंगे।

**नारी शक्ति का सम्मान** : 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण - राज्य सरकार ने उत्तराखण्ड की सरकारी नौकरियों में महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण से संबंधित कानून लागू किया गया है। उत्तराखण्ड में महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से इस निर्णय का व्यापक प्रभाव पड़ा है।

**सशक्त भू-कानून** : भूमि के अवैध कारोबार पर प्रहार - उत्तराखण्ड में जमीनों को खुर्द-बुर्द करने की शिकायतों को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने सशक्त भू-कानून लागू करने का निर्णय लिया है। जनभावनाओं के अनुरूप राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था-1950 (संशोधन विधेयक 2025) में जमीन बेचने-खरीदने के लिए कड़े प्रावधान किए हैं। इस भू-कानून के माध्यम से जमीन के अवैध कारोबार पर नकेल कसना संभव होगा।

**पिछले 3 वर्ष के कार्यकाल में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय**

**धर्मांतरण विरोधी कानून** : जोर-जबरदस्ती पर रोक - दबाव बनाकर धर्मांतरण कराने की कोशिशों को हतोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार सख्त कानून लेकर आई है। राज्य सरकार ने उत्तराखण्ड धर्म की स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक-2022 के माध्यम से जबरन या प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तित कराने या करने पर 10 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है। जबरन धर्म परिवर्तन को रोकने में यह कानून सार्थक साबित हो रहा है।

**नकल विरोधी कानून** : पारदर्शी परीक्षा के हक में - राज्य में परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतियोगी परीक्षा अध्यादेश-2023 लागू किया गया है। योग्य युवाओं के पक्ष में लागू किया गया यह कानून बेहद सख्त है, जिसमे नकल करने पर 10 वर्ष तक की कैद और 10 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

**दंगारोधी कानून** : संपत्तियों की सुरक्षा का कवच - दंगा-फसाद और अन्य गतिविधियों के कारण संपत्तियों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सरकार सख्त कानून लेकर आई है। राज्य सरकार ने उत्तराखण्ड लोक और निजी संपत्ति क्षति वसूली कानून लागू किया है। इसके दायरे में सरकारी और निजी दोनों तरह की संपत्ति को रखा गया है। नुकसान करने वालों से ही क्षतिपूर्ति वसूलने की व्यवस्था संपत्तियों को सुरक्षित रखने में मददगार साबित होगी।

**आंदोलनकारियों का मान** : 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण-उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के लिए संघर्ष करने वाले आंदोलनकारियों को सरकार ने सौगात दी है। सरकारी नौकरियों में उनके लिए सरकार ने 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की है। आंदोलनकारियों के सभी आश्रितों को भी क्षैतिज आरक्षण के दायरे में लाया गया है। राज्य आंदोलनकारियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरी कर सरकार ने उनका सम्मान किया है।

## बेहतर कनेक्टिविटी से अर्थव्यवस्था को मिल रहा बल

**रेलमार्ग, राजमार्ग और हवाई मार्ग के क्षेत्र में प्रगति कर उत्तराखण्ड न सिर्फ परिवहन में सुधार कर रहा है, बल्कि यात्रा को आसान बना रहा है। इस तरह से पर्यटन और वित्तीय अवसरों को भी विस्तार मिल रहा है**

**ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजनाः** ऋषिकेश और कर्णप्रयाग के बीच 125 किलोमीटर की ब्रॉड-गेज रेलवे लाइन राज्य के परिवहन बुनियादी ढांचे के विकास के लिए मील का पत्थर है। यह परियोजना तीर्थ स्थलों तक आरामदायक पहुंच को सक्षम बनाने, नए व्यापारिक केंद्रो को जोड़ने और पिछड़े क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक ठोस पहल है। देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग और चमोली से होकर गुजरने वाली यह रेलवे लाइन देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, गौचर और कर्णप्रयाग जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ेगी।

**सुरंग निर्माण में रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धियांः** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग परियोजना में एक उल्लेखनीय उपलब्धि यह है कि मात्र 44.7 महीनों में 25 किलोमीटर न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड से खुदाई पूरी कर ली गई है, जिससे देश में सबसे तेज गति से सुरंग बनाने का नया रिकॉर्ड बना है। परियोजना ने 23 अगस्त, 2022 को एक ही दिन में 107.9 मीटर सुरंग बनाकर विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है।

**दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवेः** 210 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा की अवधि को मौजूदा 5 घंटे से घटाकर 2.5 घंटे कर देगा। यह छह लेन वाला राजमार्ग है, जिसे आठ लेन तक विस्तारित किया जाना है। यह न केवल यातायात की भीड़ को कम करेगा, बल्कि यह आवासीय और रिटेल विस्तार को भी बढ़ावा देगा।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का एक अनोखा पक्ष इसका वाइल्ड लाइफ कोरिडोर है, जो स्थानीय जीवों को बचाने के लिए विकसित किया गया है और यह 12 किमी लंबा एलिवेटेड फ्लाईओवर है।

**हवाई संपर्कः** उड़ान क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत शुरु की गई देहरादून-पिथौरागढ़ उड़ान सेवा ने दोनों शहरों के बीच यात्रा की अवधि को सड़क मार्ग से 12-15 घंटे से घटाकर हवाई मार्ग से केवल 60 मिनट कर दिया है। इस सेवा से कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्रों के बीच संपर्क में सुधार हुआ है, जिससे पर्यटन और वित्तीय गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है।

**रोपवे नेटवर्क को बढ़ावा देनाः**

रोपवे परियोजनाएंः केंद्र सरकार ने गौरीकुंड से केदारनाथ और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोपवे के निर्माण को मंजूरी दी है। इसके अलावा पूर्णागिरी मंदिर रोपवे और काठगोदाम से हनुमानगढ़ी रोपवे परियोजनाएं भी निर्माणाधीन हैं।








## विकसित भारत, सशक्त उत्तराखण्ड

### उल्लेखनीय उपलब्धियांः दिख रहे सकारात्मक बदलाव





एम्स सेटेलाइट सेंटर का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री धामी

उत्तराखण्ड सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे राज्य विकास के आदर्श मॉडल के रूप में बदल गया है।

**सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सूचकांकः** नीति आयोग द्वारा जारी एसडीजी सूचकांक में उत्तराखण्ड देश के पहले स्थान पर है।

**एम्स सैटेलाइट सेंटरः** उधम सिंह नगर में एम्स सैटेलाइट सेंटर का निर्माण किया जा रहा है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**डिजिटल बदलावः** पारदर्शिता और कार्यकुशलता सुनिश्चित करते हुए अपुणि सरकार पोर्टल के माध्यम से 866 से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन किया गया है।

## तीर्थयात्रा और ईको-टूरिज्म को मिल रहा बढ़ावा

देवभूमि के रूप में विख्यात उत्तराखण्ड हमेशा से तीर्थयात्रा और पर्यटन का केंद्र रहा है। राज्य सरकार विभिन्न प्रयासों से यहां पर सुविधाओं को विस्तार दे रही है।

पिछले तीन वर्षों में राज्य सरकार ने पर्यटन और तीर्थयात्रा को प्रोत्साहित करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं, जिससे जहां एक ओर सुविधाओं में बढ़ोतरी हुई है, वहीं, यह राज्य की अर्थव्यवस्था का ठोस आधार भी बन गया है।

**चारधाम यात्रा और शीतकालीन यात्राः** धामी सरकार ने चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड संख्या को सफलतापूर्वक प्रबंधित किया। विशिष्ट पहल के अंतर्गत पहली बार राज्य में शीतकालीन यात्रा की शुरुआत की गई, जिससे तीर्थयात्रियों को ठंड के महीने में भी पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन करने का अनुभव मिला।

**मानसखंड मंदिर माला मिशनः** मानसखंड मंदिर माला मिशन कुमाऊं क्षेत्र के 48 मंदिरों और गुरुद्वारों को जोड़ने वाला एक सर्किट है, जहां पर विकास कार्य चल रहे हैं। हनोल में महासू मंदिर के लिए मास्टर प्लान को भी मंजूरी दे दी गई है, जिससे धार्मिक पर्यटन में भी सुधार होगा। यह प्रयास उत्तराखण्ड को नई पहचान देगा।



उत्तरकाशी के मुखवा की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री धामी व अन्य

**सर्वश्रेष्ठ गांवः** जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को केंद्र सरकार ने सर्वश्रेष्ठ पर्यटक गांव के रूप में मान्यता दी है, जो ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य के समर्पण को दर्शाता है।

**प्रधानमंत्री मोदी का हर्षिल घाटी दौराः**

**उत्तराखण्ड के विकास को बढ़ावा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड के नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर्षिल घाटी और गंगा नदी के मायके मुखवा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बात चाहे वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन जी-20 बैठक की हो या उत्तराखण्ड में यूसीसी कानून के कार्यान्वयन की, राज्य के हर प्रयास में प्रधानमंत्री जी का समर्थन मिलता रहा है। इससे राज्य के विकास में गति मिली है।

उन्होंने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाओं के लिए भी आभार व्यक्त किया, जिनकी लागत क्रमशः 4,081 और 2,730 करोड़ रुपये है। उन्होंने तीर्थयात्रियों की पहुंच और धार्मिक पर्यटन बढ़ाने में उनकी भूमिका पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से शीतकालीन पर्यटन, एड्वेंचर गतिविधियों, नंदा राज जात यात्रा और कुंभ मेले जैसे प्रमुख धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा मिलेगा।


सीएम धामी कॉर्बेट पार्क के दौरे पर

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

## महिला सशक्तिकरण

### समानता के साथ अवसरों का सृजन कर रही सरकार



उत्तराखण्ड सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने और राज्य के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

- **सरकारी नौकरियों में आरक्षणः** सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत और सहकारी प्रबंध समितियों में 33 प्रतिशत लागू किया गया है।
- **लखपति दीदी योजनाः** लखपति दीदी योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है।
- **मुफ्त गैस रिफिल योजनाः** मुख्यमंत्री अंत्योदय मुफ्त गैस रिफिल योजना के तहत लगभग 1.75 लाख जरूरतमंद परिवारों को सलाना 3 सिलेंडर की मुफ्त रिफिल मिल रही है।
- **ड्रोन सखी पहलः** महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे प्रौद्योगिकी और कृषि में नई संभावनाएं पैदा हो रही है।

# दबंगई के बल पर दबंग व्यक्ति न्यायालय में विचाराधीन जमीन पर करवा रहा कब्जा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

### दबंग आरोपी लेखपाल दे रहा धमकियां

आरोपी लेखपाल कुमार बृजेश प्रताप सिंह से जब मीडिया ने सवाल किया तो उनका साफ कहना है मैं सरकारी नौकर हूं जनता का नहीं इतना दम है तो मेरा स्थानांतरण करवा दो, मुझे सस्पेंड करवा दो। रही बात पैसे के लेनदेन की तो सभी अधिकारी इस दायरे में आते हैं उनसे क्यों नहीं जवाब सवाल करते हो। कब्जा दिलवाना मेरा काम है। जिले में जमीन की पैमाइश हो चक मार्ग की माप हो, कागजों पर रिपोर्ट लगाना, सरकारी भूमि खलिहान पर कब्जा पाना हो तो लेखपाल ही काफी अभी तक कोई लेखपाल अपने इस कारनामे की चलते एंटी करप्शन टीम के हवाले भी चढ़ चुके हैं। सस्पेंड होना और बहाल होना उनके लिए कोई मायने नहीं रखता। जिसमें एक नाम मझवारा के लेखपाल कुंवर बृजेश प्रताप सिंह का भी है।

गांव देहात में दबंगई व राजनीति इस कदर बढ़ गई है कि धन के लालच में लेखपाल और प्रधान मोटी रकम के सहारे जमीनों का सौदा कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा मझवारा का आया है। जहां मामला भले ही न्यायालय में विचाराधीन हो दवंगई के बल उसे काबिज कराने का ठेका भी ले रखा है। मामले के अनुसार ग्राम पंचायत मझवारा तहसील बल्दीराय परगना बरौसा निवासी रंण प्रकाश सिंह सुत विशंभर नाथ सिंह ग्राम जज्जौर की भूमि धरी बाग नंबर 2517 रकबा लगभग 11 विश्वा जो देख-रेख के अभाव में जमीन मतरूख हो गयी, जिसका दुरूस्तीकरण का बाद चल रहा है। पीड़ित का कहना है कि मामले की जानकारी प्रधान नवीन सिंह सुत रविंद्र सिंह लेखपाल कुंवर बृजेश प्रताप सिंह को है। रण प्रकाश सिंह के पुत्र वीरेंद्र प्रताप सिंह ने जिला अधिकारी से मिलकर मीडिया को बताया कि लेखपाल कुंवर बृजेश सिंह पिछ्ले चार-पांच वर्षो से लगातार एक ही क्षेत्र में जमा है। जो धन का अनुचित लाभ लेकर अपनी दबंगई पर लेखपाल व प्रधान ऐसी जमीनों का पट्टा कर ऐसे विवादित भूमि पर मनमानी तरीके से निर्माण भी करवा रहा है। जिसका पूर्व में भी मामला न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त जमीनों के दुरूस्तीकरण व पट्टे के निरस्तीकरण का बाद उप जिलाधिकारी सुल्तानपुर के कार्यालय में विचाराधीन है। लेखपाल और प्रधान की मनमानी का यही मामला आरोप यह भी है कि बगल खाते से सटी जमीन तालाब के खाते 1996 में दर्ज है जो लाखों लाख रुपए लेकर बेंच दिया जा रहा है। सबसे मजे की बात तो यह है कि सरकार से बेखौफ होकर बिना स्थलीय निरीक्षण किये ही लेखपाल कुंवर बृजेश प्रताप सिंह ऐसे लोगों को आवासीय पट्टा धारक बनाया है जो बड़े काश्तकार है, तथा ट्रैक्टर ट्राली व दो मंजिला मकान वाले हैं, एक ही परिवार के दो चार लोग हैं उनको भी आवासीय पट्टे का आवंटन कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस जमीन के खेल में लेखपाल व प्रधान मिलकर अब तक करोड़ों रुपए का वारा- न्यारा कर चुके हैं। पीड़ित का साफ तौर पर कहना है कि बर्षो की संजोई स्थाई विरासत पाने में उक्त दवंगो से जान का खतरा बना हुआ है। मामला विचाराधीन होने के दौरान उक्त जमीन कब्जा ना हो शासन व प्रशासन से न्याय दिलाए जाने की दरकार कर कहा है कि लगातार कई वर्षों से एक ही स्थान पर जमे लेखपाल का स्थानांतरण होना अति आवश्यक है।

# पत्नी की पिटाई, बेटी की हत्या की कोशिश, रिश्तों को निगल गई जमीन की भूख

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



कभी रिश्तों को बचाने वाली जमीन, खुद रिश्तों की कब्रगाह बन गई। जनपद के अमेठी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत विशम्भरपुर गांव में एक पिता ने जमीन के लिए पहले अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटा और फिर बेटी का गला रस्सी से दबाकर उसे मौत के घाट उतारने की कोशिश की। यह वारदात जितनी क्रूर है, उससे कहीं अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस पर लापरवाही के आरोप भी लगे हैं। गिरधारी लाल वर्मा जो लंबे समय से शराब के नशे में रहने के लिए कुख्यात हैं, उनकी करतूतों से तंग आकर उनके पिता ने नौ बिस्वा जमीन बहू रन्नो देवी के नाम कर दी थी। बस यहीं से शुरू हुई लोभ, हिंसा और दरिंदगी की कहानी। मंगलवार की शाम गिरधारी ने घर में जमीन बेचने की बात छेड़ी। पत्नी के विरोध करने पर उसने लाठी-डंडों से उसे पीटना शुरू कर दिया।उनकी बेटी मीना ने बीच-बचाव किया तो उस पर गिरधारी ने रस्सी से हमला कर दिया। उसका गला दबाकर मारने की कोशिश की।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बेटी मदद के लिए चिल्ला रही है। और गिरधारी उसे दबोच कर गला घोंटने की कोशिश कर रहा है। गनीमत रही कि मोहल्ले वालों की दखल से मीना की जान बच गई। इस दिल दहला देने वाली घटना की शिकायत लेकर पीड़िता का दामाद जब अमेठी कोतवाली पहुंचा,तो उम्मीद के उलट,उसे ही पुलिस ने थाने में बैठा लिया। इंस्पेक्टर रवि सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में है,और मौके पर डायल 112 भेजी गई थी।जांच की जा रही है।

# आज़ादी के 75 साल बाद भी बिजली नहीं, 500 मीटर दूर खंभा, गांव में जलती ढिबरी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जब देश 21वीं सदी में डिजिटल इंडिया की बात करता है, अंतरिक्ष में नए कीर्तिमान रचता है और 'हर घर बिजली' के दावे करता है, तब जिले के पूरे शहीदन मर्दानपुर गांव की हकीकत इन दावों को आइना दिखाती है। गांव से महज 500 मीटर की दूरी पर बिजली का खंभा खड़ा है, लेकिन गांव आज भी अंधेरे में जीने को मजबूर है। अब तक इस गांव को बिजली कनेक्शन नहीं मिल सका।गांव के निवासी बताते हैं कि बिना बिजली के जिंदगी एक संघर्ष बन गई है। गर्मी में बच्चे रात को ठीक से सो नहीं पाते, पढ़ाई का तो सवाल ही नहीं। ऊपर से राशन की दुकान से केरोसिन भी नहीं मिल रहा है। तेजराम, राम लोटन, राजकुमारी आदि गांव के कई लोग बताते हैं कि हर बरसात में ढिबरी बुझती है, सर्दी में कोहरा होता है,गर्मी में गर्मी झुलसाती है, लेकिन बिजली कभी रोशनी नहीं लाती। प्रधानमंत्री की 'सौभाग्य योजना' और हर घर तक बिजली पहुंचाने के वादे के बीच मर्दानपुर अब भी लिस्ट से गायब है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने कभी सुध नहीं ली। बिजली न होने का असर गांव की स्वास्थ्य सेवाओं और स्कूली बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ा है। रात में इमरजेंसी में कोई बीमार पड़ जाए, तो टॉर्च और मोबाइल की रोशनी ही सहारा बनती है। वो भी अगर किसी दूसरे गांव में मोबाइल चार्ज हो पाया तो। गांव के एक बुजुर्ग ने व्यंग्य करते हुए कहा कि बिजली के खंभे को रोज़ देखते हैं, जैसे शहर वाले मॉल देखते हैं। दूर से चमकता है, लेकिन हमारे लिए नहीं। गांव वालों ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द गांव में बिजली की सुविधा सुनिश्चित कराई जाए, ताकि वे भी देश के विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

# महिलाओं के यौन उत्पीड़न विषय पर विशेष विधिक साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के द्वारा महिलाओं के हितार्थ संरक्षण कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन फिरोज गाँधी इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्जीनियरिंग टेक्नालॉजी, रायबरेली में किया गया। संस्थान के एम0सी0ए0, बी0सी0ए0 एवं बी0एस0सी छात्र-छात्राओं द्वारा भी उक्त अधिनियम के अन्तर्गत विस्तृत रुप से अपने विचार व्यक्त किये गये। विशेष रुप से महिला छात्रों द्वारा कार्यस्थल पर होने वाले यौन उत्पीड़न सम्बन्धी चिन्ताओं को भी अपने वक्तव्यों में भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता शैलजा सिंह, रायबरेली उपस्थित महिलाओं को कार्यस्थल पर पर होने वाली यौन उत्पीड़न की घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया गया। पैनल अधिवक्ता द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013 के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त महिलाओं हेतु संचालित महिला हेल्प लाइन नं0 181 व महिलाओं हेतु संचालित केन्द्रो के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनुपम शौर्य, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के द्वारा बताया गया कि जीवन एक अनुशासन है बिना अनुशासन के कुछ नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य 1997 मामले में एक ऐतिहासिक निर्णय में जारी विशाखा दिशा-निर्देश के सम्बन्ध में उपस्थित लोगों को जानकारी प्रदान की गयी। यह भी बताया गया कि लगभग 15 वर्षों बाद सामाजिक चेतना से जागरुक होने के उपरांत विधि विशेषज्ञों द्वारा मथंन उपरात कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधनियम 2013 संसद द्वारा पास किया गया। जो अधिसूचना के




रुप में दिनांक 09 दिसम्बर 2013 को जारी किये जाने के उपरांत लागू हुआ। इस अवसर पर महिलाओं के विधिक अधिकार विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि महिलाओं को संरक्षण प्रदान करने के लिए और कार्यस्थल पर उसके अधिकारों की रक्षा करने के लिए महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 अधिनियमित किया गया है। सचिव द्वारा बताया गया कि PoSH अधिनियम यौन उत्पीड़न को परिभाषित करता है जिसमें शारीरिक संपर्क और यौन प्रस्ताव, यौन अनुग्रह के लिये मांग या अनुरोध, अश्लील टिप्पणी करना, अश्लील चित्र दिखाना तथा किसी भी अन्य अवांछित शारीरिक, मौखिक या गैर-मौखिक व्यवहार जैसे अवांछित कार्य शामिल हैं। PoSH अधिनियम 2013 में भारत सरकार द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं द्वारा सामना किये जाने वाले यौन उत्पीड़न के मुद्दे को हल करने के लिये बनाया गया एक कानून है। इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिये एक सुरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण बनाना तथा उन्हें यौन उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना है। अधिनियम के अन्तर्गत कार्य स्थल को भी विस्तृत रुप से पारिभाषित किया गया है। जिसमें परंपरागत कार्य क्षेत्र को न मानते हुए कार्यालय कार्य के लिए प्रयोग होने वाली टैक्सी, कान्फ्रेंस/वर्कशॉप स्थल जो सामान्यतया मुख्य कार्यालय से दूर होते है, को भी तथा रहने वाले घर को जहाँ घरेलू सेवक कार्य करते है को भी कार्यस्थल माना गया है। सचिव द्वारा उक्त प्रकरण में विभागीय जाँच की बारीकियों के सम्बन्ध में भी विधिवत रुप से अवगत कराया गया। उक्त अधिनियम के अन्तर्गत आन्तरिक समिति के द्वारा दी गयी संस्तुतियों के अनुपालन न करने पर एवं अधिनियम के अन्य प्रावधानों के अनुपालन न करने पर व संस्थानों द्वारा आन्तरिक समिति गठित न करने पर मु0 50 हजार रुपये जुर्माना अदा करने के प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। उक्त अधिनियम के अन्तर्गत जाँच एवं उसकी अपील की समयसीमा के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। डा0 मनीष सक्सेना, डायरेक्टर, फिरोज गाँधी इन्जीनियरिंग कालेज, रायबरेली द्वारा कार्यस्थल पर आचार संहिता विषय के सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के उपरांत प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विनोद दोहरे निदेशक व पराविधिक स्वयं सेवक पूनम सिंह, सौम्या मिश्रा, मनोज कुमार प्रजापति व पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डा0 आरती श्रीवास्तव के द्वारा किया गया व धन्यवाद ज्ञापन डा0 शलिनी सिंह के द्वारा किया गया।

# घटिया सड़क निर्माण का विरोध करने पर एफआईआर और हत्या की धमकी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



लोकतंत्र में नागरिकों को बोलने और गलत के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार है,लेकिन जब सच बोलना ही सज़ा बन जाए,तो सवाल उठना लाज़मी है।ऐसा ही एक मामला जिले के तिलोई विधानसभा क्षेत्र से सामने आया है।जहां एक व्यक्ति द्वारा घटिया सड़क निर्माण की शिकायत करने पर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनखेरा हैदरगढ़ से सेमरौता तक लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है।हाल ही में बनी सड़क परत दर परत उखड़ने लगी है। जिससे यह स्पष्ट है कि निर्माण मानकों की खुलेआम अनदेखी की गई है। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने पर एक सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और विभागीय कर्मचारियों से फोन पर संपर्क कर शिकायत की। कर्मचारियों ने उनसे वीडियो बनाकर भेजने को कहा ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। कार्यकर्ता ने पूरी स्थिति का वीडियो बनाकर संबंधित कर्मचारी को व्यक्तिगत रूप से भेज दिया। लेकिन इसके कुछ ही देर बाद घटनाक्रम ने गंभीर मोड़ ले लिया। शिकायत करने वाले व्यक्ति को उसी कर्मचारी द्वारा एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी गई। और फिर कुछ ही देर में नीरज नामक व्यक्ति,जो खुद को निर्माण फर्म का साइट इंजीनियर बताता है,ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी।इसके अलावा ठेकेदार और इंजीनियर की ओर से उन्हें हत्या की धमकी भी दी गई। शिकायतकर्ता की मांग है कि घटिया सड़क निर्माण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, उनके खिलाफ दर्ज की गई फर्जी एफआईआर को रद्द किया जाए,उन्हें और उनके परिवार को जान-माल की सुरक्षा प्रदान की जाए।उन्होंने यह भी कहा कि यदि भविष्य में उनके साथ कोई भी अप्रिय घटना घटती है,तो उसकी पूरी जिम्मेदारी सड़क निर्माण से जुड़े ठेकेदार, इंजीनियर और पी डब्लू डी विभाग के कर्मचारियों की होगी।यह मामला एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या वास्तव में आम आदमी को लोकतंत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की स्वतंत्रता है? या फिर यह अधिकार सिर्फ़ कागज़ों तक सीमित रह गया है?

# रायबरेली में गरीब महिलाओं को मिला रोजगार का जरिया: ईशानी सामाजिक सेवा संस्थान ने दिया सिलाई प्रशिक्षण और किट

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** के अमर नगर स्थित ईशानी सामाजिक सेवा संस्थान के हस्तकला प्रशिक्षण केंद्र में सिलाई किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष मोनू गुप्ता और व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष पंकज साहू ने प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को सिलाई किट प्रदान किए।

प्रत्येक किट में सिलाई के लिए आवश्यक सामग्री जैसे सुई, धागा, कैंची, इंची टेप, पेंसिल, चॉक, स्केल और फाइल शामिल की गई। संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और युवतियों को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण के साथ-साथ सिलाई सामग्री भी उपलब्ध करा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोनू गुप्ता और पंकज साहू ने संस्था को सिलाई प्रशिक्षण के लिए कपड़े देने का आश्वासन दिया। संस्थान की अध्यक्ष अर्पण वर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर ब्यूटीशियन कोर्स की प्रशिक्षार्थी रीता श्रीवास्तव भी उपस्थित थीं।

# लता चौक बना रीलबाजों का अड्डा, अभद्र डांस करके रामनगरी की मर्यादा कर रहे तार-तार

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



अयोध्या का लता चौक इन दिनों रीलबाजों का अड्डा बना हुआ है। यहां रीलबाज अभद्र डांस करके रामनगरी की मर्यादा को तार-तार कर रहे हैं। अब एक महिला का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह लता चौक पर अभद्र डांस करते हुए देखी जा सकती है। रामनगरी अयोध्या का लता मंगेशकर चौक रीलबाजों के लिए एक अड्डा बन गया है। यहां का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि लता चौक पर एक महिला अभद्र डांस कर रही है। यहां आए दिन रीलबाज सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए रील बनाने पहुंचते हैं। रील बनाने वाले अभद्र डांस करके अयोध्या की गरिमा को गिरा रहे हैं। नयाघाट चौकी के ठीक सामने इस तरह अभद्र डांस करके वीडियो शूट किया जाता है। इससे रीलबाज रामनगरी की मर्यादा को तार-तार कर रहे हैं। वहीं पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। लता मंगेशकर चौक पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सेल्फी ले चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लता मंगेशकर चौक से अयोध्या की आभा को निहारा है। अयोध्या आने वाले लोगों के लिए लता मंगेशकर चौक आकर्षण का केंद्र है। यह अयोध्या के सौंदर्य को चार चांद लगाता है। लता मंगेशकर चौक के पास ही पुलिस पिकेट की भी ड्यूटी लगी होती है। इसके बावजूद लता मंगेशकर चौक पर वीणा के पास महिला खड़ी होकर अभद्र डांस कर रही है। यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# उगेंगे 'अटल वन' और 'एकता वन': 44 लाख पेड़ लगाने की योजना, हरियाली से जुड़ेंगे महापुरुषों के नाम

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनपद में एक ऐतिहासिक पहल होने जा रही है। जिले को हरा-भरा बनाने की योजना के तहत महापुरुषों के नाम पर विशेष वन क्षेत्रों का निर्माण किया जाएगा। यह न केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य होगा, बल्कि देश की महान विभूतियों को भी सम्मान देने का अनोखा तरीका होगा। वन विभाग ने इन योजनाओं के लिए ज़मीनों का चिन्हांकन पूरा कर लिया है। आने वाले दिनों में अमेठी की धरती पर **अटल वन** और **एकता वन** जैसे नए पर्यावरणीय स्थल नजर आएंगे।इस पहल के तहत जिन महापुरुषों के नाम पर वन क्षेत्रों का निर्माण होगा, उनमें प्रमुख हैं:- **अटल वन:** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती पर समर्पित। एकता वन, सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित। इसके अलावा शौर्य वन ऑक्सी वन, एकलव्य वन और त्रिवेणी वन भी प्रस्तावित हैं,जो देश की संस्कृति वीरता और पर्यावरणीय संतुलन को समर्पित होंगे। जिले में इसवर्ष कुल 44 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से 20 लाख पौधे वन विभाग लगाएगा। जबकि शेष 24 लाख पौधों की जिम्मेदारी अन्य विभागों को दी गई है। यह अभियान मानसून से पहले शुरू किया जाएगा ताकि पौधों को प्राकृतिक रूप से पानी मिल सके और उनका जीवित रहना सुनिश्चित हो। **डीएफओ रणवीर मिश्र ने बताया कि** शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चिन्हित स्थानों पर पौधारोपण की प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू होगी। यह केवल पौधे लगाने का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा भविष्य तैयार करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि हर पेड़ स्मारक बनेगा। इन विशेष वनों का उद्देश्य केवल पर्यावरण सुधार नहीं है,बल्कि नागरिकों को प्रेरित करना भी है कि वे महापुरुषों के विचारों और योगदान को याद रखें और उनसे प्रेरणा लें।यह हरियाली का अभियान अमेठी को एक नई पहचान देने जा रहा है। जहाँ प्रकृति और परंपरा एक साथ साँस लेंगी।

# महिला सशक्तिकरण को लेकर आयोजित हुई महिला सभा

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**

विकास खंड सिंहपुर के तत्वावधान में महिला सभा एवं प्रेरणा बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और संगठित बनाना था। कार्यक्रम में सहाय्यक मिशन प्रबंधक द्वारा महिला समूहों की भागीदारी को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कई कोऑर्डिनेटर, स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं तथा क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बृजमोहन सिंह ब्लॉक मिशन मैनेजर द्वारा महिला समूहों के कार्यों की सराहना की गई। कंचन पाल समूह को उनके उत्कृष्ट सामुदायिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।और महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महिला समूहों द्वारा प्रदर्शित लोकल उत्पादों एवं सफलताओं को भी साझा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को प्रेरित करना था कि वे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनें बल्कि समाज में अपनी पहचान भी स्थापित करें। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की भूमिका अब केवल घरेलू सीमाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए,बल्कि उन्हें विकास की मुख्यधारा से जुड़ना चाहिए।

# महाप्रबंधक ने किया नवनिर्मित शेल स्टोर का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में 28 मई 2025 को नवनिर्मित शेल स्टोर का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। आरेडिका की स्थापना 1000 कोच निर्माण की क्षमता के साथ की गई थी, लेकिन वर्तमान में इसकी निर्माण क्षमता में लगातार वृद्धि हो रही है। इसी कारण उत्पादन को गति देने हेतु अवसंरचना के विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिससे कोच निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का समुचित भंडारण और रख-रखाव किया जा सके।

शेल डिपो की सामग्री को व्यवस्थित रूप से संग्रहीत करने हेतु लंबे समय से अतिरिक्त 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के शेल स्टोर की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अभियांत्रिकी विभाग एवं स्टोर विभाग के संयुक्त प्रयासों से नये शेल स्टोर का निर्माण किया गया। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने इसे अवसंरचना विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल कोच निर्माण की प्रक्रिया में तेजी आएगी, बल्कि अतिरिक्त सामग्री प्रबंधन में भी सुविधा मिलेगी। महाप्रबंधक ने स्टोर के आसपास के क्षेत्र को भी विकसित कर स्टोर विभाग को सौंपे जाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल ने बताया कि इस शेल स्टोर के निर्माण से बोगी एवं शेल से संबंधित बड़े आकार की वस्तुओं का सुरक्षित भंडारण संभव हो सकेगा। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए महाप्रबंधक ने अभियांत्रिकी विभाग और स्टोर विभाग को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ अतुल प्रियदर्शी, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिन्दल, प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, पीसीएससी रमेश चन्द्र, स्टोर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी जन संपर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

# प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम दरबार की मूर्तियां तैयार

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या** के राम जन्मभूमि मंदिर में पांच जून को होने वाले राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पांच जून को सुबह 11:25 से 11:40 के बीच सभी आठ मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा का समय और मुहूर्त निश्चित हुआ है। राम दरबार के मूर्तिकार सत्यनारायण ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए साढ़े चार फीट का राम दरबार निर्मित किया गया है। इसी के अनुसार प्रभु श्रीराम, माता सीता, भगवान सूर्य, मां दूर्गा, हनुमान जी, सप्त ऋषि, भरत, शत्रुघ्न, भारत मां व अन्नपूर्णा जी की मूर्तियों का निर्माण किया गया है। भगवान श्रीराम व सीताजी की प्रतिमा का निर्माण एक खास तरह के पत्थर से किया गया है जबकि अन्य मूर्तियों का निर्माण दूसरे पत्थरों से किया गया है। बता दें कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इसके लिए 3 जून से अनुष्ठान प्रारंभ कर दिए जाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा के लिए पांच जून को केवल 15 मिनट का शुभ मुहूर्त निकाला गया है। इससे पहले सुबह 2:30 घंटे तक पूजन अनुष्ठान होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ होगा। इसी दिन यज्ञ मंडप की भी पूजा होगी।



### भांग रगड़ने से मना करने पर महिला की...

भांग रगड़ने से मना करने पर दो नशेड़ियों ने महिला पर चाकुओं से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। एसपी ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से घटना की... पढ़ें पेज 07 पर...

# लूट के बाद मुठभेड़ : एक लुटेरा गोली लगने से घायल, दूसरा फरार

- कंडक्टर को बनाया निशाना, बस अड्डे पर मचाई दहशत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बुधवार देर रात आलमबाग बस स्टेशन पर उस समय हड़कंप मच गया जब दो बदमाशों ने एक बस कंडक्टर को तमंचा दिखाकर लूट लिया। भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस दुस्साहसिक वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी। बदमाशों ने कंडक्टर से नकदी और मोबाइल छीनते वक्त खुलेआम धमकी दी- चुपचाप सब दे दे, वरना यहीं ठोंक देंगे। यह पूरी वारदात कुछ ही मिनटों में अंजाम दी गई, जिससे आम लोगों में दहशत फैल गई।

### पुलिस की फुर्ती से शुरू हुआ पीछा, लुटेरों को घेरा

घटना की जानकारी मिलते ही थाना आलमबाग पुलिस ने बिना देरी किए घेराबंदी की। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने इलाके को चारों ओर से घेर लिया और चेकिंग अभियान तेज कर दिया। पुलिस को देखकर



लुटेरे भागने लगे, लेकिन जवाबी घेराबंदी ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद शुरू हुई आमने-सामने की मुठभेड़।

### घटनास्थल से बरामद हुआ असलहा और कारतूस

मुठभेड़ के बाद की गई तलाशी में पुलिस ने एक देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस और लूटी गई रकम बरामद की है। यह बरामदगी इस बात का साफ संकेत देती है कि बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

### मुठभेड़ में एक लुटेरा गोली लगने से घायल, मौके से दबोचा गया

लुटेरों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी मोर्चा संभालते हुए गोलियां चलाईं। मुठभेड़ के दौरान एक गोली लुटेरे गौरव के पैर में जा लगी। घायल होने के बावजूद वह भागने की कोशिश करता रहा, लेकिन पुलिस की पकड़ से बच नहीं सका। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### साथी लुटेरा शुभम उर्फ शिवम मौके से फरार, तलाश जारी

गौरव के साथ मौजूद उसका साथी शुभम उर्फ शिवम मुठभेड़ की अफरा-तफरी में अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि वह भी एक शातिर बदमाश है और पहले से कई आपराधिक मामलों में वांछित है। उसकी तलाश में कई टीमें बनाई गई हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।



### एसएचओ सुभाष चंद्र की दो टूक चेतावनी या गोली खाओ या जेल जाओ

थाना आलमबाग के प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, अब लखनऊ में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं बची है। जो भी कानून से टकराएगा, उसे गोली मिलेगी या जेल की सलाखें। माफिया, लुटेरे, चोर - चाहे कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा। एसएचओ सुभाष चंद्र ने आगे कहा कि लखनऊ पुलिस अब अपराधियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### फरार बदमाश के लिए शहर में अलर्ट, सभी सीमाएं सील

फरार शुभम की गिरफ्तारी के लिए लखनऊ पुलिस ने बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, और सीमावर्ती इलाकों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और संदिग्धों से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। पुलिस की कोशिश है कि कोई भी बदमाश कानून के शिकंजे से बच न पाए।

### इलाके में दहशत, लेकिन पुलिस कार्रवाई से जनता में विश्वास

घटना के बाद इलाके में लोगों में भय का माहौल है, लेकिन पुलिस की तेज और साहसी कार्रवाई से जनता ने राहत की सांस ली है। आमजन ने पुलिस के इस त्वरित एक्शन की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि ऐसे ही अपराधियों को सबक सिखाया जाता रहेगा। लखनऊ की सड़कों पर अब लुटेरों के लिए कोई जगह नहीं। आलमबाग में सुभाष चंद्र के नेतृत्व में पुलिस की जवाबी कार्रवाई ने साफ कर दिया है - अपराधी अब या तो जेल जाएंगे, या स्ट्रेचर पर अस्पताल पहुंचेंगे। लखनऊ पुलिस का संदेश साफ है - अब कानून तोड़ोगे, तो सीधे सीने पर गोली पड़ेगी।

# उत्तर प्रदेश में पांच आईपीएस अधिकारियों के तबादले

## गोरखपुर रेंज के डीआईजी आनंद कुलकर्णी हटाए गए, एस. चिनप्पा को मिला जिम्मा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

योगी सरकार ने पुलिस प्रशासन में बड़ा फेरबदल करते हुए पाँच आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। गोरखपुर, बस्ती और वाराणसी रेंज सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर नए अधिकारियों की तैनाती की गई है।

**प्रशासनिक सख्ती और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में उठाया गया कदम**

राज्य सरकार द्वारा यह फेरबदल कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। खास तौर पर पूर्वांचल के महत्वपूर्ण जिलों में सशक्त और अनुभवी अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर यह निर्णय लिया गया है। इस प्रशासनिक बदलाव को आगामी चुनावी तैयारियों, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन के दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है।

### तबादलों की प्रमुख बातें

- आनंद सुरेश्वर राव कुलकर्णी, डीआईजी गोरखपुर रेंज को हटाकर उन्हें डीआईजी टेक्निकल सर्विसेज के पद पर स्थानांतरित किया गया है।
- एस. चिनप्पा को नया डीआईजी, गोरखपुर रेंज नियुक्त किया गया है। वे अब गोरखपुर क्षेत्र की कानून व्यवस्था की कमान संभालेंगे।
- दिनेश कुमार पी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए रिलीव किया गया है।
- संजीव त्यागी, जिन्हें हाल ही में आगरा कमिश्नरेट से हटाया गया था, को अब डीआईजी, बस्ती रेंज बनाया गया है।
- शिव हरि मीणा को एडिशनल पुलिस कमिश्नर, वाराणसी नियुक्त किया गया है।

# आम के बाग में झूलती जिंदगी

## संदिग्ध हालातों में युवक ने दी जान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

गाँव की गलियों में सन्नाटा पसरा है, हर चेहरा प्रश्नवाचक है और हर मन बोझिल। आम की उस बाग में, जहाँ कभी बच्चों की किलकारियाँ गूंजती थीं, अब शोक का साया छा गया है। गाँव के एक होनहार युवक सुधीर कुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

### गाँव में पसरा मातम

रुदान खेड़ा गाँव निवासी करीब 28 वर्षीय सुधीर कुमार की आत्महत्या की खबर से पूरे गाँव में शोक की लहर दौड़ गई। आम की बाग में लगे पेड़ से लटकता सुधीर का शव देखकर ग्रामीण स्तब्ध रह गए।

### पुलिस पहुँची मौके पर, शव भेजा गया पोस्टमार्टम के लिए

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची। शव को कब्जे में लेकर मर्च्युरी भिजवाया गया है।



पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हाल ही में लौटा था गाँव

स्थानीय लोगों के अनुसार सुधीर बाहर किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता था और कुछ दिन पहले ही गाँव लौटा था। उसके व्यवहार में किसी प्रकार की परेशानी या तनाव के लक्षण नहीं दिखे थे।

### कोई सुसाइड नोट नहीं मिला

पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक के परिजनों का कहना है कि वह बिल्कुल सामान्य था, और किसी तरह की घरेलू कलह या मानसिक तनाव की जानकारी उन्हें नहीं है।

### जांच जारी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार

प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि घटनास्थल की बारीकी से जाँच की जा रही है। फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी, जिसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सवाल और शोकाकुल परिवार

सुधीर के जाने से परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है। माँ की आँखों से आँसू रुक नहीं रहे, पिता खामोश हैं, और पूरा गाँव स्तब्ध है। हर कोई यही सवाल कर रहा है – आखिर सुधीर ने ऐसा क्यों किया?

# अनकही विदाई: हादसे में गई एक जान, एक जिंदगी ज़ख्मी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बुधवार की रात एक दर्दनाक मंजर बनकर सामने आई, जब अज्ञात वाहन ने तीन युवकों की जिंदगी को झकझोर कर रख दिया। राजाखेड़ा से अपने गांव धुंधपुर लौट रहे तीन दोस्त–गोविंद (20), रंजीत (19) और राममिलन–अपनी बाइक (UP32/GE 2537) से जैसे ही सालेहनगर पुलिया के पास पहुंचे, किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सवार ज़मीन पर जा गिरे।

### ज़ख़्मी उम्मीदें, टूटी साँसें

हादसे में गोविंद और रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से तत्काल 108 एंबुलेंस बुलाई गई और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया। सीएचसी में डॉक्टरों ने गोविंद की हालत को देखते हुए उसे तुरंत ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन नियति को कुछ और ही मंज़ूर था– रास्ते में ही गोविंद ने दम तोड़ दिया। एक होनहार युवा, जिसने अभी ज़िंदगी की राह पर चलना शुरू ही किया था, असमय हम सबको अलविदा कह गया।

### परिवार पर टूटा दुख का पहाड़

धुंधपुर गांव के रहने वाले गोविंद के असामयिक निधन की खबर जैसे ही घर पहुंची, पूरे गांव में मातम पसर गया। परिजनों की चीख-पुकार ने हर किसी का कलेजा चीर दिया। गांव के लोग स्तब्ध हैं—कल तक जो गोविंद खेतों में मेहनत करता, हँसते-खेलते दोस्तों संग वक्त बिताता था, आज वह पंचतत्व में विलीन हो गया।

### पुलिस की कार्रवाई

अतरौली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि मृतक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अज्ञात वाहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच जारी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि दोषी को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

### एक सवाल—कब थमेंगे ये हादसे?

हर दिन देश की सड़कों पर कोई न कोई जिंदगी असमय खत्म हो रही है। लापरवाह वाहन चालकों की वजह से मासूम ज़िंदगियाँ यूं ही उजड़ जाती हैं। गोविंद की मौत सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि एक परिवार की पूरी दुनिया उजड़ने की कहानी है। अब ज़रूरत है सख्त कानूनों की, जागरूकता की और जिम्मेदार ड्राइविंग की।

### अंतिम विदाई

गुरुवार को गोविंद का अंतिम संस्कार गांव में नम आँखों के साथ किया गया। सैकड़ों ग्रामीणों ने इस होनहार बेटे को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। पूरे गांव में शोक की लहर है, और हर कोई बस यही सवाल कर रहा है– गोविंद अब क्यों नहीं है?

# लूलू मॉल के पास 4 घंटे जाम लगने पर एसआई समेत 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में लुलु मॉल के पास शहीद पथ पर गुरुवार सुबह भीषण सड़क हादसे और उसके परिणामस्वरूप लगे चार घंटे के लंबे जाम के बाद, ड्यूटी पर तैनात एक उपनिरीक्षक (स्ढ्ढ) सहित चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इन पर घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को न देने और यातायात व्यवस्था को सामान्य करने में लापरवाही बरतने का आरोप है।घटना गुरुवार सुबह की है जब लुलु मॉल के पास शहीद पथ पर एक ओवरलोड गिट्टी से भरा डंपर दूसरे डंपर से टकरा गया। चालक की लापरवाही के कारण हुए इस हादसे में डंपर सड़क के बीचोंबीच फंस गया, जिससे VVIP मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। सुबह 10 बजे के बाद ही दुर्घटनाग्रस्त डंपर को सड़क से हटाया जा सका, जिसके बाद यातायात सामान्य हो पाया। इस दौरान, सैकड़ों वाहन चालक और यात्री घंटों जाम में फंसे रहे, जिससे उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

### वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी सूचना, हुई कार्रवाई

बताया जा रहा है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने इस गंभीर घटना और उससे उत्पन्न हुई यातायात समस्या की सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी। इस घोर लापरवाही को देखते हुए तत्काल प्रभाव से चार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में अवध विहार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विपिन कुमार, रात्रिधिकारी उपनिरीक्षक राम सिंह, पॉलीगॉन के उपनिरीक्षक अंकुर और आरक्षी जय सिंह शामिल हैं। ये सभी पुलिसकर्मी थाना सुशांत गोल्फ सिटी में तैनात थे, जहां इस मामले में केस भी दर्ज किया गया है।

# लखनऊ में लगी अहिल्याबाई होल्कर प्रदर्शनी

- बीएल संतोष बोले, देश को देश बनाने में उनका बड़ा योगदान, योगी ने कहा, पीएम बढ़ा रहे उनकी परंपरा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के हजरतगंज स्थित जीपीओ में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के मौके पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उनके जीवन और योगदान को राष्ट्रव्यापी स्मरण का विषय बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इसमें शामिल हुए। वहीं बीएल संतोष ने कहा, प्रदर्शनी स्वयं विद्या है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन के बारे में बताना एक बड़ी बात है। उनके जन्म को 300 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इंदौर से दूर उनके साम्राज्य के बावजूद पूरे देश में उनके योगदान को याद किया जाना जरूरी है। वहीं बी.एल. संतोष ने कहा कि देश को देश बनाने में जिन महान लोगों का योगदान रहा है, उनमें अहिल्याबाई होल्कर भी शामिल हैं। उन्होंने महिलाओं को शासन में शामिल करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, जब हम महिलाओं की सहभागिता की बात करते हैं तो यह कोई आज की बात नहीं है। तीन सौ साल पहले भी अहिल्याबाई जैसे उदाहरण मौजूद थे। शासन, युद्ध और जनकल्याण में उनकी सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने बताया कि भाजपा उनके जीवन और कार्यों को आमजन तक पहुंचाने के लिए एक बड़ा अभियान चला रही है। आठ वर्ष की आयु में विवाह, 70 वर्ष का जीवन, अनगिनत युद्ध और सभी में विजय। यह अद्भुत प्रेरणादायक है। वहीं योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इतिहास अतीत का नहीं, वर्तमान और भविष्य की प्रेरणा का स्रोत होता है। अतीत को वर्तमान का दर्पण कहा गया है। यह प्रदर्शनी हमें यह बताती है कि कैसे अहिल्याबाई होल्कर ने एक आदर्श शासन प्रणाली दी। सीएम योगी ने कहा कि अहिल्याबाई का शासन मालवा तक सीमित नहीं था। उन्होंने शासन, सुरक्षा और सुव्यवस्था का एक ऐसा मॉडल तैयार किया, जिसे आज भी उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऐसे ही आदर्शों को आगे बढ़ाने का काम युद्ध स्तर पर किया है।



### नए भारत का निर्माण उन्हीं आदर्शों से

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज जो परिवर्तन देश में दिख रहा है, वह उन्हीं आदर्शों का परिणाम है। चाहे वो विरासत से जुड़ाव हो, या आधारभूत संरचना का निर्माण, आज भारत में शासन का एक नया मॉडल विकसित हो रहा है। शिक्षा में नई राष्ट्रीय नीति हो या गरीबों, श्रमिकों और महिलाओं के लिए योजनाएं, ये सब उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद करते हुए कहा, स्वर्गीय अटल जी ने विकास की 6 लेन की शुरुआत की थी और प्रधानमंत्री मोदी ने आज 23 लेन बनाकर नए भारत की दिशा तय की है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को यह प्रश्न उठ सकता है कि इंदौर की रानी के लिए पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित करने की क्या आवश्यकता है। इस पर उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, ऋभगत सिंह भी एक क्षेत्र विशेष से थे, लेकिन उनका स्मरण पूरे देश में होता है, क्योंकि उनका योगदान राष्ट्रीय था। ठीक वैसे ही अहिल्याबाई का अस्तित्व भी पूरे भारत में महसूस किया जा सकता है।

# एक्सप्रेस खबरें...

### भैंसाकुंड श्मशान घाट पर लाश जलाने को लेकर हुआ खूनी संघर्ष, चाचा-भतीजे गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ हजरतगंज स्थित भैंसाकुंड श्मशान घाट पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब लाश जलाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उपद्रव कर रहे चाचा-भतीजे को हिरासत में ले लिया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें 8 से 10 लोग लाठी-डंडों से लैस होकर गाली-गलौज और मारपीट करते साफ दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो किसी ऐसे व्यक्ति ने बनाया है जो उसी समय वहां किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए चाचा-भतीजे शराब के नशे में थे और इसी नशे में वे लाश जलाने को लेकर झगड़ रहे थे। पुलिस ने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस घटना ने श्मशान घाट जैसी पवित्र जगह पर भी शांति भंग करने की प्रवृत्ति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### महिगवां पुलिस ने घर से 1300 रुपए व मोबाइल चोरी करने वाले व्यक्ति को किया गिरफ़्तार, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन महिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुसपिपरी में एक व्यक्ति द्वारा घर से 1300 रुपए व मोबाइल चोरी करने वाले व्यक्ति को महिगवां पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 1300 रुपए और एक मोबाइल फोन सैमसंग कंपनी का बरामद किया हैं। वही महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने बताया कि अमरकांत पुत्र रमेश चंद्र निवासी मुसपिपरी द्वारा दिए गए शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया, पुलिस की कार्यवाही में पुलिस टीम ने रियाज पुत्र अलीजान पप्पू निवासी ग्राम मुसपिपरी उम्र करीब 24 वर्ष को गोधना गांव की सड़क के पास से गिरफ़्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने उसके पास से 1300 रुपए व सैमसंग का मोबाइल फोन बरामद किया हैं।

### रोडवेज बस ने महिला को कुचला, मौके पर ही मौत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने 65 वर्षीय एक महिला को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद बस का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना सुबह करीब 10 बजे की है। बंथरा बाजार निवासी केशनी (65) कानपुर रोड पर कुछ सामान खरीदने गई थीं। सड़क पार करते समय कानपुर की तरफ से आ रही उन्नाव डिपो की एक रोडवेज बस (नंबर यूपी 78 केटी 7917) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि केशनी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद, बस चालक बस को सड़क किनारे छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस और मृतका के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही बंथरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को भी अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# ईंट भट्टे के आड़ में अवैध खनन

- एसडीएम ने छापा मारकर 3 डंपर और जेसीबी जब्त की, एफआईआर दर्ज होगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र के राती गांव में अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। ईंट भट्टे की अनुमति का दुरुपयोग कर प्राइवेट जगहों पर मिट्टी बेची जा रही थी। एसडीएम को सूचना मिलने पर उन्होंने मौके पर छापेमारी की। इस दौरान खनन नियमों का उल्लंघन करते हुए चल रहे काम को पकड़ा गया। कार्रवाई में तीन डंपर और एक जेसीबी मशीन जब्त की गई। बता दें कि जानकारी के अनुसार, कई दिनों से प्राइवेट प्लाटिंग साइटों पर ट्रकों से मिट्टी पहुंचाई जा रही थी। ईंट भट्ठे के नाम पर यह काम किया जा रहा था। लेकिन मिट्टी का इस्तेमाल प्लाटिंग और अन्य निजी



निर्माण कार्यों में हो रहा था। यह कार्य पूरी तरह से अवैध था। वहीं पकड़े गए सभी वाहनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि खनन कार्य में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है। इस अवैध कार्य में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

### लखनऊ जिले के कई क्षेत्रों में होता है परमिशन के नाम पर अवैध मिट्टी खनन

लखनऊ जिले के मोहनलालगंज, काकोरी, मलिहाबाद, बीकेटी, सदर इन तहसील क्षेत्र में परमिशन के नाम पर अवैध तरीके से मिट्टी खनन कर मिट्टी महंगे दामों पर निर्माणाधीन मकानों ,प्लाटिंगों ,नवनिर्मित भवनों में बेची जाती हैं,मिट्टी खनन होने से क्षेत्र में जगह-जगह मिट्टी सड़कों पर दिखाई देती है। वहीं मिट्टी खनन विभाग के मानकों को ताक पर रखकर ठेकेदार मिट्टी खनन करते हैं और डंपर सड़कों पर फर्राटा भरते हुए दिखाई देते हैं, कार्यवाही के नाम पर तहसील के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा सिर्फ लीपा-पोती की जाती है।

# अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्म स्मृति अभियान- 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित 'महिला सम्मेलन' संपन्न

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में बख्शी का तालाब विधानसभा के ब्लाक सभागार में पुण्यश्लोक महरानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्म स्मृति अभियान- 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित ÷महिला सम्मेलन÷ में मुख्य अथिति के रूप मे निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने महिला सशक्तिकरण तथा प्रकृति संरक्षण की दिशा में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया। वहीं वे महिलाओं के अधिकारों को लेकर अत्यंत सजग थीं। उनके दरबार में महिलाओं को आने की पूरी स्वतंत्रता थी। अपने शासनकाल में उन्होंने विधवाओं को संपत्ति रखने तथा उसके उपयोग का अधिकार दिया तथा स्त्रियों को अपना मनचाहा दत्तक या उत्तराधिकारी चुनने का भी अधिकार दिया। वह प्रकृति की भी संरक्षिका थीं। जीव जंतुओं पशु पक्षियों के प्रति भी उनके मन में विशेष लगाव था। गौ सेवा के लिए राजमाता अहिल्याबाई ने महती कार्य किया तथा उन्होंने गोवध बंदी कानून को कठोरता से लागू किया। उन्होंने वन संपदा को अनावश्यक काटने पर दड का विधान किया तथा नदियों का प्रदूषण रोकने और नर्मदा के संरक्षण हेतु विशेष प्रयास किए। एवं राजमाता ने सनातन संस्कृति से अगाध प्रेम करने वाली पुण्य श्लोका राजमाता अहिल्याबाई का दृष्टिकोण अखिल भारतीय था। वह भारत की एकात्मता में तीर्थ यात्राओं के महत्व को समझती थीं। उन्होंने गभीरता से विचार किया कि भारत में युगों-युगों से चली आ रही तीर्थ यात्राओं की परंपरा विदेशी शासकों के कारण टूट गई थी। तीर्थ स्थानों के मार्ग, मंदिर, अन्य क्षेत्र, पेयजल व्यवस्था, धर्मशालाएं इत्यादि विदेशी आक्रांताओं ने ध्वस्त कर दी थीं। इनके पुनर्निर्माण किए बिना तीर्थ यात्राएं सुगम नहीं हो सकती थीं। इसीलिए उन्होंने पूरे भारत में एक दृष्टि से निर्माण करवाए। वाराणसी में मणिकर्णिका घाट अहिल्या माता के द्वारा ही बनवाया गया था। बद्रीनाथ से रामेश्वरम और द्वारिका से काशी तक उन्होंने अनेक घाट, धर्मशालाएं, मंदिर इत्यादि बनवाए। काशी से बंगाल तक सड़क को पक्का करवाया। कई भग्न मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया। राजमाता अहिल्या ने राजनीतिक और भौगोलिक सीमाओं को लांघ कर भी पूर्ण शांति और सहमति के साथ अनेक निर्माण कार्य करवाए। भारत में लगभग 80 से 100 ऐसे ज्ञात स्थान है जहां पर राजमाता अहिल्या द्वारा भवनों का निर्माण करवाया गया। यह भारत को जोडने की दिशा में उनकी ओर से किया गया महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने न केवल स्थापत्य का कार्य करवाया बल्कि भविष्य में भी सुचारू रूप से कार्य चलता रहे इसके लिए अग्रिम व्यवस्था कर दी। उनके द्वारा कराए गए निर्माण कार्य वास्तव में अंग्रेजो के षड्यंत्र के विरुद्ध हिंदू एकत्रीकरण के प्रयास भी थे। वह जानती थीं कि मंदिर सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र होते हैं। उनके इन प्रयासों से समाज में बड़े परिवर्तनों को गति मिली। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामेन्द्र सिंह मोनू, जिला मिडिया प्रभारी विवेक सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता कौशल सिंह, चेयर मैन हिमालयन इंस्टिट्यूट समिता बाफिला, जिला संयोजक आई टी विभाग प्रियांशु सिंह, मण्डल अध्यक्ष संदीप यादव, मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र लोधी , मण्डल उपाध्यक्ष दीपक ठाकुर , मण्डल उपाध्यक्ष श्रीमती किरण सिंह, रोहित सिंह, राहुल लाल आदि पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

 पढ़ें पेज 10 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# आखिरकार बांग्लादेश की कमजोर नसों को कब दबाएगा भारत?

**यूनुस शायद यह भूल चुके है कि बांग्लादेश की पैदाइश ही कुशल भारतीय विदेश नीति की सफल देन रही है, जिसे तब अमेरिका व चीन नहीं रोक पाए थे। यह भारत की वीरता है जो चुटकट्टो पर युद्ध के मैदान में भारी पड़ती है। ऐसे में जब वो अपने जन्मदाता की संप्रभुता और अखंडता को ही चुनौती देने लगेंगे तो भारत को भी देर-सबेर अपने सटीक विकल्प तलाशने पड़ेंगे। यदि भारत के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के एक हालिया सके साक्षात्कार को देखें तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि नागपुर मुख्यालय से भी मोदी सरकार को उसी तरफ इशारा किया गया है।**

*कभी ग्रेटर बंगलादेश का स्वप्न संजोने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता और बांग्लादेश के कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस अब अपने ही देश में ऐसे घिरे हैं कि जब उन्हें आगे का कोई रास्ता नजर नहीं आया तो फिर अपने जन्मदाता भारत पर ही अनर्गल लांछन लगाने लगे। वह अमेरिका, चीन, पाकिस्तान की गोद में खेलें, कोई बात नहीं लेकिन भारत और हिंदुओं से खेलेंगे तो अगले ऑपरेशन सिंदूर के लिए तैयार रहें। याद रखें, तब कोई बाप बचाने नहीं आएगा। हाल ही का पाकिस्तानी मंजर देख लें, अंजाम समझ लें और हो सके तो भारत के पड़ोस में बचकानी हरकत बंद कर दें। बता दें कि अपनी पिछली चीन यात्रा के दौरान ही उन्होंने बढ़चढ़ कर भारत के चिकेन नेक पर काबिज होने, पश्चिम बंगाल-उत्तर-पूर्व बिहार और उत्तर-पूर्व के सात बहन राज्यों को मिलाकर ग्रेटर बांग्लादेश बनाने और नार्थ-ईस्ट राज्यों को लैंड लॉक्ड बताकर इलाकाई समुद्र का बेताज बादशाह होने का जो दिवास्वप्न उन्होंने देखा है, उसके मुताल्लिक भारत भी उन्हें दिन में ही तारे दिखाने की रणनीति बना चुका है। अब वो आगे बढ़ेंगे तो पीछे से भारत भी एक बार फिर बांग्लादेश का अंग भंग कर देगा! क्योंकि कभी पाकिस्तान से पूर्वी पाकिस्तान का अंग भंग करवाकर भारत ने ही जिस बांग्लादेश का निर्माण करवाया था, आज वही बांग्लादेश जब भारत को आंखें दिखाएगा तो अपने अंजाम को भी भुगतने को तैयार रहेगा। इस बात में कोई दो राय नहीं कि वहां की शेख हसीना सरकार की तख्तापलट के बाद महज 6 माह में ही परवर्ती कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में बांग्लादेश भारत विरोधी चीनी, पाकिस्तानी और अमेरिकी अखाड़े का अड्डा बन चुका है, जो उसके लिए शर्म की बात होनी चाहिए। यही वजह है कि इस विफल सरकार के खिलाफ अब वहां भी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जिससे देश में अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में यूनुस ने अपना सारा दोष भारत पर मढ दिया है। हालांकि भारत के पास उन्हें जवाब देने के लिए ऐसे-ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिससे उनके होश उड़ सकते हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश एक बार फिर से उबल रहा है, जिससे मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार अस्थिरता के बवंडर की ओर निरंतर बढ़ रही है। उनकी सेना से ही उनकी ऊटपटांग नीतियों का विरोध हो रहा है। जबकि उनकी सरकार के खिलाफ जनता द्वारा भी अविलंब चुनाव की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इससे मुल्क में तनाव का आलम व्याप्त हो चुका है। चूंकि इस विरोध प्रदर्शन में सरकारी कर्मचारी भी शामिल हो चुके हैं। इसलिए अपनी उल्टी गिनती शुरू होते देख मोहम्मद यूनुस अपनी नाकामियों को बिना नाम लिए भारत पर थोपने की कोशिश कर रहे हैं। वहां उनकी लापरवाही और अदूरदर्शिता से अब जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए विदेशी साजिश को जिम्मेदार बता रहे हैं। जबकि, हकीकत ये है कि उन्हें सिर्फ चुनाव करवाने तक के लिए सरकार चलाने भर की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन, जानकार बताते हैं कि वह चुनाव छोड़कर बाकी हर तरह के हथकंडे अपनाने में लगे हैं। बांग्लादेश की विदेश नीति, उसका संविधान, उसका इतिहास और यहां तक कि उसके जन्म की मूल अवधारणा तक को वो नकारने के लिए आत्मघाती दांव लगा रहे हैं। यही वजह है कि आज बांग्लादेशी फौज भी उनके विरोध में खड़ी हुई है। ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि मोहम्मद यूनुस जब से बांग्लादेश की सत्ता में आए हैं, भारत के चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मनों के साथ झूम-झूम कर नाचने-गाने की कोशिश कर रहे हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**राष्ट्रीय अखंडता में प्रेस की भूमिका और इसके दायित्वों का प्रश्न है तो प्रेस के कई प्रमुख दायित्व माने गए हैं, जिनमें कानून व्यवस्था की खामियों को प्रकाशित-प्रसारित करना, अपने प्रयासों से शासन को सुव्यवस्थित करना व लोक हितकारी बनाना, पथभ्रष्टों को सन्मार्ग पर लाना, भ्रष्ट तंत्र को चौकन्ना बनाना, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखना, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में पर्दे की ओट में होने वाले दुष्कृत्यों, अत्याचारों व अन्याय का जनहित में पर्दाफाश करना, समाज व मानवता के गुनाहगार चेहरों पर पड़े नकाब नोचकर जनता के सामने लाना, निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए धार्मिकता एवं राजनीति की आड़ लेने वालों के राज पर्दाफाश करना, समाज में स्वस्थ मानक स्थापित करना।**



योगेश कुमार गोयल

**पत्रकारिता को अव्यावसायिक बनाए रखने की बात करना बेमानी होगा क्योंकि इस पेशे से जुड़े लोगों को भी अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाना अनिवार्य होता गया है लेकिन व्यावसायिकता के इस दौर में भी इसे एक उद्योग-धंधे के रूप में स्थापित करने के प्रयासों के चलते पत्रकारिता के मानदंडों को ताक पर रखने की प्रवृति से तो हर हाल में बचना ही चाहिए।**

# जनसंचार का सशक्त माध्यम है हिन्दी पत्रकारिता

पूर्व राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा ने लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका के बारे में कहा था कि प्रेस पर लोकतांत्रिक परम्पराओं की रक्षा करने और शांति व भाईचारा बढ़ाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय अखण्डता के संदर्भ में पत्रकारिता की भूमिका की बात करें तो लोकतंत्र के अन्य स्तंभों के मुकाबले प्रेस की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि विश्वभर में भारत की प्रतिष्ठा के जो तीन प्रमुख कारण माने गए हैं, वे हैं जागरूक मतदाता, स्वतंत्र न्यायपालिका व स्वतंत्र प्रेस। भारत में प्रेस को जनता की एक ऐसी 'संसद' की उपाधि दी गई है, जिसका कभी सत्रावसान नहीं होता और जो सदैव जनता के लिए ही कार्य करती है। इसे समाज में परिवर्तन लाने का अथवा उसे जागृत करने के लिए जन संचार का सशक्त माध्यम माना गया है। प्रेस को समाज की चिंतन प्रक्रिया का एक ऐसा अनिवार्य तत्व माना गया है, जो उसे दिशा व गति देने में सक्षम हो। इसे जनता की ऐसी आंख माना गया है, जो सभी पर अपनी पैनी और निष्पक्ष दृष्टि रखे। प्रेस को जनता की उंगली माना गया है, जो गलत कार्यों के विरोध में स्वतः ही उठ जाती है। प्रेस को समाज के प्रति पूर्ण समर्पण के रूप में देखा जाता है। इसे केवल एक पेशा न मानकर जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है।

प्रेस की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, ''प्रेस का प्रथम उद्देश्य जनता की इच्छाओं व विचारों को समझना और उन्हें सही ढंग से व्यक्त करना है जबकि दूसरा उद्देश्य जनता में वांछनीय भावनाओं को जागृत करना और तीसरा उद्देश्य सार्वजनिक दोषों को निर्भयतापूर्वक प्रकट करना है।'' वैसे भारत-पाक युद्ध का उल्लेख करें अथवा भारत-चीन लड़ाई का या अन्य चुनौतीपूर्ण अवसरों का, प्रेस ने ऐसे हर अवसर पर अपनी महत्ता सिद्ध की है और कहना गलत न होगा कि हिन्दी पत्रकारिता का स्थान इसमें सर्वोपरि रहा है। चाहे हिन्दी भाषी टीवी चैनलों की बात हो या हिन्दी के समाचारपत्र अथवा पत्रिकाओं की, उनका देश की बहुसंख्यक आबादी के साथ विशेष जुड़ाव रहा है और इस दृष्टि से राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं विकास की दिशा में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि हिन्दी पत्रकारिता के 199 वर्षों के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद सुखद स्थिति यह है कि हिन्दी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रूचि में कोई कमी नहीं आई। यह अलग बात है कि अंग्रेजी मीडिया और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों ने भले ही हिन्दी पत्रकारिता की उपेक्षा करते हुए सदैव उसकी प्रामाणिकता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिशें की हैं किन्तु वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ दशकों में हिन्दी पत्रकारिता ने अपनी ताकत का बखूबी अहसास कराया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उसकी विश्वसनीयता बढ़ी है। यह हिन्दी पत्रकारिता की बढ़ती ताकत का ही नतीजा है कि कुछ हिन्दी अखबारों ने अनेक संस्करणों के साथ प्रसार संख्या के मामले में कुछ अंग्रेजी अखबारों को भी पीछे छोड़ दिया है। हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिन्दी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के साथ हुई थी, जिसका अर्थ था 'समाचार सूर्य'। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे किन्तु हिन्दी का पहला समाचारपत्र 'उदन्त मार्तण्ड' 30 मई 1826 को कलकत्ता से पहली बार प्रकाशित हुआ था, जो साप्ताहिक के रूप में आरंभ किया गया था। पहली बार उसकी केवल 500 प्रतियां ही छापी गई थी लेकिन चूंकि कलकत्ता में हिन्दी भाषियों की संख्या काफी कम थी और इसके पाठक कलकत्ता से बहुत दूर के भी होते थे, इसीलिए संसाधनों की कमी के कारण यह लंबे समय तक प्रकाशित नहीं हो पाया। 4 दिसम्बर 1826 से 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन बंद कर दिया गया लेकिन इस समाचारपत्र के प्रकाशन के साथ ही हिन्दी पत्रकारिता की ऐसी नींव रखी जा चुकी थी कि उसके बाद से हिन्दी पत्रकारिता ने अनेक आयाम स्थापित किए हैं। 'उदन्त मार्तण्ड' के बाद अंग्रेजी शासनकाल में अनेक हिन्दी समाचारपत्र व पत्रिकाएं एक मिशन के रूप में निकलते गए किन्तु ब्रिटिश शासनकाल की ज्यादतियों के चलते उन्हें लंबे समय तक चलाते रहना बड़ा मुश्किल था, फिर भी कुछ पत्र-पत्रिकाओं ने सराहनीय सफर तय किया। अब परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं और हिन्दी पत्रकारिता भी मिशन न रहकर एक बड़ा व्यवसाय बन गई है किन्तु अच्छी बात यह है कि आज भी हिन्दी पाठक व दर्शक अपनी-अपनी पसंद के अखबारों व चैनलों के साथ पूरी शिद्दत से जुड़े हैं।




**हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिन्दी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के साथ हुई थी, जिसका अर्थ था 'समाचार सूर्य'। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे किन्तु हिन्दी का पहला समाचारपत्र 'उदन्त मार्तण्ड' 30 मई 1826 को कलकत्ता से पहली बार प्रकाशित हुआ था, जो साप्ताहिक के रूप में आरंभ किया गया था।**

बहरहाल, घर बैठे-बैठे दुनिया की सैर कराने की बात हो या देश-विदेश की हर छोटी-बड़ी हलचल से लेकर तमाम ज्वलंत मुद्दों और हर प्रकार की नवीनतम जानकारियों को जुटाकर अपने पाठकों या दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने की, व्यवसायीकरण के आरोपों या तमाम विरोधाभासों के बावजूद हिन्दी पत्रकारिता यह काम बखूबी कर रही है और आमजन के भरोसे पर खरा उतरते हुए हिन्दी पत्रकारिता आज आम जनजीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। अधिकांश हिन्दी समाचारपत्रों के अब ऑनलाइन संस्करण उपलब्ध हैं। विगत कुछ वर्षों में देश में बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश करके अनेक सफेदपोशों के चेहरों पर पड़े नकाब उतार फैंकने का श्रेय भी पत्रकारिता जगत को ही जाता है, जिसमें हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को भी किसी भी लिहाज से कमतर नहीं आंका जा सकता। जहां तक राष्ट्रीय अखंडता में प्रेस की भूमिका और इसके दायित्वों का प्रश्न है तो प्रेस के कई प्रमुख दायित्व माने गए हैं, जिनमें कानून व्यवस्था की खामियों को प्रकाशित-प्रसारित करना, अपने प्रयासों से शासन को सुव्यवस्थित करना व लोक हितकारी बनाना, पथभ्रष्टों को सन्मार्ग पर लाना, भ्रष्ट तंत्र को चौकन्ना बनाना, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखना, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में पर्दे की ओट में होने वाले दुष्कृत्यों, अत्याचारों व अन्याय का जनहित में पर्दाफाश करना, समाज व मानवता के गुनाहगार चेहरों पर पड़े नकाब नोचकर जनता के सामने लाना, निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए धार्मिकता एवं राजनीति की आड़ लेने वालों के राज पर्दाफाश करना, समाज में स्वस्थ मानक स्थापित करना, लोक चेतना जागृत करना इत्यादि शामिल हैं। वर्तमान में जहां देशभर में नैतिक मूल्यों में बड़ी गिरावट आई है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्थी 21:23 तक |
| नक्षत्र: | पुनर्वसु 21:29 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | गण्ड, 12:56 |
| सूर्योदय: | 05:25 |
| सूर्यास्त: | 19:11 |
| चंद्रमा: | कर्क राशि में |
| राहुकाल: | 10:35-12:18 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्त: | 11:54-12:42 |

## जन एक्सप्रेस

### लगे खेलने खेल !

*है अभी शुरुआत ये ।*
*लगे खेलने खेल ।।*
*रहा यही यदि हाल ।*
*होगा कैसे मेल ?*
*सारे चतुर खिलाड़ी ।*
*रहे हैं पासा फेंक ।।*
*है गद्दी का मामला ।*
*मतभेद भी अनेक ।।*
*होंगे कैसे एकजुट ?*
*है वही सवाल ।।*
*हो रही ना शांति ।*
*बस केवल बवाल ।।*
*एकता की बात थी ।*
*होते दरकिनार ।।*
*झलक रहा है बहुत कुछ ।*
*करते जो व्यवहार ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# लंग कैंसर होने पर नजर आ सकते हैं ये 4 लक्षण, बरतें पूरी सावधानी

**लंग** कैंसर एक घातक बीमारी है। आमतौर पर शुरुआती दिनों में इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं। इसकी यही सबसे गंभीर अवस्था है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है। कई बार लंग कैंसर के शुरुआती दिनों में लोग इसे सामान्य बीमारी समझकर इग्नोर कर बैठते हैं। आपको ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए।



**लगातार खांसी:** आमतौर खांसी बहुत सामान्य समस्या है। मौसम बदलने पर या ज्यादा ठंडी चीजें खाने पर खांसी की दिक्कत हो सकती है। एलर्जी, ब्रोंकाइटिस और अस्थमा जैसी बीमारियों में भी व्यक्ति को खांसी हो सकती है। लेकिन, स्टेज 1 लंग कैंसर होने पर भी व्यक्ति को खांसी की दिक्कत होने लगती है। यह स्टेज 1 लंग कैंसर के शुरुआती लक्षणों में से एक है। इसकी अनदेखी बिल्कुल न करें।

**सांस लेने में तकलीफ:** सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्या किसी को भी हो सकती है। जैसे कई बार एंग्जाइटी, स्ट्रेस आदि समस्या में सांस लेने की दिक्कत हो जाती है। इसके अलावा, अस्थमा, हार्ट डिजीज और निमोनिया जैसी स्थिति में सांस लेने की दिक्कत देखने को मिलती है। स्टेज 1 लंग कैंसर में भी सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। हालांकि, शुरुआती दिनों में यह समस्या बहुत माइल्ड होती है।

**सीने में दर्द:** सीने में दर्द की समस्या कई गंभीर बीमारियों की ओर इशारा करता है, जैसे हार्ट संबंधी बीमारी, हार्ट अटैक, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इश्यूज आदि। कभी-कभी लंग्स से जुड़ी सामान्य समस्या में भी सीने में दर्द होता है। वहीं, स्टेज 1 लंग कैंसर के शुरुआती लक्षणा में भी सीने में दर्द की शिकायत देखी जाती है। ध्यान रखें कि अगर स्टेज 1 लंग कैंसर हो, तो खांसने पर सीने में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। दर्द और अकड़न तेजी हो जाती है।

**थकान:** स्टेज 1 लंग कैंसर होने पर व्यक्ति अक्सर थकान, कमजोरी जैसी दिक्कतें भी देखने को मिलती है। हालांकि, थकान इतना कॉमन लक्षण है, जो ज्यादातर बीमारियों के शुरुआती लक्षण के तौर पर देखने को मिलता है। इसके अलावा, जब कोई ज्यादा काम करता है, उन्हें भी थकान हो जाती है। इसलिए, थकान को किसी भी तरह की बीमारी से जोड़कर नहीं देखा जाता है। लेकिन, ध्यान रखें कि स्टेज 1 लंग कैंसर में भी शुरुआती दिनों में थकान हो जाती है।

**मुझे कैसे पता चला कि मुझे फेफड़े का कैंसर है?:** आमतौर पर लंग्स कैंसर होने पर इसके शुरुआती लक्षणों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। हालांकि, लंग कैंसर को कंफर्मेशन के लिए छाती का एक्स-रे, सिटी स्कैन किया जाता है। इसके अलावा, एक्सपर्ट कुछ जरूरी टेस्ट भी करने को कह सकते हैं। यह मरीज की स्थिति पर निर्भर करता है कि उन्हें किस तरह के टेस्ट की जरूरत होती है।

**क्या स्टेज 1 पर कैंसर ठीक हो सकता है?:** अगर किसी भी तरह के कैंसर का शुरुआती स्टेज में पता चल जाता है, तो सही ट्रीटमेंट की मदद से कैंसर सेल्स को फैलने से रोका जा सकता है।

**क्या लंग कैंसर में दर्द होता है?:** लंग कैंसर होने पर कई तरह के लक्षण नजर आ सकते हैं, इसमें सीने में दर्द भी शामिल है। हालांकि, इसमें कई अन्य गंभीर लक्षण भी दिखते हैं, जैसे सांस लेने में तकलीफ, थकान और कमजोरी आदि। इनकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष

# उदन्त मार्तण्ड से डिजिटल युग तक पत्रकारिता की यात्रा



प्रो. आरके जैन

**आज हिन्दी पत्रकारिता केवल भारत तक सीमित नहीं है। यह वैश्विक मंचों पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। हिन्दी भाषी प्रवासी समुदायों के बीच, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर, और अंतरराष्ट्रीय चर्चाओं में हिन्दी पत्रकारिता की धमक सुनाई देती है।**

**जब** विचारों की अभिव्यक्ति पर पहरे हों, जब जनमानस को भ्रम और भय में बाँधा जा रहा हो, तब शब्दों की ताक़त एक क्रांति बन जाती है। यह ताक़त, यह जुनून, और यह साहस 30 मई 1826 को उस ऐतिहासिक क्षण में प्रकट हुआ, जब हिन्दी भाषा में पहला समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' ने जन्म लिया। यह दिन केवल एक समाचार पत्र के प्रकाशन की कहानी नहीं, बल्कि हिन्दी पत्रकारिता की नींव, भारतीय जनमानस की आवाज़ और स्वतंत्रता की भावना को मूर्त रूप देने की गाथा है। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने उस दौर में, जब हिन्दी भाषी समाज अपनी ही भाषा में सूचना से वंचित था, एक ऐसी मशाल जलाई, जो आज भी हिन्दी पत्रकारिता के मार्ग को आलोकित करती है। उस समय का भारत अंग्रेज़ी शासन के अधीन था। समाज में सामाजिक कुरीतियाँ, अज्ञानता और शोषण का बोलबाला था। अंग्रेज़ी और बांग्ला में समाचार पत्र तो थे, लेकिन हिन्दी, जो करोड़ों लोगों की भाषा थी, पत्रकारिता के मंच से लगभग अनुपस्थित थी। ऐसे में पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने कोलकाता से 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन शुरू किया। यह साप्ताहिक पत्र हर मंगलवार को खड़ी बोली हिन्दी में छपता था, जिसमें संस्कृतनिष्ठ शब्दों की मिठास और जनसामान्य की सहजता का संगम था। इस पत्र का उद्देश्य केवल समाचार देना नहीं था, बल्कि जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, सामाजिक बुराइयों पर प्रहार करना और ब्रिटिश शासन की नीतियों की आलोचना करना भी था। यह पत्रकारिता का वह दौर था, जब हर शब्द एक विद्रोह था, हर लेख एक जोखिम। 'उदन्त मार्तण्ड' का सफर लंबा नहीं रहा। केवल 79 अंक प्रकाशित होने के बाद, आर्थिक तंगी, सरकारी समर्थन की कमी और सीमित प्रचार-प्रसार के कारण इसे बंद करना पड़ा। लेकिन इस अल्पकालिक प्रयास ने हिन्दी पत्रकारिता की ऐसी नींव रखी, जिस पर आज का विशाल भवन खड़ा है। यह पत्र केवल कागज़ और स्याही का मेल नहीं था, बल्कि यह एक विचार था, एक आंदोलन था, जो हिन्दी भाषा को सम्मान, स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति का मंच देने के लिए शुरू हुआ। इसकी चिंगारी ने आगे चलकर स्वतंत्रता संग्राम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, क्योंकि हिन्दी पत्रकारिता ने जनता को न केवल सूचना दी, बल्कि उन्हें एकजुट होने और अपने हक़ के लिए लड़ने की प्रेरणा भी दी। हिन्दी पत्रकारिता का इतिहास केवल 'उदन्त मार्तण्ड' तक सीमित नहीं रहा। इसके बाद 'बनारस अखबार', 'सुधाकर', और 'हिन्दी प्रदीप' जैसे समाचार पत्रों ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिन्दी पत्रकारिता ने गांधी, तिलक और अन्य नेताओं के विचारों को जन-जन तक पहुँचाया। 'प्रताप', 'कर्मवीर' और 'आज' जैसे अखबारों ने न केवल ब्रिटिश शासन को चुनौती दी, बल्कि सामाजिक सुधारों को भी बढ़ावा दिया। आपातकाल के दौर में, जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ताले लग गए थे, तब भी हिन्दी पत्रकारिता ने साहस के साथ सत्ता से सवाल पूछे। यह पत्रकारिता कभी केवल समाचारों का माध्यम नहीं रही; यह समाज का दर्पण थी, जनता की आवाज़ थी, और बदलाव की प्रेरणा थी। आज का दौर डिजिटल क्रांति का है। हिन्दी समाचार पत्रों की संख्या हज़ारों में है, टी.वी. चैनल, वेब पोर्टल और सोशल मीडिया मंचों पर हिन्दी पत्रकारिता की गूंज है। लेकिन इस चकाचौंध के बीच हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह विस्तार उस एक बीज से शुरू हुआ, जो 1826 में बोया गया था। आज हिन्दी पत्रकारिता विश्व की सबसे बड़ी भाषाई पत्रकारिताओं में से एक है, लेकिन इसके सामने चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। बाज़ारवाद, टी.आर.पी. की दौड़, सनसनीखेज़ खबरें और राजनीतिक दबाव ने कई बार पत्रकारिता की निष्पक्षता और गरिमा पर सवाल उठाए हैं। फेक न्यूज़ और प्रायोजित खबरों का दौर हिन्दी पत्रकारिता की विश्वसनीयता को चुनौती दे रहा है। ऐसे में हिन्दी पत्रकारिता दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है - क्या हम उस साहस, निष्पक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बरकरार रख पा रहे हैं, जो 'उदन्त मार्तण्ड' की आत्मा थी? पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, और हिन्दी पत्रकारिता इस स्तंभ की रीढ़ है। यह केवल सूचना देने का साधन नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने, अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाने और सत्य को उजागर करने का ज़िम्मा है। आज जब सूचना का प्रवाह इतना तीव्र है, तब पत्रकारिता की ज़िम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। गलत सूचनाओं को रोकना, तथ्यों को परखना और जनता तक सही जानकारी पहुँचाना पत्रकारिता का धर्म है।

**हिन्दी पत्रकारिता दिवस हमें उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है, जब एक व्यक्ति ने असंभव को संभव करने का साहस दिखाया। पंडित जुगल किशोर शुक्ल का योगदान केवल एक समाचार पत्र तक सीमित नहीं था, एक समाज को आवाज़ देने का प्रयास था। उनकी वह मशाल आज भी जल रही है हर उस पत्रकार के लेखन में, हर उस संपादकीय में, जो सत्य और न्याय के लिए लिखा जाता है।**

# समर्पण, सेवा और विशेषज्ञता के प्रतीक डॉ. सतीश चंद्र गंगवार

■ जनपद भर ही नहीं दूर दूर तक मशहूर है डॉक्टर सतीश चंद्र गंगवार, लगातार लोगों की कर रहे हैं सेवा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

स्वास्थ्य सेवा केवल एक पेशा नहीं, अपितु जनकल्याण का माध्यम है। और इस मूल भावना को अपने जीवन में उतारकर निरंतर समाज को लाभान्वित करने वाले चिकित्सकों में डॉ. सतीश चंद्र गंगवार का नाम जनपद पीलीभीत में अत्यंत सम्मान से लिया जाता है। न्यूरोलॉजी जैसे जटिल और संवेदनशील चिकित्सा क्षेत्र में उनके द्वारा दी जा रही सेवाएं, न केवल चिकित्सा विज्ञान की ऊंचाइयों को दर्शाती हैं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण भी प्रस्तुत करती हैं।


डॉक्टर सतीश चंद्र गंगवार

### शैक्षणिक उत्कृष्टता की मिसाल

डॉ. गंगवार की शैक्षणिक यात्रा स्वयं में प्रेरणादायक है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से वर्ष 2003 में एमबीबीएस और वर्ष 2006 में एमडी (मेडिसिन) की उपाधियाँ प्राप्त करने के पश्चात, उन्होंने संजय गांधी पीजीआई, लखनऊ से वर्ष 2011 में डीएम (न्यूरोलॉजी) पूर्ण किया। यह उच्च स्तरीय शिक्षा उनकी चिकित्सा प्रतिभा की स्पष्ट पहचान है, जिसे उन्होंने व्यावहारिक रूप में जनपदवासियों की सेवा में रूपांतरित किया है।

### न्यूरोलॉजिकल विशेषज्ञता में निपुणता

डॉ. गंगवार उन चुनिंदा चिकित्सकों में से हैं, जो सिरदर्द, माइग्रेन, गर्दन-कमर दर्द, मिर्गी, लकवा, ब्रेन हैमरेज, बेहोशी, झुनझुनी, याददाश्त की कमी, मांसपेशियों की दुर्बलता जैसे जटिल न्यूरोलॉजिकल रोगों का गहन और सटीक उपचार करते हैं। उनकी विशिष्टता का सबसे बड़ा प्रमाण यही है कि दूर-दराज के क्षेत्रों से मरीज उनके पास विश्वास लेकर आते हैं और संतोष के साथ स्वस्थ होकर लौटते हैं।

### सेवा की भावना, जो मिसाल बन गई

डॉ. सतीश गंगवार न केवल एक सफल चिकित्सक हैं, बल्कि वे समाज सेवा की भावना से ओतप्रोत हैं। उनके लिए हर मरीज एक उत्तरदायित्व है, न कि केवल एक केस। सादगी, शालीनता और संवेदनशीलता उनके व्यवहार की विशेषताएँ हैं, जो उन्हें बाकी चिकित्सकों से अलग बनाती हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि महानता केवल डिग्रियों से नहीं, बल्कि सेवा और मानवीय दृष्टिकोण से प्राप्त होती है।

### भविष्य की दिशा

सतीश नर्सिंग होम की सतत प्रगति और उसमें शामिल होती आधुनिक तकनीकें यह संकेत देती हैं कि डॉ. गंगवार का सपना केवल एक चिकित्सालय नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद न्यूरोलॉजी सेंटर की स्थापना करना है, जहाँ हर वर्ग और हर क्षेत्र का मरीज उपचार के लिए निःसंकोच आ सके। डॉ. सतीश चंद्र गंगवार न केवल पीलीभीत जनपद, बल्कि उत्तर भारत के उन चिह्नित चिकित्सकों में से एक हैं, जिन्होंने अपने ज्ञान, समर्पण और करुणा से चिकित्सा सेवा को एक नई ऊँचाई दी है। उनका कार्य न केवल चिकित्सीय उपलब्धि है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रेरणास्रोत भी है। जनपद को गर्व है कि डॉ. सतीश गंगवार जैसे चिकित्सक यहाँ कार्यरत हैं। जिनके कारण कई घरों में आशा, राहत और मुस्कान लौट सकी है।

### चिकित्सा सेवा में समर्पण

शिक्षा पूरी करने के तुरंत बाद उन्होंने हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में सेवा दी, तत्पश्चात श्री स्वस्तिक हॉस्पिटल, पीलीभीत में कार्य करते हुए अनेक गंभीर रोगियों के जीवन को पुनर्जीवन प्रदान किया। वर्ष 2018 में उन्होंने सतीश नर्सिंग होम की स्थापना की, जो आज न्यूरो रोगों के इलाज का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यह नर्सिंग होम आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और सुविधा युक्त सेवाओं से सुसज्जित है, जो जनपद जैसे अर्द्ध-शहरी क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है।

## न्यू गायत्री हॉस्पिटल: डॉ निर्मला गंगवार के नेतृत्व में आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सबसे सस्ता अस्पताल

■ पीलीभीत में चिकित्सा सेवा का नया विकल्प बनकर उभरा न्यू गायत्री हॉस्पिटल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद पीलीभीत के माधोटण्डा रोड स्थित न्यू गायत्री हॉस्पिटल मरीजों के लिए राहत की सौगात बनकर सामने आया है। आधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों से सुसज्जित यह अस्पताल न केवल अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है, बल्कि कम खर्च में प्रभावी इलाज उपलब्ध कराकर जनता का विश्वास भी जीत रहा है।


डॉ. निर्मला गंगवार

### प्रमुख विशेषताएं और सेवाएं

न्यू गायत्री हॉस्पिटल में बच्चों, महिलाओं, पेट रोगों और सामान्य बीमारियों के लिए अनुभवी चिकित्सकों की टीम कार्यरत है। इनमें डॉ. संदीप शर्मा (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. आशा गंगवार (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. अतुल राठौर (पेट रोग विशेषज्ञ एवं जिले के पहले गैस्ट्रो सर्जन), और डॉ. मोहम्मद हसीब (जनरल फिजीशियन) प्रमुख हैं। गौरतलब है कि डॉ. अतुल राठौर जैसे वरिष्ठ गैस्ट्रो सर्जन की उपलब्धता जनपदवासियों के लिए विशेष लाभकारी है, जो प्रत्येक रविवार को मरीजों को परामर्श देते हैं।

### ऑपरेशन और इमरजेंसी सुविधाएं

यह अस्पताल पित्त की थैली, बच्चों के दानों की गाँठ, पेट के सभी रोगों सहित विभिन्न शल्य क्रियाएं दूरबीन विधि से करने में सक्षम है। इसके साथ ही हृद्धष्ट सुविधा भी उपलब्ध है, जो नवजात बच्चों की आपातकालीन देखभाल के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है।

### बच्चों के रोग और टीकाकरण की सुविधा

बच्चों के सभी प्रकार के रोगों का सटीक इलाज एवं समयानुसार टीकाकरण की सुविधा भी यहाँ सुलभ है, जिससे अभिभावकों को अलग-अलग स्थानों पर भटकना नहीं पड़ता। इस अस्पताल का कुशल संचालन डॉ. निर्मला गंगवार के नेतृत्व में किया जा रहा है, जो चिकित्सा के साथ-साथ प्रशासनिक स्तर पर भी बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने में निरंतर सक्रिय हैं। न्यू गायत्री हॉस्पिटल, गौहनिया चौराहा, माधोटण्डा रोड, पीलीभीत पर स्थित है। न्यू गायत्री हॉस्पिटल आज न केवल सस्ती स्वास्थ्य सेवा का प्रतीक बन चुका है, बल्कि विशेषज्ञता, तकनीकी सुविधा और मानवता से ओतप्रोत सेवा का आदर्श भी बन गया है।

### रोडवेज बस की चपेट में आकर युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। बिजुआ में रोडवेज बस की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मैलानी थाना क्षेत्र के गांव सुरजनपुर निवासी 27 वर्षीय राजू बुधवार को अपने बड़े भाई की ससुराल लगदहन चौकी परसपुर थाना संपूर्णानगर शादी समारोह में शामिल होने गया था। वैवाहिक कार्यक्रम होने के बाद रात करीब 12 बजे वह बाइक से घर लौट रहा था।पलिया-भीरा रोड पर साईंबाबा मंदिर के पास भीरा की तरफ से जा रही तेज रफ्तार बस ने उसे चपेट में ले लिया।

## अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे खाई में पलटी, एक की मौके पर मौत 6 घायल

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



भीरा-लखीमपुर मार्ग पर थाना भीरा क्षेत्र में गढ़ी फार्म के पास कार अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में कार सवार कोटेदार की मौत हो गई, जबकि उसके परिवार के छह लोग घायल हो गए। सभी गांव भानपुर से एक शादी समारोह में शामिल होने भीरा जा रहा थे। घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर सभी को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।हादसा बुधवार देर रात हुआ। गांव भानपुर निवासी 45 वर्षीय शैलेंद्र जायसवाल उर्फ गुड्डू का पलिया में भी मकान है। वह बच्चों के साथ वहीं रहते थे। अहिराना गांव के कोटेदार भी थे। परिवार में लड़की की शादी होने के कारण दो दिन पहले वह अपने बच्चों के साथ पैतृक गांव भानपुर आए थे। बुधवार को भीरा के ओजोला रिसोर्ट में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए देर रात कार से जा रहे थे। कार में 35 वर्षीय दिनेश जायसवाल, 20 वर्षीय उत्कर्ष 17 वर्षीय अक्षत तथा 16 वर्षीय रिशु व 30 वर्षीय लवली जायसवाल व 22 वर्षीय सिंपल जायसवाल भानपुर भी सवार थे। गढ़ी फार्म के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी।इससे कार के चारों पहिए उपर की ओर उठ गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने लोगों की मदद से सभी को किसी तरह से बाहर निकाला और सभी घायलों को लेकर आनन फानन में बिजुआ सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने शैलेंद्र जायसवाल उर्फ गुड्डू को मृतक घोषित कर दिया।

साथ ही घायल सिंपल जायसवाल को मामूली चोट आने के कारण उपचार के बाद छुट्टी दे दी, जबकि हालत गंभीर होने पर पांच घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## भांग रगड़ने से मना करने पर महिला की चाकुओं से गोदकर हत्या







■ सीएचसी में उपचार के दौरान महिला ने तोड़ा दम, पुलिस ने दो आरोपियों पर दर्ज किया हत्या का मुकदमा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



भांग रगड़ने से मना करने पर दो नशेडियों ने महिला पर चाकुओं से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। एसपी ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली और कोतवाली पुलिस को आरोपियो को पकड़ने के निर्देश दिए। पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर के मोहल्ला हबीबगंज गौटिया की रहने वाले ऊषा (48) पत्नी हरिशंकर गुरुवार को बाग में बकरी चराने गईं थी। इस दौरान बाग में मोहल्ले का ही अमित पुत्र दीनदयाल और बल्लू पुत्र बाबू उर्फ गब्बर भांग रगड़ रहे थे। बकरी चरा रही ऊषा देवी ने दोनों को भांग रगड़ने से मना किया। यह बात अमित और बल्लू को नागवार लगी। दोनों ने ऊषा देवी पर चाकू से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो कर गिर गईं। उनकी बेटी सपना ने बचाने का प्रयास किया। जानकारी लगने पर हरिशंकर भी मौके पर पहुंच गए घायल पत्नी ऊषा देवी को एंबुलेंस से सीएचसी लेकर पहुंचे। उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंस के आने से पहले ही महिला की अस्पताल में मौत हो गई। ऊषा देवी की मौत होने पर परिजन विलाप करने लगे। सूचना मिलते ही सीओ प्रगति चौहान, कोतवाल सतेंद्र कुमार अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव भी सीएचसी पहुंचे और कोतवाल सतेंद्र कुमार से घटना की जानकारी ली। पुलिस आरोपी की धरपकड़ में जुट गई है। कई लोगों को हिरासत।लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिनदहाड़े हुए हत्या कांड से सनसनी फैल गई। घटना के बाद एडिशनल एसपी भी कोतवाली पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंचे और सुबूत जुटाए।

> भांग छुड़ाते समय दो युवकों से महिला का विवाद हुआ जिस पर उन्होंने महिला पर दो बार चाकू से हमला कर दिया। अस्पताल में महिला की मौत हो गई। पुलिस की टीमें आरोपियों को गिरफ्तारी के लिए लगा दी गई हैं। दोनों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।
>
> **अभिषेक यादव, पुलिस अधीक्षक**

### मां को बचाने पहुंची सपना पर भी हमलावर हुए आरोपी

घटना के दौरान जब आरोपी मृतका ऊषा देवी पर चाकुओं से वार का रहे थे। उस दौरान ऊषा देवी की बेटी सपना मां को बचाने के लिए पहुंच गई। आरोपियों के सिर पर खून सवार था। ऊषा देवी को घायल करने के बाद दोनों आरोपी सपना पर हमलावर हुए। सपना जान बचाने के लिए भागी। आरोपियों ने चाकू लेकर उसे दौड़ाया। गनीमत रही उसके पिता हरिशंकर मौके पर पहुंच गए। उनके पहुंचते ही दोनों आरोपी फरार हो गए।

### पति की ओर से दर्ज किया गया मुकदमा

मृतका ऊषा देवी के पति हरिशंकर सब्जी की खेती करते हैं। गुरुवार को वह सब्जी बेचने मंडी गए थे। दोपहर में वह जैसे ही वह घर पहुंचे उन्हें घटना की जानकारी लगी। वह तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल पत्नी को वह अस्पताल ले गए लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। पुलिस ने हरिशंकर की ओर से आरोपी अमित पुत्र दीनदयाल और बल्लू पुत्र बाबू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

### हबीब गंज गौटिया में नशा अपराध की जड़

कस्बे की हबीब गंज गौटिया में शराब, सुल्फा, भांग, गांजा और स्मैक आदि का नशा हावी है। नई पीढ़ी नशे की जद में आकर अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं। हबीब गंज गौटिया में इससे पहले हुई आपराधिक घटनाएं भी नशे के कारण हुईं हैं। इसके बावजूद नशे पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। महिला ऊषा देवी की हत्या भी नशे के कारण हुई। उन्होंने नशा करने का विरोध किया और बदले में उन्हें मौत मिली।

## राजेंद्र गिरि स्टेडियम मे डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन करते हुए यूपी ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वाश होता है। स्वस्थ मस्तिष्क से ही स्वस्थ समाज के निर्माण को बल मिलता है।खेल कूद से स्वास्थ के साथ साथ टीम भावना उत्पन्न होती है जो हम सबको आपस में मिलकर सेवाभाव की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस टूर्नामेंट लगातार आयोजन के साथ 18 वें वर्ष में प्रवेश प आयोजन समिति की सराहना की। स्व.राजेंद्र गिरी स्टेडियम प, ई, का, गोला में बीती शाम उदघाटन अवसर खेले गए मैचों में यूपी ग्रामीण बैंक, पीटी आई इलेवन व राइन क्लबगोला ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को पराजित का टूर्नामेंट में बढ़त हासिल कर ली। उद्घाटन के पहले मक्त में यूपी ग्रामीण बैंक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मोहित 40, अरविंद 31 की मदद से 10 ओवरों 137 का स्कोर खड़ा कर दिया। तहसील, कलब ने पीछा करते हुए अतुल 58, राज18 की मदद देखभाल को रोमांचक बना दिया। लेकिन टीम के अन्य साथी न टिकबसेक और बैंक की टीम 4रनों से विजई रही। बाकी के दोनों मुकाबले एकतरफा साबित हुए और पीटी आई इलेवन तथा राइन क्लब निवासन जीत हासिल कर बढ़त हासिल कर ली। इस अवसर मैदान पर क्रिकेट का आनंद लेने को आयोजन समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरी, मंत्री के, के, शुक्ल, उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरी, कोषाध्यक्ष जोगेश साहनी उपमंत्री कमाल अहमद, राजेंद्र निषाद, राज कुमार राजपूत, श्रीराम राजपूत,सुभाष राजपूत, प्रमोद साहनी, राम गुलाम पांडेय तथा एन, डी, शर्मा, विष्णु अवतार रस्तोगी, अजय गिरी, मोहित पूरी सहित भारी संख्या में खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद थे।

### निशुल्क नेत्र शिविर में 250 लोगों का हुआ परीक्षण

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका परिषद में लगे निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का उद्घघाटन अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा,समाजसेवी अशोक सक्सेना ने फीता काटकर किया।डॉ श्राफ चैरिटी आई हास्पिटल सहदेवा मोहम्मदी के सौजन्य से लगे नेत्र शिविर में डॉ रुकइया, डॉ प्रतीक, विपिन पाण्डेय, समीर अली, शोभित दीक्षित, अमित राठौर, भावना, जयसिंह, मुस्कार, राजकुमारी, रत्ना, रूपम, डॉ मनीष, नौरीन, मोहिनी, नईमा बानो ने 250 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया। जिसमें 90 मोतियाबिंद से ग्रसित मिले, 40 मरीजों को अस्पताल की बस से मोहम्मदी सहदेवा ले जाया गया, जहां उनका निःशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन किया जायेगा।

पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने बताया कि नगर सहित क्षेत्रीय लोगों को नेत्र संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद में नेत्र शिविर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सभासद धर्मेन्द्र बाल्मीकि, हरिओम वर्मा, आशीष अवस्थी, सुशील कश्यप, मीडिया प्रभारी विजय प्रकाश मिश्र, भाजपा नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, काके सहगल, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, गीता विश्वकर्मा आदि।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

मुडा निजाम चौकी क्षेत्र के गांव सहजनियां के पास रात में बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।पुलिस के अनुसार राजेश उर्फ राजेश्वर 40 वर्ष पुत्र जोखेलाल निवासी देवलरिया अपनी बाइक से खुटार जरूरी काम को लेकर बुधवार को गया था। रात 11 बजे घर वापसी करते समय गांव सहजनिया के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मिले दस्तावेजों से परिजनों को सूचना दी गई थी। गुरुवार को परिजनों के शिनाख्त करने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मामले की विवेचना चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद को सौंप गई है।

## आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सौंपा ज्ञापन




जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

गुरुवार बजे सहकारी समिति कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी तहसील पहुंचे। संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया कि थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव खंजनपुर में बसूली के दौरान सहायक विकास अधिकारी एवं उनके साथ मौजूद टीम के साथ अभद्रता की गई थी। इस मामले में पुलिस ने 24 मई को मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बावजूद अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। इस पर कर्मचारियों ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा, अनूप कुमार गुप्ता, संजय सिंह, अभिषेक और विजय कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## बरखेड़ा की धरती पर जन प्रतिनिधित्व के आदर्श स्वामी प्रवक्तानंद

■ अलखेश्वर महादेव से लेकर जनदर्शन तक एक आध्यात्मिक जननेता की कहानी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

राजनीति यदि जनसेवा का माध्यम बन जाए, तो वह केवल शासन नहीं, एक संस्कार बन जाती है। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद की बरखेड़ा विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद अक्रिय हरि जी महाराज इस विचार को न केवल आत्मसात करते हैं, बल्कि उसे अपने जीवन का ध्येय बना चुके हैं। वे राजनीति को किसी मंचीय भाषण, चुनावी घोषणा या सत्ता के सिंहासन तक सीमित नहीं रखते, बल्कि जनता के सुख-दुख में सहभागी बनकर उस लोकसेवा को साधना का स्वरूप दे चुके हैं। जब उन्होंने पहली बार विधायक बनने पर अपनी वेतन व निधि से हजारों गरीब महिलाओं को साड़ियां, बुजुर्गों को कुर्ता-पायजामा, गमछे और पुरुषों को पैंट-शर्ट वितरित किए, तभी जनमानस ने समझ लिया था कि अब कोई राजनेता नहीं, बल्कि अपना बेटा, भाई और संरक्षक विधायक बना है। और आज भी यह सेवा अनवरत रूप से चल रही है, जो स्वामी प्रवक्तानंद के 'कर्म योग' का जीवंत प्रमाण है। बरखेड़ा ही नहीं, पूरे जनपद में उनकी लोकप्रियता का एक बड़ा कारण उनका धार्मिक समर्पण भी है। स्वामी जी ने पीलीभीत की पावन भूमि पर स्थित अलखेश्वर महादेव मंदिर का पुनर्निर्माण कराकर न केवल आध्यात्मिक चेतना का केंद्र स्थापित किया, बल्कि उसे सांस्कृतिक संगम का प्रतीक भी बना दिया। जब जिले के प्रतिष्ठित पत्रकारों के साथ रुद्राभिषेक और देवी पूजन जैसे आयोजनों में उनकी अगुवाई दिखती है, तब यह स्पष्ट होता है कि वे धर्म, पत्रकारिता और जनमानस-तीनों को एक सूत्र में पिरोने की क्षमता रखते हैं। स्वामी जी की यह जनसेवा केवल धार्मिक आयोजनों या वस्त्र वितरण तक सीमित नहीं है। उनका 'जनदर्शन' कार्यक्रम एक जीवंत लोकतांत्रिक प्रयोग बन चुका है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं और अधिकांश को उसी समय समाधान मिलता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हर आगंतुक का आत्मीय स्वागत होता है, जिसमें चाय-नाश्ता, भोजन और सम्मान की भावना सम्मिलित होती है। यह व्यवहार बताता है कि वे सत्ता के शिखर पर बैठकर जनता को नहीं देखते, बल्कि जमीन पर उतरकर उन्हें समझते हैं। धार्मिक योगदानों की बात करें तो स्वामी जी ने हर मंदिर, आश्रम, गौशाला में निःस्वार्थ भाव से योगदान दिया है। हाल ही में पंच प्रयाग आश्रम, न्यूरिया में निर्माणाधीन मंदिर के लिए उन्होंने अपनी वेतन से 1.25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देकर यह सिद्ध कर दिया कि उनके लिए राजनीति का अर्थ केवल पद और प्रभाव नहीं, बल्कि परमार्थ और परोपकार है। बरखेड़ा क्षेत्र की जनता ने भी उन्हें उसी प्रेम और विश्वास से अपनाया है। हाल में आयोजित पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में भारी भीड़ और उत्साह इसका प्रमाण बनी। यह कार्यक्रम केवल एक सभा नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर सार्थक संवाद भी था, जो अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। स्वामी प्रवक्तानंद की पहचान केवल एक विधायक की नहीं रही। वे एक पिता की तरह कन्याओं के विवाह में मदद करते हैं, एक पुत्र की तरह बुजुर्गों की सेवा करते हैं, एक मित्र की तरह युवाओं की समस्याएं सुनते हैं, और एक धर्माचार्य की तरह सामाजिक मूल्यों की रक्षा करते हैं। आज जब राजनीति में संवेदनशीलता, नैतिकता और जनसंपर्क की कमी महसूस की जाती है, तब स्वामी प्रवक्तानंद जैसे जनसेवकों की उपस्थिति एक नई आशा, एक नई ऊर्जा देती है। बरखेड़ा क्षेत्र की जनता निश्चय ही सौभाग्यशाली है कि उसे ऐसा जनप्रतिनिधि मिला है, जो धर्म, सेवा और नेतृत्व का त्रिवेणी संगम है।


स्वामी प्रवक्तानंद

# नीदरलैंड से आए दंपति को पुलिस ने हिरासत में लेकर किया पूछताछ

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के चटिया गांव के एक घर से नीदरलैंड राष्ट्र की निवासी दंपति को सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ ठूठीबारी थाने लाया जहां जांच के दौरान कागजात सही पाए गया। पुलिस ने विदेशी नागरिकों से पूछताछ और जांच पड़ताल के बाद पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज सही पायें जाने पर छोड़ दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात करीब 9 बजे ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चटिया गांव के एक घर से 22वीं वाहिनी एसएसबी और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने नीदरलैंड निवासी दंपति को हिरासत में लेकर ठूठीबारी कोतवाली लायीं।

इस दौरान जांच के दौरान नीदरलैंड देश के सूरीनाम जिले के निवासी शिक्करियम मोहम्मददवाद तथा उसकी पत्नी रसीदें दोनों पति-पत्नी बताये गये। घंटों जांच के बाद पासपोर्ट वीजा सही पायें जाने पर छोड़ दिया गया। सुरक्षा एजेंसियों के पुछताछ में पता चला की चटिया गांव निवासी सज्जाद 2022 में सौदी अरब कमाने गया था इसी दौरान एक होटल में नीदरलैंड निवासी दंपति से मुलाकात हुआ जहां दंपति को अपने गांव आने के लिए आमंत्रित किया था जिस पर 2024 में दंपति चटिया गांव आयें और कुछ दिन बिताने के बाद वापस चलें गये थे। फिर दुबारा 27 मई को गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे जहां सज्जाद के परिवार के मोहम्मद सफ्फी रिसीव कर चटिया गांव लाया जैसे ही इसकी भनक सुरक्षा एजेंसियों को हुआ तो पुछताछ शुरु कर दिया। सूत्रों की मानें तो वृद्ध विदेशी दंपति शुगर आदि से ग्रसीत है ऐसे में विदेश भ्रमण करने की कौन सी जरूरत आ पड़ी जिस पर सुरक्षा एजेंसियों की नजर हर पहलुओं पर बनी हुई है। इस संबंध में ठूठीबारी कोतवाली कार्यवाहक प्रभारी प्रणव ओझा ने बताया की नीदरलैंड निवासी दंपति का जांच के दौरान पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज सही पाए जाने पर छोड़ दिया गया। दंपति को पुलिस ने लाया थाने, पुछताछ कर छोड़ा।

## उमस भरी गर्मी में चरमराई बिजली व्यवस्था

जन एक्सप्रेस। देवरिया

बिजली निगम की ओर से भले ही नगरीय क्षेत्र में 24 और ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है, लेकिन हकीकत इससे अलग ही है।

गर्मी व उमस के बीच नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। जिससे उपभोक्ताओं को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। तरकुलवा विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत नगर पंचायत तरकुलवा व पथरदेवा सहित लगभग 450 गांवों की बिजली मंगलवार की शाम को पांच बजे कटी तो भोर में तीन बजे तक गुल रही। उमस भरी गर्मी से बेहाल लोगों को छतों और बाहर टहल कर रात गुजारनी पड़ी। ऐसा नहीं है कि यह कटौती केवल ग्रामीण क्षेत्र में ही रही। नगर क्षेत्र के गांवों में भी पूरी रात आपूर्ति ठप रही। सुबह तीन बजे आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद भी पूरे दिन बिजली के आने-जाने का क्रम चलता रहा। लोगों का कहना है कि कभी मेन लाइन में ब्रेकडाउन तो कभी फीडर और कसया पॉवर हाउस में खराबी के चलते अक्सर आपूर्ति ठप रहती है।

# एसपी ने व्यापारियों के साथ की बैठक सीसीटीवी सक्रिय रखने के दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस। महराजगंज

जनपद के पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने पुलिस कार्यालय स्थित तथागत सभागार में व्यापारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यापारियों ने अपनी-अपनी समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं।

व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए एसपी सोमेंद्र मीना ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी व्यापारियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने दुकानों में सीसीटीवी कैमरे से लैस कर उसे हमेशा सक्रिय रखें और समय-समय पर उनकी जांच भी करते रहें। इससे किसी भी आपराधिक घटना की स्थिति में जांच में मदद मिलेगी और अपराधियों की पहचान करना आसान होगा।

एसपी मीना ने यह भी कहा कि पुलिस प्रशासन व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन सुरक्षा तभी और प्रभावी हो सकती है जब व्यापारी स्वयं भी सजग रहें और तकनीकी साधनों का सही तरीके से उपयोग करें। उन्होंने दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने, संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस प्रशासन को देने, और बाजारों में अराजक तत्वों तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर बनाए रखने की अपील भी किया है। बैठक में पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ व्यापार मंडल के पदाधिकारी व व्यापारी उपस्थित रहे। सभी ने पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए इस संवाद और पहल की सराहना की तथा व्यापारिक माहौल को सुरक्षित और सहयोगपूर्ण बनाए रखने का संकल्प लिया।

# प्रसूता की मौत, तीमारदारों ने अस्पताल में किया हंगामा

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान प्रसूता की मौत बुधवार की रात हो गई। नाराज घरवालों ने हंगामा शुरू कर दिया। अस्पताल में तोड़फोड़ भी किया। मामला बढ़ता देख डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाराज लोगों को शांत कराया। देर रात तक इलाज में प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर व संचालक की गिरफ्तारी की जिद पर अड़े रहे। वहीं नवजात बच्ची स्वस्थ्य बताई जा रही है। पडरौना कोतवाली के सेमरिया बाजार गांव निवासी सत्येंद्र प्रसाद की 28 वर्षीय पत्नी रीना को बुधवार को दिन में 9 बजे प्रसव पीड़ा होने पर परिजन रविन्द्र नगर के सांस्कृत्यायन हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे। घरवालों के अनुसार जांच के बाद डॉक्टर ऑपरेशन की बात कही। घरवालों ने इसके लिए रुपये जमा कर दिया और दोपहर में ऑपरेशन से बच्ची पैदा हुई। रात करीब 10 बजे अचानक रीना की तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। इसकी जानकारी होने के बाद परिजन हंगामा करने लगे तो अस्पताल में तैनात वर्करों ने मारपीट शुरू कर दिया। इसके बाद सत्येंद्र के रिश्तेदार भी पहुंच गए और जमकर हंगामा किए। रविन्द्र नगर थानाध्यक्ष शरद भारती ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## नायब नाजिर को हिरासत में रखने पर डीएम से मिले कर्मचारी

जन एक्सप्रेस। देवरिया

सदर तहसील के नायब नाजिर को पांच दिन से पुलिस हिरासत में रखने के विरोध में बुधवार को उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारी डीएम दिव्या मित्तल से मिले। डीएम ने विधिक प्रक्रिया का पालन कराने का आश्वासन दिया।

इससे पहले उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ की बैठक कलक्ट्रेट स्थित संघ भवन में हुई। इसमें सदर तहसील से टैबलेट चोरी पर चर्चा की गई। कहा गया कि कलक्ट्रेट के वरिष्ठ लिपिक राकेश कुमार श्रीवास्तव सदर तहसील में नायब नाजिर के पद पर तैनात हैं। उन पर गलत तरीके से चोरी का आरोप लगाया गया है। नायब तहसीलदार रामपुर कारखाना व तहसीलदार देवरिया पे बिना किसी उच्चाधिकारी से जांच कराए एक पक्षीय कार्रवाई की है।

# आरएएफ व पुलिस की संयुक्त टीम ने किया फ्लैग मार्च

जन एक्सप्रेस। ठूठीबारी/महराजगंज




भारत नेपाल बार्डर से सटे ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने व सुरक्षा के मद्देनजर 91वी बटालियन के रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) व स्थानीय कोतवाली पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने नोमैन्स लैंड का निरीक्षण कर मिश्रित आबादी का परिचितीकरण कराया व फ्लैग मार्च किया। आरएएफ के अधिकारियों ने इलाके की भौगोलिक स्थिति का जायजा लेते हुए क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की।

आरएफ के सहायक कमांडेंट जगदीप सिंह ने बताया कि कमांडेंट जितेंद्र कुमार ओझा के निर्देश पर सदस्यों की टीम महराजगंज जिले के विभिन्न थानों की पुलिस के साथ क्षेत्र भ्रमण कर विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए पूर्व अभ्यास करेगी। जिसमे भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, हिन्दू-मुस्लिम की आबादी, साक्षर निरीक्षण प्रतिशत व भूतकाल में घटित घटनाओं के बारे में डाटा संग्रहित किया। जिससे भविष्य में किसी प्रकार स्थिति उत्पन्न होने पर कम समय में स्थान पर पहुंचकर प्रभावी कार्यवाही किया जा सके।

कोतवाली के एसआई दिव्य प्रकाश मौर्य ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस व रैपिड एक्शन के जवानों द्वारा ठूठीबारी नगर में फ्लैग मार्च किया गया है। कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा शांति व्यवस्था में कोई व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया तो ऐसे लोगो के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किया जाएगा। इस दौरान एसआई अनुराग पाण्डेय, राजनरायन सिंह, विक्की शाह, बबन वर्मा, अंशुम यादव, निलेश पाण्डेय, आरएफ अनुज सिंह सहित कई जवान भारी संख्या में मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-बड़ेपुर, विकास खंड-जलालपुर, जनपद-अम्बेडकर नगर

पत्रांक: मेमो/पंचायत/निविदा/2024-25 | दिनांक: 29.05.2025

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

**ग्राम पंचायत बड़ेपुर, विकास खंड जलालपुर में** राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना वर्ष 25-26 के निम्नलिखित परियोजनाओं के निर्माण कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु फर्म के लेटर पैड पर मुहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें **दिनांक 30-05-2025 से 04-06-2025 तक प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें दिनांक **04-06-2025 को सायं 4 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा के नियम व शर्तें पत्र में अंकित हैं:-

| क्र. | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री का ब्यौरा |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी के बगल से आशीष के छप्पर तक नाली निर्माण कार्य। | 3 लाख 60 हजार दो सौ नब्बे | गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |
| 2. | ग्राम पंचायत में विश्वकर्मा बस्ती में नाली निर्माण कार्य। | 2 लाख 50 हजार | गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |
| 3. | ग्राम पंचायत में कृपाल के घर से नाली तक भूमिगत नाली निर्माण कार्य। | 1 लाख | गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |
| 4. | ग्राम पंचायत में जगरूप के घर से नाली तक भूमिगत नाली निर्माण कार्य। | 1 लाख | गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |
| 5. | ग्राम पंचायत में राकेश के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 1 लाख | गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |
| 6. | ग्राम पंचायत में इंदु के घर से खड़ंजा तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 2 लाख | गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |
| 7. | ग्राम पंचायत में पिच रोड से काली स्थान तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 4 लाख | गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |
| 8. | ग्राम पंचायत में भगौती के खेत से नारद मुनि के घर तक खडंजा निर्माण कार्य। | 4 लाख | गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |
| 9. | ग्राम पंचायत में डीह बाबा स्थान तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 2 लाख 90 हजार | गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |
| 10. | ग्राम पंचायत में उमेश के घर से बाबूराम के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 4 लाख | गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |
| 11. | ग्राम पंचायत में नाली निर्माण कार्य। | 2 लाख | गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |
| 12. | ग्राम पंचायत में मानदेय भुगतान। | 2 लाख | |
| 13. | ग्राम पंचायत में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर कार्य। | 1 लाख 61 हजार | आवश्यक सामग्री |
| 14. | ग्राम पंचायत में शोक पीट निर्माण कार्य। | 1 लाख | गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |

**नियम व शर्तों का विवरण:-**

1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु सूचित किया जायेगा।
2- आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए ग्राम पंचायत स्वतंत्र होगी।
3- फर्म जी0 एस0 टी0 पंजीकृत हो व आयकर दाखिल करने की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
4- जो दरें प्रस्तुत की जायें, वह दरें जी0एस0टी0 तथा ढुलाई, लदाई, उतरवाई तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
5- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेंगी।
6- प्रस्तुत दरें PWD द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए।
7- स्वीकृत आपूर्ति कर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मांग के उपरान्त ही किया जायेगा। गुणवता खराब होने पर आपूर्ति कर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।
8- बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

**विनोद कुमार गुप्ता**
ग्राम प्रधान

**मंशाराम चौरसिया**
ग्राम पंचायत सचिव


# आपूर्ति निरीक्षक और अधिवक्ता का एडीएम ने दर्ज किया बयान

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

शुक्ल भुजौली गांव के कोटे की दुकान चयन को लेकर पडरौना आपूर्ति निरीक्षक और अधिवक्ताओं के बीच हुए विवाद की डीएम के आदेश पर मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गई। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर कोतवाली में केस दर्ज कराया है। अधिवक्ताओं ने पूर्ति निरीक्षक की ओर से लगाए गए आरोप को गलत बताते हुए जांच की मांग किया था। डीएम के आदेश पर एडीएम के नेतृत्व में मजिस्ट्रियल जांच कर रहे हैं। घटना के बाद से पडरौना तहसील के पूर्ति कार्यालय में ताला बंद हैं। बुधवार को एडीएम अपने कार्यालय में बुलाकर दोनों पक्ष के लोगों का बयान दर्ज किए। शुक्ल भुजौली गांव में शिकायत पर कोटे की दुकान की जांच हुई। जांच के बाद दूसरे को दुकान का आवंटित करने के लिए प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान 13 मई को कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन के महामंत्री राजीव मिश्रा और दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता इनके चाचा उमेश मिश्रा पडरौना तहसील कैंपस में संचालित आपूर्ति में निरीक्षक बैधनाथ सिंह के पास पहुंचे और जांच रिपोर्ट मांगे। इसको लेकर बात इतनी बढ़ गई कि मारपीट हो गई और दोनों पक्ष के लोगों को चोटें आई। आपूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन के महामंत्री और इनके चाचा समेत तीन लोगों पर केस दर्ज पुलिस ने किया है। वहीं अधिवक्ता की तहरीर पर आपूर्ति निरीक्षक पर भी पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस इसकी विवेचना कर रही है। इसके बाद अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल डीएम महेंद्र सिंह तंवर से मिलकर आपूर्ति निरीक्षक की ओर से लगाए गए आरोप को गलत बताया। इस पर डीएम ने एडीएम के नेतृत्व में मजिस्ट्रियल जांच बैठा दी है।

# 'महिला कैदियों के साथ रहने वाले बच्चों के लिए दूध की करें व्यवस्था'

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर ने बुधवार को जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में कुशीनगर से संबंधित सिद्धदोष पुरुष बंदी 33, महिला चार, विचाराधीन पुरूष बंदी 680, विचाराधीन महिला बंदी 37, अल्पव्यस्क 34, सिविल बंद्री चार, अन्य बन्दी एक, महिला बंदी के साथ रह रहे बच्चों की संख्या तीन समेत कुल बंदियों की संख्या 793 मिली। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने पाकशाला और बैरकों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याएं सुनी, जिसमें निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने और महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देश दिए।

इस दौरान जिला कारागार अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला, कारापाल राजकुमार वर्मा, डिप्टी जेलर मोतीलाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## लापरवाह आशा कार्यकर्ताओं को नोटिस देने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक बुधवार को सीएमओ कार्यालय के धन्वंतरि सभागार में हुई। इसमें सीएचसी, पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों व अन्य अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। सीडीओ प्रत्युष पांडेय ने कहा कि जिन आशा कार्यकर्ताओं का कार्य सही नहीं है, उन्हें नोटिस देते हुए कार्रवाई की जाए। इस दौरान एसीएमओ डॉ. अजय शाही, एसीएमओ डॉ. एसके सिन्हा, डीएमओ डॉ. सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, एआरओ राकेश चंद आदि मौजूद रहे।

# सरहद पार से पैदल आई दुल्हन... सिर पर सामान लिए लौटे बराती, नेपाल के नवलपरासी गई थी बारात

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



महराजगंज में कनमिसवा बॉर्डर पर सख्ती के कारण दुल्हन पैदल आई। बराती सिर पर सामान लिए लौटे। भारत से नेपाल के नवलपरासी बरात गई थी।

भारत-नेपाल बॉर्डर पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से सख्ती बरती जा रही है। बुधवार को थाना क्षेत्र के नेपाल बॉर्डर कनमिसवा से होकर आ रहे बरातियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दूल्हे ने जहां दुल्हन को लेकर पैदल ही सरहद पार की, वहीं विदाई में मिले सामान को बराती अपने सिर पर लेकर भारतीय सीमा क्षेत्र में पहुंचे।

सीमा में प्रवेश के बाद दोनों को गाड़ी से घर ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक, भारत नेपाल के सीमा क्षेत्र के अधिकांश परिवारों के रिश्ते दोनों देशों में हैं। लेकिन हाल के दिनों में सीमावर्ती क्षेत्र में पाकिस्तानी व बांग्लादेशी संदिग्धों और ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद से ही बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसियों की ओर से काफी सख्ती बरती जा रही है।

वहीं लगन शुरू होते ही पहले से तय शादियों को मुहूर्त देखकर पूर्ण किया जा रहा है। बताया जा रहा कि 27 मई को थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया निवासी विजयमल गौतम की बरात नेपाल के नवलपरासी जिला अंतर्गत सुस्ता नंबर पांच महलबारी में मिश्रीदास गौतम के वहां गई थी।

दूल्हे विजयमल गौतम ने बताया कि सीमा पर उनकी गाड़ी को नेपाल जाने से रोक दिया गया। वह बरातियों के साथ पैदल सीमा पार कर नेपाल पहुंचे। यहां से दूसरे गाड़ी की मदद से सुस्ता नंबर पांच महलबारी पहुंचे। वापसी में वह गाड़ी से दुल्हन को साथ लेकर सीमा पर पहुंचे, जहां पर एक बार फिर उनकी गाड़ी को रोक दी गई। ऐसे में वह दुल्हन कंचना गौतम को पैदल लेकर सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र पहुंचे। वहां से भारतीय वाहन से फिर अपने घर को गए। वहीं विदाई में मिले सामान को भी बरातियों की मदद से पैदल सीमा पार कराया गया।

सामान को भी कई बराती सिर पर लेकर सीमा पार ले आए। दुल्हन के पिता रामप्रसाद ने बताया की सीमा पर सख्ती होने से दोनों तरफ गाड़ियां तय करनी पड़ी। तब जाकर दुल्हन और सामान घर तक पहुंचा।

इससे जेब पर भारी खर्च पड़ रहा है। बॉर्डर क्षेत्र के ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से मांग की कि लगन को देखते हुए दूल्हे और दुल्हन की गाड़ियां इस पार से उस पार जाने दिया जाए, ताकि शादी की रस्म पूरी हो सके।

# वारदात के 12 घंटे में गोली कांड का पुलिस ने किया खुलासा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के थाना महाराजगंज तराई क्षेत्रांतर्गत एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल करने की घटना का 12 घण्टे में खुलासा करते हुए घटना मे शामिल अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अवैध पिस्टल व 02 जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 29 मई को बताया कि पीड़ित विनय वर्मा पुत्र छोटू वर्मा निवासी दयालीडीह सुदर्शनजोत थाना महाराजगंज तराई जनपद बलरामपुर ने थाना महाराजगंज तराई में दिनांक 28 मई 2025 को तहर देकर सूचना दिया कि उसका चचेरा भाई राजन वर्मा पुत्र जल्ले वर्मा उर्फ मुन्ना लाल वर्मा मेरे घर के सामने बात कर रहा था उसी समय मेरे गांव के अनुपम यादव पुत्र तुलसीराम यादव ने जान से मारने की नियत से मेरे चचेरे भाई राजन वर्मा को गोली मार कर घायल कर दिया।

इस सूचना के आधार पर थाना महाराजगंज तराई पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही शुरू की गयी। उन्होंने बताया कि 29 मई को थानाध्यक्ष महाराजगंज तराई अखिलेश कुमार पाण्डेय व पुलिस टीम के द्वारा घटना का 12 घण्टे के अन्दर खुलासा करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त अनुपम यादव पुत्र तुलसीराम यादव निवासी दयालीडीह सुदर्शनजोत थाना महाराजगंज तराई जनपद बलरामपुर को बलरामपुर तुलसीपुर मार्ग रमईडीह चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक नाजायज पिस्टल 7.65 एमएम व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। अवैध पिस्टल की बरामदगी के आधार पर अभियोग में आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त अनुपम यादव पुत्र तुलसीराम यादव निवासी दयालीडीह सुदर्शनजोत थाना महाराजगंज तराई जनपद बलरामपुर से घटना के संबंध में गहन पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि कल दिनांक 28 मई 25 को मेरे गांव में क्रिकेट मैच हो रहा था जिसमें मैच के दौरान मेरा राजन वर्मा से वाद विवाद हो गया था तो उसने मुझे अपशब्द बोल दिया जो मुझे बहुत खराब लग गयी थी विवाद बढ़ता देख लोगों ने बीच बराव करके हम लोगों को अलग कर दिया था लेकिन मैं हर हाल में बदला लेना चाहता था। मैं मैच छोड़कर अपने दूसरे घर भवनियापुर तुलसीपुर गया और वहां से मैं अपनी नाजायज पिस्टल और कारतूस लिया और वापस गांव आकर राजन वर्मा को ढूढ़ने लगा तो वह मुझे रास्ते में फोन पर बात करते मिल गया। मैने वहीं उसको गोली मार दिया और मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना महाराजगंज पुलिस टीम के थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय, उ0नि0 दिग्विजय यादव, हे0का0 बृजेश यादव, का0 सर्वेश कुमार, का0 हामिद रजा, का0 अर्जुन प्रसाद वर्मा, का0 भरत सिंह तथा स्वाट व सर्विलांस टीम के हे0का0 पवन पटेल, हे0का0 श्याम नरायन, हे0का0 शशांक शेखर यादव, का0 अखिलेश व का0 विशाल द्विवेदी शामिल थे।

## आकांक्षी जनपद के प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम की अध्यक्षता में आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

गुरुवार को डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जनपद हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, फाइनेंशियल इंक्लूजन, कृषि, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर निर्धारित सूचकांक पर प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिसमे डीएम ने सभी सूचकांकों की विस्तृत समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को मानक को पूर्ण करते हुए सभी सूचकांक को संतृप्त किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को डिलीवरी प्वाइंट के रूप संचालित किए जाने, बैंकिंग योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों से जोड़े जाने सहित अन्य आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन विकास कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने गुरुवार को बलरामपुर नगर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार 29 मई को नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र मौर्य के साथ झारखंडी सरोवर, तुलसीपार्क के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, टीचर्स कालोनी, रानी तालाब सरोवर के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य तथा सुआव के पास बने कर्बला का निरीक्षण कर कार्य के प्रगति की समीक्षा की। नगर पालिका अध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में जो भी विकास कार्य चल रहे हैं, वह गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने निर्माण सामग्री को परखा और चल रहे विकास कार्यों को और भी बेहतर ढंग से करने के बारे सुझाव मांगे जिससे कार्य को बेहतर बनाया जा सके। इस अवसर पर डीपी सिंह बैस,संजय शर्मा,जेई सिविल अविनाश यादव, जेई जल धर्मेंद्र कुमार गौड़, सभासद राघवेंद्र कांत सिंह मंटू व गौरव मिश्रा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# महिला संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के विकास खण्ड अकबरपुर के डवाकरा हाल में महिला सशक्तिकरण हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी राजेन्द्र वर्मा ब्लॉक मिशन प्रबंधक विकास, प्रमोद वर्मा, प्रीती सागर, रोली वर्मा और स्वयं सहायता समूहों से 46 महिलाए उपस्थित थी।

गोष्ठी के दौरान प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, महिला मेट, मनरेगा महिला मजदूर तथा राष्ट्रीय गामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी को चाबी वितरण कर सम्मानित किया गया। साथ ही मां शेरावाली स्वयं सहायता समूह की दीदी शालिनी द्वारा सफलता की कहानी भी सुनाई गई। और बताया कि किस प्रकार महिलाएं आजीविका संवर्धन कार्यकर लखपती दीदी क्लब में शामिल हो रही है।

# समर कैंप में बच्चों को कराया गया विभिन्न गतिविधियों से परिचित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में गुरुवार को समर कैंप का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 29 मई को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी के नेतृत्व में एक समर कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एवं समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही। समर कैंप के दौरान बच्चों ने विभिन्न रचानात्मक शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों जैसे कि कला, संगीत, नृत्य, योग, कंम्यूटर, सावर डांस, खेलकूद और व्यक्तित्व विकास में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह समर कैंप छात्र-छात्राओं के लिए एक यादगार अनुभव रहा और उन्होंने इससे अनेक नई चीजें सीखी। इस अवसर पर संगीत अध्यापक हर्षित यादव ने बच्चों को गायन व वाद्य यंत्रो में गिटार, ट्रिपलेट, हारमोनियम, की पैड, ढोलक व ड्रम मैट आदि का प्रशिक्षण कराया प्रशिक्षण में कक्षा-1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें गिटार में अर्थव सेन, एस0के0 सौर्य, सक्षम सिंह, ट्रिपलेट में देव शुक्ला, सौर्य प्रताप सिंह, उत्कर्ष शुक्ला, हारमोनियम में आदित्य राज मिश्रा, दिव्यांश गुप्ता, की पैड में शिवांस हेत, एस के आदित्य, ढोलक में उत्कर्ष शुक्ला तथा ड्रम मैट में देव शुक्ला ने बहुत ही सुन्दर व मनमोहक प्रस्तुति दी, साथ ही इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में सावर डांस तथा बाथ टब की व्यवस्था की गयी थी, जिसमें विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चे, सावर डांस में नृत्य किया एवं बाथ टब मे एक साथ स्नान करते हुए खूब मस्ती किया। विद्यालय की अध्यापिका उर्वशी शुक्ला व किरन मिश्रा की संरक्षता में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक नृत्य व एकल नृत्य का अभ्यास किया जिसे खूब सराहा गया। इसी क्रम में कम्प्यूटर अध्यापक उमेश तिवारी व कुंवर सिंह ने जूनियर व सीनियर ग्रुप के छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर प्रोगामिंग व कम्प्यूटर से जुड़ी हुयी सारी जानकारियों को बताया। साथ ही विद्यालय कोच अमित राणा की संरक्षता में विद्यालय के जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग के बालकों में बाक्सिंग कराया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। साथ ही बच्चों को योगा का अभ्यास कराया गया। समर कैंप के दौरान बच्चे बहुत उत्साहित दिखे। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि समर कैंप का आयोजन छात्रों की छुट्टियों को रचनात्मक एवं उपयोगी बनाने के उद्देश्य से किया गया। समर कैंप का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना तथा उनकी प्रतिभाओं को निखारना था। जिससे प्रत्येक छात्र को अपनी रूचि के अनुसार सीखने और प्रतिभा दिखान का अवसर मिले। अभिभावकों ने इस आयोजन की सरहना करते हुए विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया।




यह समर कैंप विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों को उत्साह और शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कैंप बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को विकसित करते है।

# जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक आयोजित



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार मौजूद रहें।

बैठक में डीएम एवं एसपी द्वारा उद्यमियों की शिकायतों और समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया एवं आवश्यक कार्यवाही के निर्देश संबंधित को दिए गए। उन्होंने स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की एवं लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों को स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन पत्रों का निर्धारित समय सीमा के भीतर ऋण उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, अपर पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त उद्योग, डीसी जीएसटी, उद्यमी एवं व्यापारीगण व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेटों को दी गई स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में गुरुवार को एनसीसी कैडेट्स को कौशल भारत और कुशल भारत के मंत्र के विषय में जानकारी दी गई।

जानकारी के अनुसार 29 मई को 51 यूपी बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में वाइब्रेंट विलेज (जीवंत गांव कार्यक्रम) के अंतर्गत कौशल भारत कुशल भारत के संबंध में जिला सेवा योजना अधिकारी मीता गुप्ता, डॉक्टर शिवानंद पांडे, सर्वेश सिंह व स्वरोजगार योजना निदेशक पंकज वर्मा ने सरकारी नौकरियों की कमी को देखते हुए अपने अंदर कोई स्किल पैदा करने आलस छोड़ने तथा अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

निदेशक पंकज बर्मा ने कई स्वरोजगार संबंधित कोर्स की जानकारी दी तथा अपना धंधा शुरू करने के लिए बैंक लोन की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में घुघुलपुर और कांदभारी गांव के 200 गांव वासी के साथ 500 कैडेट्स और 30 एनसीसी के आर्मी और सिविल स्टाफ ने भी हिस्सा लिया। गांव वालों और एनसीसी कैडेट्स के प्रश्नोत्तर के साथ यह प्रतियोगिता समाप्त हुई।

# महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में शामिल हुए तुलसीपुर विधायक




**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर से विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने गुरुवार को महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर महिलाओं के लिए केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार 29 मई को महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत हरैया सतघरवा विकास खण्ड के मुख्यालय शिवपुरा में आयोजित महिलाओं के सम्मेलन केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित महिलाओं के सशक्तिकरण सम्बन्धी विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में लोगों को विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख विशाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सुनील आर्य, शिव प्रसाद यादव, राज बहादुर यादव सहित कई वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आंगनवाड़ी, आशा बहू, स्वयं सहायता समूह तथा अन्य विभिन्न समूहों की महिलाओं ने भाग लिया।

# ब्राईट समर पैलेट को भव्यता के साथ पेश किया गया

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



डिज़्नी के लिलो एण्ड स्टिच की थिएटर में रिलीज़ से पहले- मैक्स फैशन ने किड्स, टीन्स एवं यूथ के लिए अपने नए कलेक्शन का अनावरण किया है। यह शानदार कलेक्शन आईलैण्ड भावना एवं ट्रापिकल आकर्षण के साथ अपने प्रशंसकों को नए और रोमांचक स्टाइल्स लेकर आया है। हमने तकरीबन एक दशक पहले डिज़्नी थीम पर आधारित अपना पहला कलेक्शन लॉन्च किया था, हम हमेशा से डिज़्नी की सदाबहार कहानियों से प्रेरित रहे हैं। मैक्स फैशन के डिप्टी सीईओ सुमित चंदना ने कहा। क्लासिक कलानियों से प्रेरणा लेना हमारे युवा उपभोक्ताओं को हमारे कलेक्शन के साथ जोड़ने का अच्छा तरीका है। लिलो एण्ड स्टिच थीम पर आधारित यह नया कलेक्शन डिज़्नी के साथ हमारी मजबूत क्रिएटिव साझेदारी की पुष्टि करता है। मैक्स फैशन, जिसे अपने ट्रेंडी एवं सुलभ परिधानों के लिए जाना जाता है, ने 24 मई को मुंबई के मेगुमी में एक लाईव शो के दौरान इस वाइब्रेन्ट कलेक्शन का लान्च किया। इस अवसर पर जाने-माने इन्फ्लुएंसर्स अपने बच्चों के साथ रोमांचक फैशन वॉक करते नज़र आए, जिन्होंने कहानी की आईलैण्ड भावना को जीवन में उतारा। अभिनेत्री बिपाशा बासु इस शो की शो-स्टापर रहीं, जिन्होंने कलेक्शन के स्टाइलिश आकर्षण को दर्शाया। फिल्म से प्रेरित एलीमेन्ट्स, वाइब्रेन्ट प्रिंन्ट तथा ओरेंज, ब्रीज़ी ब्लू, रिफ्रेशिंग ग्रीन एवं ड्रीमी पेस्टल्स से सजे ब्राईट समर पैलेट को भव्यता के साथ पेश किया गया। पिछले कुछ सालों के दौरान मैक्स फैशन का कलेक्शन कैरेक्टर-उन्मुख लाइसेंसिंग से प्रेरित रहा है, जो रचनात्मकता के साथ मशहूर कैरेक्टर्स को फैशन में लाकर उपभोक्ताओं को लुभाता रहा है। यह हमें बड़े, रचनात्मक एवं बोल्ड तरीकों से दर्शकों के साथ जुड़ने के रोमांचक अवसर भी देता है। प्रिया निझारा, डायरेक्टर, डिज़्नी कन्ज़्यूमर प्रोडक्ट्स इंडिया ने कहा। यह कलेक्शन अब देश भर में मैक्स के 520 से अधिक स्टोर्स में ऑनलाइन मेक्स फ़ैशन डॉट कॉम पर उपलब्ध है। तो हर वार्डरोब में डिज़्नी के जादू को शामिल करने के लिए तैयार हो जाइए। यह डिज़्नी कन्ज़्यूमर प्रोडक्टस इंडिया के साथ मैक्स फैशन की नौवीं साझेदारी है, गौरतलब है कि डिज़्नी के जंगल बुक, डिज़्नी प्रिंसेस, स्टार वार्स, गार्जियन्स ऑफ गैलेक्सी आदि से प्रेरित मशहूर कलेक्शन्स ने ज़बरदस्त सफलता हासिल की है। हर रिलीज़ के साथ मैक्स फैशन ने कैरेक्टर- थीम पर आधारित कलेक्शन में मुख्य प्लेयर के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत बनाया है, और शानदार परिधानों के साथ उपभोक्ताओं की पसंद पर खरा उतरता रहा है।

# डॉ. भूदत्त शर्मा विधान परिषद नि. क्षेत्र मेरठ-सहारनपुर के प्रभारी बने

- क्षेत्र के लोगों और शिक्षकों में खुशी की लहर, मिठाई बांटकर, किया खुशी का इजहार

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**

शिक्षा के राष्ट्रपति और राज्यपाल के पुरस्कारों से सम्मानित डॉ. भूदत्त शर्मा को विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र मेरठ और सहारनपुर का प्रभारी बनाया गया हैं। इसकी घोषणा उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री आशीष कुमार सिंह ने कर दी है। इससे यहां डॉ. भूदत्त शर्मा के समर्थकों और शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। आज उन्होंने श्रीनवदुर्गा शक्ति मार्ग पर डॉ. भूदत्त शर्मा का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इंजहार किया।



देश विदेश में चीनी मिट्टी के बर्तनों के लिए विख्यात खुर्जा नगर के श्रीनवदुर्गा शक्ति मंदिर मार्ग निवासी डॉ. भूदत्त शर्मा उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष और आदर्श किसान इंटर कालेज जाहिदपुर के प्रधानाचार्य हैं। समाजसेवा, उत्कृष्ट शिक्षा और विश्व बंधुत्व के लिए शिक्षा के राष्ट्रपति और राज्यपाल के पुरस्कारों समेत करीब तीन दर्जन से अधिक ग्लोबल पुरस्कारों से सम्मानित डॉ. भूदत्त शर्मा कों उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ ने विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र मेरठ और सहारनपुर का प्रभारी बनाया हैं। विनोद गोयल और राम बाबू शर्मा को सह प्रभारी बनाया गया है। इसकी घोषणा उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री आशीष कुमार सिंह ने कर दी है। डॉ. भूदत्त शर्मा को विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र मेरठ और सहारनपुर का प्रभारी बनाए जाने से यहां क्षेत्र के लोगों और उनके समर्थक शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। आज दोपहर श्रीनवदुर्गा शक्ति मार्ग पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक और शिक्षक एकत्रित हुए। उन्होंने डॉ. भूदत्त शर्मा का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया, शुभकामनाएं दीं और मिठाई बांट कर अपनी खुशी जताई। मिठाई बांट कर अपने उत्साह और अपनी खुशी जताने वालों में मुकेश कुमार, जितेन्द्र सिंह, सतेन्द्र जादौन, मोहित रावत, प्रदीप कुमार, विनोद शर्मा, अभिषेक राघव, आरिफ खान, और सुमित शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# छह साल की मासूम से दुष्कर्म, आरोपी को सिर्फ 26 दिन में सुनाई गई 25 साल की सजा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



बीएनएस लागू होने के बाद सबसे तेज फैसला

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले की एक अदालत ने छह वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में ऐतिहासिक तेजी दिखाते हुए मात्र 26 दिनों में आरोपी को 25 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद अब तक का सबसे त्वरित फैसला माना जा रहा है।

अपर सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार द्वितीय की अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए आरोपी खुर्शीद आलम उर्फ मोहम्मद हमजा को दोषी करार दिया और उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। यह मामला जौनपुर के जफराबाद थाना क्षेत्र का है, जहां 27 अप्रैल 2025 को शिव मंदिर के बाहर खेल रही छह साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और जांच पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। 29 अप्रैल को कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया और 3 मई को आरोप तय कर दिए गए। विशेष बात यह रही कि चार्ज बनने के केवल 26 दिनों के भीतर ही अदालत ने इस गंभीर मामले में अंतिम फैसला सुना दिया, जो ब्नहस के तहत अब तक का सबसे कम समय में हुआ निर्णय है। शासकीय अधिवक्ता लाल बहादुर पाल ने बताया कि इस मामले में सात गवाहों की गवाही कराई गई और पूरी सुनवाई न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत बेहद पारदर्शी तरीके से पूरी की गई। अभियोजन पक्ष के वकील राजेश उपाध्याय ने कहा, यह मामला न्यायिक प्रणाली की गति और गंभीर अपराधों पर कठोर कार्रवाई का स्पष्ट संकेत देता है। अदालत ने संवेदनशीलता और तत्परता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह मामला न केवल न्यायपालिका की तेज कार्यशैली का प्रतीक बना है, बल्कि पीड़ित पक्ष को समय पर न्याय मिलने का भी उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# सूरज का सितम जारी, भयंकर लू-गर्मी से आम जनमानस बेहाल



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बस्ती जिले में सूर्य देवता का सितम कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। गर्मी के बढ़ते सितम की वजह से लोगों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों भयंकर गर्मी,लूं का प्रकोप देखने को मिलेगा। भीषण गर्मी आदमी का जीना मुहाल कर रही है, लेकिन सूर्यदेव रहम करने को तैयार नहीं, दोपहर की तपिश रात तक बरकरार रहती है। सड़कों पर दोपहर को सन्नाटा छाया रहता है। भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। हालत ये है कि सुबह से ही भयंकर गर्मी लोगों को परेशान करना शुरू कर देती है। दोपहर तक तो हालत ज्यादा बिगड़ जाते है। गर्मी में लोग पसीना पसीना हो जाते है। पंखे व कूलर भी राहत नहीं दे पाते। सड़कों तथा बाजारों में सन्नाटा छाया रहता है। गुरुवार को भी गर्मी के कारण लोग हलकान रहे। घरों से निकलने वाली युवतियों और महिलाओं ने जहां छातों का सहारा लिया तो वहीं पुरुष अंगोछे से चेहरे को ढककर निकले। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग जगह जगह लगे वाटर कूलरों पर पानी पीते नजर आए।



"बेवजह धूप में जाने से बचे, गर्मियों में हाइड्रेटेड रहने के लिए पर्याप्त पानी पीते रहें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से बचें,क्योंकि ये शरीर को डिहाइड्रेट कर सकते हैं। सिर, गर्दन, चेहरे और अन्य हिस्सों को धूप से बचाने के लिए नम कपड़े का उपयोग करें।

**डॉ राजेश पटेल**
**जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन**
**जिला हॉस्पिटल बस्ती**

### डॉ. राजेश पटेल से बातचीत के कुछ अंश गर्मी और लू से ऐसे बचे ऐसे रखे अपना ख्याल

- जितना संभव हो तेज धूप में बाहर जाने से बचें। खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच, जब सूर्य की किरणें सबसे ज्यादा तेज होती हैं।
- गर्मियों में हाइड्रेटेड रहने के लिए पर्याप्त पानी पीते रहें। भले ही आपको प्यास न लगी हो, लेकिन जितनी बार संभव हो, पानी जरूर पिएं।
- धूप में बाहर जाते समय, खासकर गर्मी के दिनों में हल्के रंग के, ढीले और हवादार सूती कपड़े पहनें।
- सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी, जूते या चप्पल का इस्तेमाल करें।
- उच्च तापमान के दौरान, बाहर हेवी एक्सरसाइज में शामिल होने से बचें, तो बेहतर होगा, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच
- अगर आप यात्रा कर रहे हैं, तो डिहाईड्रेशन से बचने के लिए हमेशा अपने साथ पानी रखें।
- शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से बचें, क्योंकि ये शरीर को डिहाइड्रेट कर सकते हैं।
- हाई प्रोटीन फूड्स से बचें और बासी भोजन खाने से परहेज करें। अगर बाहर काम करना जरूरी है, तो ठंडक पाने के लिए टोपी या छाते का उपयोग करने और अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अन्य हिस्सों को धूप से बचाने के लिए नम कपड़े का उपयोग करें।
- अगर आपको बीमारी या बेहोशी का कोई लक्षण महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर की मदद लें।

# शैक्षिक योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) डॉ. गोरखनाथ पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय के सभागार में परिषदीय विद्यालयों में संचालित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिले के सभी विकासखंडों के खंड शिक्षा अधिकारी और जिला समन्वयकगण मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. पटेल ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित प्रमुख योजनाओं की खंडवार समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बीएसए डॉ. पटेल ने स्पष्ट किया कि शैक्षिक योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, इन योजनाओं का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। यदि योजनाएं समय से लागू नहीं हुईं तो इसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ेगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ छात्रों तक सीधे पहुँचे, इसके लिए निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए।

साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी योजना केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका असर जमीनी स्तर पर दिखाई दे।

बैठक के अंत में बीएसए ने सभी अधिकारियों से फील्ड विजिट रिपोर्ट समय से प्रस्तुत करने और योजनाओं की मासिक प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से भेजने के निर्देश दिए।

### इन योजनाओं की हुई समीक्षा

निर्माण कार्यों की प्रगति
यू-डायस प्लस डाटा फीडिंग
समेकित शिक्षा अभियान
बालिका शिक्षा योजना
डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) योजना
प्रधानमंत्री पोषण योजना (पीएम पोषण)

### बीएसए का विशेष जोर

योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन
पारदर्शिता और जवाबदेही
छात्रों को योजनाओं से सीधा लाभ
गुणवत्ता में निरंतर सुधार

## मुकदमें में पैरवी को लेकर मिली धमकी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद।** जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत सुल्तानपुर गांव निवासी एक युवक को पिछले कुछ दिनों से जान से मारने की धमकियां मिल रही थी। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस से शिकायत किया तो पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। न तो धमकी देने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई की, न ही पीड़ित वादी का मुकदमा दर्ज किया। आखिरकार पीड़ित युवक मैन बहादुर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ से उनके कार्यालय में मिला। इस दौरान जफराबाद पुलिस द्वारा बरती जा रही लापरवाही की पूरी कहानी उसने बताई। मामले को बेहद ही गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने जफराबाद के प्रभारी थाना प्रभारी मनोज राय को कड़ी फटकार लगाई और पीड़ित को तुरंत का मुकदमा भी दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर गांव निवासी मैन बहादुर का एक मुकदमा चकबन्दी न्यायालय जौनपुर में चल रहा है। आरोप है कि विपक्षी अमर बहादुर व नीरज निषाद आये दिन उसे मुकदमें में पैरवी करने को लेकर जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। मैन बहादुर ने एसपी से मिलकर मामले से उनको अवगत कराया और जान माल की सुरक्षा हेतु मुकदमा दर्ज कराते हुए उन आरोपियों पर कार्यवाही हेतु प्रार्थनापत्र दिया। कार्यवाहक थानाप्रभारी मनोज राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुल्तानपुर गांव के अमर बहादुर और नीरज निषाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ब्लॉक प्रमुख द्वारा कराया गया विकास कार्य आज मिसाल बना: डॉ. हरेन्द्र सिंह

- सिरकोनी ब्लाक की बैठक में 5 करोड़ के कार्यों का दिया गया प्रस्ताव

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




**जफराबाद।** जिले के सिरकोनी विकास खण्ड मुख्यालय पर गुरुवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई। जिसमें 5 करोड रुपए के विकास कार्यों का प्रस्ताव रखा। सदस्यों ने इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया।

बोर्ड की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जफराबाद के पूर्व भाजपा विधायक डॉ हरेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख सिरकोनी वंशराज सिंह द्वारा अपने चार वर्षों में ऐतिहासिक विकास कार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक के सभी गांव में, बिजली, पानी, इंटरलॉकिंग, स्वच्छ शौचालय से लेकर विद्यालयों के पास भव्य व्यवस्था की गई है। यह जो विकास का कार्य हुआ है। वह एक मिसाल बन गया है। बैठक में सदस्यों ने पांच करोड़ रुपये के विकास कार्यों का प्रस्ताव दिया।

बैठक में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों व प्रधानों को पिछले वित्तीय वर्षों में हुए कार्यों को एडीओ आइएसबी रामजी सिंह ने पढ़कर सुनाया।

जिसकी सभी ने पुष्टि किया। उसके बाद एडीओ एजी आशीष त्रिपाठी ने सदस्यों को बीज उपलब्धता की जानकारी दिया। जिससे किसान आसानी से बीज पा सकें। बीडीओ नीरज जायसवाल ने सदस्यों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, पेंशन योजना, आवास योजना, राशनकार्ड बनवाने पर चर्चा, एक परिवार, एक पहचान पर चर्चा सहित अन्य कई जनहितकारी योजनाओं पर जानकारी दिया।

उन्होंने कहा कि अब राशनकार्ड नम्बर ही फैमली नम्बर होगा। बैठक में बतौर विशिष्ट अतिथि बोलते हुए आशुतोष सिंह ने कहा कि ब्लॉक का कोई गांव आज विकास कार्य से अछूता नही है।

सभी गांवों में प्रमुख के कार्यो की पट्टिका लगी हुई है। इसके पूर्व अतिथियों का रमेश चन्द्र जायसवाल, शशिकांत पाठक, सजंय सिंह, शुभम सिंह, हर्षित सिंह, अखिलेन्द्र सिंह आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ आइएसबी रामजी सिंह ने किया।

इस मौके पर एडीओ पंचायत रत्नेश सोनकर, रामाश्रय राय, अंकेश राय, धर्मराज यादव, विनय सिंह, सुरेंद्र चौहान व काफी बीडीसी सदस्य व प्रधान मौजूद रहे।

## घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया सरपतहां थाने का हेड मोहर्रिर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सरपतहां थाने में बुधवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब वाराणसी से आई एंटी करप्शन टीम ने थाने पर तैनात हेड मोहर्रिर मुंशी हरिनाम को घूस लेते हुए रंगे हाथ धर दबोचा। करीब 11 बजे हुई इस कार्रवाई के दौरान थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों और आमजन के बीच अफरातफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, हेड मोहर्रिर हरिनाम पर पट्टी नरेंद्रपुर निवासी शिकायतकर्ता विपिन मौर्या से एक मामले में पैरवी के एवज में लगातार पैसे की मांग करने का आरोप था। तंग आकर शिकायतकर्ता ने इसकी जानकारी एंटी करप्शन टीम को दी। तय योजना के अनुसार, टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही हरिनाम घूस की रकम स्वीकार कर रहा था, टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी मोहर्रिर को टीम सीधे थाने से ही अपने साथ जिला मुख्यालय ले गई, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस अचानक हुई कार्रवाई से पूरे थाने में सन्नाटा पसरा रहा, और पुलिसकर्मियों के चेहरों पर तनाव साफ झलक रहा था। स्थानीय लोगों में चर्चा का बाजार गर्म है। कई लोग इसे 'बर्फ के नीचे छुपी आग' बताते हुए कहते हैं कि ऐसे मामलों की तह तक जाना बेहद जरूरी है।

# जिलाधिकारी ने कृषि विज्ञान केंद्र, बस्ती का किया भ्रमण

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने भारत विकसित संकल्प यात्रा के भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र, बस्ती का भ्रमण किया।

उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा की जाने वाली गतिविधियों जैसे कि किसानो को प्रशिक्षण, प्रदर्शन आदि देकर किसानो को सब्जी, फल की नई-2 प्रजाति के पौध को उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने केंद्र पर स्थित रंगीन आम की बाग़ में उपलब्ध 12 आम की प्रजातियों का अवलोकन किया एवं मत्स्य तालाब, फल पौध व उद्यान नर्सरी आदि का भ्रमण किया। उन्होने केंद्र द्वारा किये जा रहे कृषिगत तकनीकी कार्यो कि प्रसंशा की।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी पी.के. मिश्रा ने जिलाधिकारी को कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार की गई प्रगति-प्रतिवेदन का भी अवलोकन कराया।

जिलाधिकारी ने कृषि विज्ञान केंद्र तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे भारत विकसित संकल्प यात्रा के बारे में भी जानकारी ली तथा उन्होंने बस्ती सदर ब्लाक के गढागौतम ग्राम सभा में संचालित किए जाने वाले आज के भारत विकसित संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. राजमंगल चौधरी तथा केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. बी.वी. सिंह, केंद्र के कर्मचारीगण जितेंद्र प्रताप शुक्ला, अविनाश कुमार सिंह तथा योगेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पीयू के छात्र अभिषेक दुबे का इंटर्नशिप के लिए चयन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र अभिषेक दुबे का चयन नोएडा स्थित ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। इंटरव्यू में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अभिषेक को इंटर टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियरिंग के पद पर दो माह की इंटर्नशिप के लिए नियुक्त किया गया है। इस दौरान उन्हें प्रति माह 25,000 का मानदेय प्रदान किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. रवि प्रकाश ने इस उपलब्धि पर छात्र को बधाई दी और कहा कि यह इंटर्नशिप अभिषेक के तकनीकी कौशल को और भी निखारेगी। इस दौरान अभिषेक को लेजर, ष्ट्हष्ट, क्रष्ट, व्रुष्ट, ष्टस्क्षर एवं इंडस्ट्रियल ड्राइव्स जैसे तकनीकी क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलेगा, जो उसके करियर के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। यह इंटर्नशिप अभिषेक के बी.टेक पाठ्यक्रम का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिसका मूल्यांकन सेमेस्टर परीक्षा के दौरान किया जाएगा।

# प्राचार्य-शिक्षकों का डाटा समर्थ पोर्टल पर अपलोड करने का जोर

- स्वपवित्तपोषित शिक्षक संघ ने कुलपति वित्त अधिकारी को दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्ववित्रपोषित महाविद्यालय शिक्षक एशोसियेशन के पदाधिकारियो ने गुरुवार को कुलपति वित्त अधिकारी को ज्ञापन दिया। जिसमें शिक्षकों, प्राचार्यो का डाटा समर्थ पोर्टल पर अपलोड करने की मांग उठाई। इस दौरान मूल्यांकन के बाकी पराश्रमिक भुगतान करने की मांग की गई। इसके अलावा स्ववित्रपोषित शिक्षकों को भी पीएचडी शोध निदेशक बनाए जाने के संबंध में जोर दिया गया।

मालूम हो कि उत्तर प्रदेश स्ववित्रपोषित महाविद्यालय शिक्षक एशोसियेशन के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर सिंह, महामंत्री डॉ निलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में दो दर्जन शिक्षक पदाधिकारी पूर्वांचल विश्वविद्यालय पहुंचे। कुलपति और वित्त अधिकारी को ज्ञापन दिया। जिसमें शिक्षकों ने मांग किया कि विषम सेमेस्टर 2025 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का प्रारंश्रिक अभी तक भुगतान नहीं किया गया। जिससे हजारों शिक्षकों का प्रारिश्रमि भुगतान न होने से उन्हे समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान शिक्षकों ने वित्त अधिकारी संतोष कुमार शर्मा को ज्ञापन दिया, उडाका दल के वाह के भुगतान को बढ़ाने की मांग की। वित्त अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बैंक की जिम्मेदारों से बात किया और शिक्षकों के भुगतान एक हफ्ते के अंदर किए जाने का निर्देश दिया। जिससे शिक्षक को राहत मिली। इसके बाद शिक्षक नेताओं ने कुलपति को ज्ञापन दिया। जिसमें सेल्फ फाईनेन्स शिक्षकों को भी पीएचडी में शोध निर्देशक बनने की मांग की ,कहां की शोध निर्देशक बनने में भेदभाव ना करें, जबकि यह सामान योग्यता वेतन सेवा शर्तों पर शिक्षक सेवा दे रहे हैं तो उनके उन्हें शोध निरीक्षक क्यों नहीं बनाया जा रहा है। यह भेदभाव पूर्ण हो या कई सवाल खड़े करते हैं। सभी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों का डाटा समर्थ पोर्टल पर अपलोड किया जाए और उन्हें एक यूनिक आईडी भी दी जाए। इस बारे मे संपूर्ण जानकारी ऑनलाइन हो सके और मूल्यांकन एवं अन्य कार्य के लिए बार-बार शिक्षकों को अनुमोदन विस्तारण सैलरी स्टेटमेंट आदि ना देना पड़े।

उन्हें एक क्लिक में सारी जानकारी विश्वविद्यालय को मिल जाए। जिससे शिक्षकों को बार-बार समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस मौके पर डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ राजेश श्रीवास्तव, डॉ सलीम खान, डॉ संजीव सिंह, डॉ रविंद्र त्रिपाठी, डॉ सतीश चंद दुबे, डॉ.सीमा सिंह, डॉ संतोष सिंह, डा.इंद्र सिंह, डॉ.पिंटू गुप्ता, डॉ.निजामुद्दीन, डॉ.पूजा उपाध्याय डॉ चंदन सिंह डॉ शशिकांत डॉ श्रद्धा दुबे मौजूद रही।

# सरायख्वाजा थाना के समीप अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले सरायख्वाजा थाना परिसर से सटे जौनपुर शाहगंज नेशनल हाईवे के किनारे गुरुवार की सुबह एक अधेङ का शव मिलने से क्षेत्र में जबरदस्त हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान त्रिपुरारी मिश्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम बरवत, थाना घुघली, जिला महराजगंज के रूप में हुई है। वह भगवा वस्त्र धारण किए हुए थे। जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। आशंका है कि मृतक को कहीं से लाकर यहां फेंक दिया गया। हालांकि सरायख्वाजा थाने के मुख्य गेट पर हमेशा पुलिस का पहरा रहता है । बावजूद इसके इस चलते-फिरते नेशनल हाईवे के किनारे इस तरह किसी के शव को लाकर फेंकना भी एक बड़ी बात बन गई है। पुलिस इसे भले ही मामूली घटना मान रही है। लेकिन इलाके में इस तरह की वारदात होने से खासा दहशत देखा जा रहा है। घटना की जानकारी उस समय हुई जब सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया। पुलिस की ओर से प्रथम दृष्ट्या यह संदेह जताया जा रहा है कि मृतक की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और बाद में शव को किसी वाहन के माध्यम से यहां रात में फेंक दिया गया। हालांकि, मौके पर शव के पास से कोई संघर्ष के चिह्न या खून के निशान नहीं मिले हैं। जिससे यह भी संभावना जताई जा रही है कि मौत किसी और कारण से भी हो सकती है। फिलहाल, पुलिस सभी संभावित पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। मृतक के पास से मिले आधार से उसकी पहचान की गई। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और तफ्तीश जारी है।

### आखिर साधु वेशधारी का हत्यारा कौन

जुर्म की दुनिया को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाला जनपद जौनपुर के शाहगंज नेशनल हाईवे पर आवागमन की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस इलाके में सरायख्वाजा थाना के बिल्कुल समीप साधु वेशधारी व्यक्ति की संदिग्ध हालत में शव मिलना चर्चा का विषय बन गया है। आधार कार्ड के सहारे सरायख्वाजा थाना पुलिस ने मृतक की भले ही पहचान त्रिपुरारी मिश्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम बरवत, थाना घुघली, जिला महराजगंज के रूप में कर लिया है । लेकिन इस भगवा वस्त्र धारण किए व्यक्ति का हत्यारा कौन है। उसने इन्हें क्यों मारा , किस वजह से मारा । अगर मारा तो महाराजगंज जिले से उनके शव को जौनपुर जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे के पास लाकर फेंकना क्या दर्शाता है। पुलिस भी यह मान रही है कि हत्या की इस वारदात को कहीं और अंजाम देकर किसी चार पहिया वाहन से रात के अंधेरे में लाकर यहां फेंक दिया गया। इस वारदात को अंजाम देने वाले इतने शातिर दिख रहे हैं कि पुलिस के हाथ उनकी गर्दन तक न पहुंच सके। इसलिए जांच की दिशा को भटकाने के लिए भी एक जिले से दूसरे जिले में ले जाकर शव को फेंकना भी एक बन सकता है।

हत्या की इस वारदात की गुत्थी को सुलझाने में लगी सरायख्वाजा थाना पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस का मानना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही काफी कुछ साफ हो जाएगा की मृतक की हत्या कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है।

## देवी प्रतिमा को जेसीबी से खण्डित कर सड़क पर फेंके जाने से रोष, डीएम से शिकायत

### बजरंगदल, विश्व हिन्दू महासंघ ने डीएम, एसपी को सौंपा पत्र

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

आवास विकास कालोनी के मुख्य द्वार के निकट स्थित काली माता मंदिर और प्रतिमा को सड़क चौडीकरण के लिये ध्वस्त कर दिया। ठेकेदार द्वारा जेसीबी. लगवाकर मंदिर और प्रतिमाओं को खण्डित किये जाने, मूर्ति को सड़क पर तोड़फोड़कर फेंक देने से श्रद्धालुओं में रोष है। गुरूवार को बजरंग दल के निवर्तमान जिला संयोजक मनमोहन त्रिपाठी, जिला गौरक्षा प्रमुख स्नेह पाण्डेय, विश्व हिन्दू महासंघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह आदि ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा। मांग किया कि गत 28 मई को जेसीबी. लगवाकर मंदिर और प्रतिमाओं को खण्डित कराने के जिम्मेदार ठेकेदार और जेसीबी चालक पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी कराया जाय और ठेकेदार का रजिस्टेञशन रद्द किया जाय। बजरंग दल के निवर्तमान जिला संयोजक मनमोहन त्रिपाठी, जिला गौरक्षा प्रमुख स्नेह पाण्डेय, विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह, जिला प्रभारी प्रमोद पाण्डेय, सौरभ त्रिपाठी आदि ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के लिये काली माता मंदिर को अन्यत्र विधि विधान से हटाये जाने पर सहमति बनी थी किन्तु ठेकेदार के कहने पर जेसीबी चालक ने जिस प्रकार से मंदिर और प्रतिमाओं को खण्डित कर उसे सड़क पर फेंक दिया इससे श्रद्धालुओं की आस्था आहत हुई है।

चेतावनी दिया कि काली मंदिर की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले ठेकेदार और जेसीबी चालक के विरूद्ध यदि प्रभावी कार्यवाही न हुई तो आन्दोलन को बाध्य होंगे।

डीएम और एसपी को पत्र देने वालों में मुख्य रूप से राहुल कुमार, गोविंद जी महाराज, अजीत शुक्ला, रविंद्र कश्यप, धर्मेंद्र कनौजिया, शिवकुमार चौरसिया, हरिंदर सिंह, सुशील कनौजिया, विकास कुमार, सोनू चौहान आदि शामिल रहे।

# महिला सशक्तिकरण की सबसे बड़ी छवि हैं अहिल्याबाई होल्कर: डॉ हरेन्द्र

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




**जफराबाद।** पूर्व भाजपा विधायक डॉ हरेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का चरित्र महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने अपने जीवन मे इसे सिद्ध किया था। वह आज भी न्याय प्रिय शासक के रूप में याद की जाती हैं। वह गुरुवार को सिरकोनी विकास खण्ड मुख्यालय पर अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दि स्मृति अभियान के अंतर्गत आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 में हुआ था। आठ वर्ष की उम्र में इनकी शादी हुई।इनके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर मालवा के राजा महाराव ने इनसे शादी किया। इनके पति के मृत्यु के बाद वर्ष 1767 में इनका राज्याभिषेक हुआ। राज्य की आर्थिक हालात जर्जर थे।उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करके प्रसिद्ध मालेश्वर साड़ियों सहित अन्य कई क्राफ्ट के सामान महिलाओं का समूह बनवा कर कराया। जिससे महिलाओं की आर्थिक हालात के साथ ही राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई।

उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से प्रशिक्षण दिलवाकर महिला सैनिक बल का भी गठन किया। वे न्याय प्रिय शासक थी।महिलाओं के उत्थान के लिये उनके द्वारा उठाये गए कदम आज भी उपयोगी है। कार्यक्रम में उन्होंने कुछ अच्छे कार्य करने वाली समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को बतौर विशिष्ट अतिथि उषा किरण, सीडीपीओ इंद्रा पाल, सर्वेश सिंह, रमेश जायसवाल, अखिलेन्द्र सिंह, शशिकांत पाठक ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ नीरज जायसवाल व संचालन रामजी सिंह ने किया।

# धीरे-धीरे शुरु हुई सेमरी गांव में सरयू नदी की कटान

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



टिकैतनगर। टिकैतनगर क्षेत्र में सरयू नदी का कटान एक बार फिर चिंता का विषय बन गया है। विशेष रूप से सेमरी गांव में स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई है, जहां नदी के तीव्र प्रवाह ने तटबंध को कई स्थानों पर नुकसान पहुंचाया है। इससे न केवल जन-धन की हानि की आशंका बढ़ गई है, बल्कि आस-पास के दर्जनों गांवों और किसानों की उपजाऊ भूमि भी संकट की जद में आ गई है। इस संवेदनशील स्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने सेमरी गांव पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं कटान प्रभावित स्थानों को देखा और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर स्थिति की गंभीरता को समझा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों नंदकिशोर पांडेय, विवेक तिवारी, वीरेंद्र पांडेय, गुड्डू समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि बीते एक सप्ताह से सरयू नदी में तेज कटान जारी है। तटबंध कई स्थानों पर टूट चुका है, और यदि तत्काल कोई उपाय नहीं किया गया तो अतरसुईया, उमराहा, मंझारिया, पूरे मिसर, नंदपुर सहित दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि खेतों में फसलें तैयार हैं, और नदी का कटाव अगर इसी गति से चलता रहा तो सैकड़ों बीघा कृषि भूमि का नुकसान हो सकता है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने मौके से ही संबंधित सिंचाई विभाग व बाढ़ खंड के अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर निर्देश दिए कि जहां-जहां कटान हो रहा है वहां तत्काल अनुरक्षण कार्य प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि बाढ़ से पहले सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय पूरी तत्परता से पूरे किए जाएं। मंत्री ने कहा ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोपरि है। नदी कटान जैसी आपदाजनक स्थिति को हल्के में नहीं लिया जा सकता। कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि समय रहते कार्य नहीं हुआ तो जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होगी। राज्य मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि नदी पार जिन स्थानों पर तटबंध क्षतिग्रस्त हैं या जहां गड्ढे बने हैं, वहां मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए सभी ज़रूरी संसाधन व जनशक्ति तत्काल उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर प्रस्तावित सरयू नदी पुल निर्माण स्थल का भी दौरा किया। यहां चल रहे बोरिंग एवं मिट्टी परीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसे निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पुल निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से शुरू किया जाए, ताकि आगामी धार्मिक यात्राओं और यातायात के लिए सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

# अहिल्याबाई के योगदान व आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएं: कमलेश मिश्रा




**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा समाज के प्रति किए योगदान और उनके आदर्शों को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों को जाति, मत व मजहब के आधार विभाजित नहीं किया जा सकता। क्षेत्रीय अध्यक्ष गुरुवार को नगर पालिका सभागार में स्मृति अभियान के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि छोटी उम्र में विवाह के बावजूद अहिल्याबाई ने अपनी शिक्षा जारी रखी तथा अपने 70 वर्ष के जीवनकाल में आदर्श शासन व्यवस्था स्थापित की। उन्होंने किसानों, नौजवानों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने औरंगजेब और बाबर के समय में तोड़े गए मंदिरों के पुनरोद्धार का जिक्र करते हुए कहा कि अहिल्याबाई ने मालवा राज्य से बाहर निकलकर पशुपतिनाथ, रामेष्वर, महाकाल, काशी विश्वनाथ, सोमनाथ और बंगाल तक के मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। बनारस की तरह माहिष्मति साड़ियां और नर्मदा घाट की भव्यता आज भी उनके सुशासन की गवाही देती है। उन्होंने अहिल्याबाई को नारी सशक्तिकरण एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया में महिलाएं अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही थीं, तब भारत में वह एक आदर्श शासन व्यवस्था चला रही थीं। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई की प्रेरणा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नारी वंदन अधिनियम और शासन की अन्य योजनाओं के माध्यम से नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में लगे हैं। देश की सनातन संस्कृति का गौरव पुनर्स्थापित करने का जो काम अहिल्याबाई ने शुरू किया था उसी को प्रधानमंत्री मोदी मजबूती प्रदान करने में जुटे हैं जिसके चलते नेशन फर्स्ट की भावना बलवती हो रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत गर्व के साथ नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कहा, नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता भी नहीं। ऑपरेशन सिंदूर इसका जीवंत उदाहरण है। जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने अंग वस्त्र देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।राम कुमारी मौर्य ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, ब्रजेश रावत, मनोज वर्मा, रचना श्रीवास्तव, राम प्रकाश श्रीवास्तव, विष्णु प्रभाकर वर्मा, रोहित सिंह, सीए अष्वनी श्रीवास्तव, अर्चना मिश्रा, नवीन सिंह राठौर, सूरज सिंह, गुरदीप सिंह, अरुण रावत मौजूद रहे।

### महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाया गया अहिल्याबाई होल्कर का जन्मदिन

ब्लॉक सिद्धौर सभागार में गुरुवार को पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में नारी सशक्तिकरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत रहे उन्होंने कहा महारानी अहिल्याबाई होल्कर सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थी उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में दृढ़ साहस भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेष्वरम तक देश के तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार कराया यह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है केंद्र एवं राज्य सरकार इनसे प्रेरणा लेकर देश में विकास कार्य करा रही है ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने कहा मातृ सशक्तिकरण का जीता जागता उदाहरण महारानी अहिल्याबाई होल्कर थी उन्होंने अपने जीवन काल में बहुत संघर्ष किया इन्होंने नारी शक्ति के दम पर साड़ी उद्योग को बढ़ावा देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर करना बाल विवाह पर रोक सनातन धर्म की स्थापना की धर्म के प्रति उनकी आस्था अधिक थी उन्होंने भारत में शिवलिंगो का निर्माण मंदिरों का जीर्णोद्धार तथा कुओ का निर्माण कराया। इस मौके पर ज्वाइंट बीडीओ वंदना शर्मा, ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, चेयरमैन रमन्ता रावत, एडीओ पंचायत उमेश चंद्र पटेल, सोमवीर सिंह, रवि अवस्थी, अमरेश रावत, प्रवीण सिंह सिसोदिया, राम तीरथ वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत आदि मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सशक्तिकरण और महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



उन्नाव शुक्लागंज में नगर पालिका परिषद गंगाघाट द्वारा गुड्डन टावर में आयोजित पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई गई। जिसमें महिला सशक्तिकरण और महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होने कई महिलाएं पहुंची जयंती वर्ष पर कार्यक्रम के दौरान यह नजर आया कि पुरानी कुप्रथाओं का असर देखते हुए महिलाओं को आगे नहीं बढ़ाया गया और उन्हें पीछे पंक्तियों में बैठाला गया हालांकि कार्यक्रम महिलाओं के ऊपर प्रेषित कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और प्रेरणा के लिए आयोजित किया गया था परंतु कहीं ना कहीं महिलाओं को आगे जगह ना देकर महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ करने कई मुख्य अतिथि पहुंचे परंतु सभी अतिथियों के साथ नगर पालिका के अधिकारियों ने भी इस बात को नजर अंदाज किया कार्यक्रम किस बात की प्रेरणा को लेकर आयोजित किया गया है इस बात पर किसी ने ध्यान नहीं दिया हालांकि मंच पर सभी ने महिलाओं के योगदान और महिलाओं को आगे बढ़ाने की बात करते हुए अहिल्याबाई के योगदानों की भी प्रशंसा करी अहिल्याबाई मराठा समाज के प्रति होलकर वंश की एक महान शासिका थी। उनके पिता मानकोजी शिंदे एक मामूली किसान थे ।लेकिन उन्होंने अपनी बेटी को शिक्षा और संस्कार दिए जिससे अहिल्याबाई में नारी शक्ति धर्म और नेतृत्व की अद्भुत क्षमता विकसित हुई। 1767 में मल्हार राव होल्कर की मृत्यु के बाद अहिल्याबाई ने होलकर समाज की पूरी बागडोर अपने हाथों में ले ली।

अपने शासनकाल के दौरान देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अदुतीय प्रशासनिक कुशलता का प्रदर्शन किया। धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण जीर्णोधार किया,इनमें काशी विश्वनाथ मंदिर कालेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, जैसे प्रमुख मंदिर शामिल है। होल्कर का शासन 28 साल तक चला जो न्याय शांति और समृद्धि के लिए जाना जाता है। माता अहिल्याबाई का मानना था कि मंदिर केवल पूजा के स्थान नहीं है बल्कि वह आत्मिक शांति, सामाजिक एकता और नैतिक मार्गदर्शन का स्रोत भी होते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर से मनुष्य को धर्म से दूर रहकर धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में अध्यक्षा कौमुदी पांडे ने माता अहिल्याबाई हम सभी महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है इस ओर ध्यान देते हुए महिलाओं को आगे स्थान नहीं दिलवाया कार्यक्रम का संचालन स्वच्छता प्रभारी अनूप शुक्ला और अन्य लोगों द्वारा मिलकर किया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद गंगाघाट में कार्य कर रही महिलाओं और स्वच्छता कर्मी महिलाओ को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया समस्त कार्यक्रम नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# सूचना का पालन करना ही अनुशासन: गजेन्द्र

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

प्रशिक्षण से कार्यकर्ता में कार्य के प्रति आत्मविष्वास बढ़ता है। सूचना का पालन करना ही अनुशासन है। व्यक्ति में अनुशासन है तभी देश महान बनता है बोलने मात्र से कुछ नहीं होता उक्त बातें सिटी कॉलेज में चल रहे दुर्गा वाहिनी के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन दीक्षांत समारोह में विष्व हिंदू परिषद के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने कही। गजेंद्र ने कहा कि अभ्यास से कार्य अनुभव में सिद्धता आती है। आत्मरक्षा के गुण बहनों ने सीखे हैं। सेवा सुरक्षा संस्कार दुर्गा वाहिनी का मूल मंत्र है।

गिरवासी वनवासी आदिवासी क्षेत्र में सेवा के कार्य करना है। पश्चात सभ्यता के उत्कर्ष को समाप्त करने में बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्ग में 25 जिलों से आई हुई बहनों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# बहुचर्चित हिस्ट्रीशीटर अंशू गुप्ता उर्फ अमित गुप्ता को कोर्ट से नहीं मिली राहत, कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज की

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



बृहस्पतिवार को उन्नाव के बहुचर्चित हिस्ट्रीशीटर अंशू गुप्ता उर्फ अमित गुप्ता की जमानत प्रार्थना पत्र को जिला जज कोर्ट ने खारिज कर दिया।

आपको बताते चलें कि पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर आरोपित अंशू गुप्ता व उनके साथियों के खिलाफ कानपुर निवासी गोपी किशन गुप्ता ने 28 अप्रैल को गंगाघाट थाने में रंगदारी मांगने समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जेल में बंद अंशू के वकील ने इससे पहले सीजेएम न्यायालय में उसकी रिहाई के लिए अर्जी दी थी। जिसे सीजेएम ने खारिज कर दिया था। इसी के बाद 19 मई को अंशू के वकील ने एक अर्जी जनपद न्यायाधीश के न्यायालय में डाली। जिसपर 21 मई की तारीख दे दी गई। 21 मई को भी न्यायालय से वादी के वकील के समय मांगने पर 27 मई की तारीख लगाई थी। मंगलवार को उक्त मामले में पुनः जनपद न्यायाधीश के न्यायलय में सुनवाई हुई जहां सरकारी वकील अनिल त्रिपाठी ने न्यायलय में बताया के सोमवार अंशू के विरुद्ध सदर कोतवाली पुलिस ने एक मुकदमा दर्ज किया है इसी के साथ आरोपित के विरुद्ध 22मुकदमे हो गये है और कोतवाली में दर्ज मुकदमे की आख्या के लिये समय मंगा जिस पर जनपद न्यायाधीश ने वाणी रंजन अग्रवाल ने दो दिन का समय देते हुए सुनवाई की तिथि 29 मई दे दी थी ।बृहस्पतिवार को जिला जज वाणी रंजन अग्रवाल ने गोपी किशन गुप्ता द्वारा कोतवाली गंगा में पंजीकृत करायें गये मुकदमें अंशू गुप्ता की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

हिस्ट्रीशीटर अंशू गुप्ता उर्फ अमित गुप्ता का कार खास व अंशू गुप्ता की अकूत बेनामी संपत्ति के मालिक देवेंद्र अवस्थी ने सीजीएम न्यायलय में आत्मसमर्पण के लिये अर्जी डाली थी जिस पर सीजेएम कोर्ट ने पुलिस से आख्या मांगी है चर्चा है के देवेन्द्र अवस्थी जल्द ही न्यायालय में आत्मसमर्पण कर सकता है।

# मातृ-पितृ सदन में बताये गये वृद्धजनों के अधिकार

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

गुरुवार को तहसील नवाबगंज में स्थित मातृ पितृ सदन में वृद्धजनों के अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में एडीजे श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह द्वारा वृद्धजनों से स्वास्थ्य एवं खानपान के व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ की गयी। वृद्धाश्रम में उपस्थित कर्मचारियों से भोजन से संबंधित मेन्यू के बारे में जानकारी की गयी एवं निर्मित पंजिकाओं का निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ नागरिकों को प्राप्त निःशुल्क विधिक सहायता के उपबन्धों तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रिया कलापों के बारे में भी जानकारी दी गई। लोगों से विवाद को सुलह समझौते द्वारा लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से निपटाये जाने के बारे में भी बताया गया।

# बाइक से बिहार जा रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

जैदपुर। हरियाणा से बिहार के लिए बाइक से अकेले निकले व्यक्ति की सफदरजंग नवीन मंडी के पास सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। हाईवे पर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उक्त व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गया एम्बुलेंस के माध्यम से घायल व्यक्ति को लेकर जैदपुर सीएचसी लाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लाष का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, थाना सफदरगंज के हाईवे पर स्थति नवीन मंडी के पास बृहस्पतिवार को दिन में बारह बजे के करीब जैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 108 एंबूलेंस से एक 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को लेकर आई थी। जिसके सर में काफी चोट आने से खून बह रहा था। डयूटी पर मौजूद डॉ सुशील कुमार सरोज ने जब देखा तो उसको मृत्यु घोषित कर दिया। जैदपुर अस्पताल में शव होने से उसकी सूचना थाने में अधीक्षक द्वारा दी गई। मौके पर कस्बा इंचार्ज विनय कुमार, दीवान गुफरान खान,पंकज सिंह राठौर,शैलेश कुमार पहुंचे थे। लेकिन अज्ञात शव होने से पता लगाने का प्रयास करने लगे। उसके पास से मिले मोबाइल की अंतिम काल पर फोन किया गया तो पता चला कि हरियाणा राज्य के गुड़गांव से बुधवार को अपनी बाइक से अकेला निकला था। जिसका नाम महेन्द्र कुमार (45) अपनी बाइक से दरभंगा बिहार के लिए चला था। उस व्यक्ति ने पुलिस को मृतके के भाई चन्द्रभूषण का नंबर दिया। जिससे बात होने पर पता चला कि दरभंगा बिहार जाने के लिए बाइक से दो हेलमेट लेकर निकला था। वह दरभंगा पहुंचने के बाद वहां से काठमांडू नेपाल के लिए बाइक से ही जाता। पुलिस ने भाई के द्वारा नेपाल में रह रहे परिजनों सूचना पहुंचाई है। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि डॉक्टर की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम कराया है। और परिजनों को सूचना दी है।

# अज्ञात डंपर की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत दूसरा गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नवाबगंज। भाभी के मायके जा रहे बाइक सवार युवक अज्ञात डंपर ने टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गये। एंबुलेंस ने घायलों सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।अचलगंज थाना के बलऊखेड़ा गांव निवासी छोटू (18) पुत्र नन्हके चचरे भाई शिवम (22) पुत्र कमलेश के साथ गुरुवार को बड़े भाई केशन की ससुराल अजगैन के गौरा कठेरवा गांव जा रहा था। जैतीपुर मार्ग पर नवाबगंज की तरफ आ रहे अज्ञात डंपर ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस दोनों को सीएचसी लेकर आई। जहां चिकित्सक ने छोटू को मृत बताया। वहीं गंभीर हालत के चलते शिवम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक तीन भाइयों केशन व राजेन्द्र से छोटा था। मृतक की भाभी पायल मायके में थी सूचना पर अस्पताल पहुंची। बड़ा भाई केशन विदेश में है। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा टक्कर मारने वाले डंपर का पता लगाया जा रहा है।

# व्यापारियों की समस्याओं का किया जाएगा त्वरित समाधान: शशांक त्रिपाठी




- डीएम की अध्यक्षता में जिलास्तरीय वाणिज्य बंधु, उद्योग बंधु एवं जिला श्रम बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

गुरुवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय वाणिज्य बंधु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शहर में जिन मार्गों पर वन-वे व्यवस्था लागू की गई है, वहां उसका कठोरता से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने यातायात पुलिस एवं नगर निकाय को समन्वय स्थापित कर ऐसे स्थलों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने शहर के ऐसे निजी अस्पतालों को चिन्हित करने के निर्देश दिए जहां पार्किंग की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, तथा ऐसे सभी अस्पतालों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। व्यापारी बन्धुओ द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों में पार्किंग की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराए जाने पर जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका परिषद एवं एसडीएम सदर को निर्देश दिए कि वे उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन कर पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनपद के किसी भी कस्बे व अन्य स्थानो पर सड़कों पर साप्ताहिक बाजार नहीं लगने दिया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसे बाजार केवल निर्धारित स्थलों पर ही संचालित हों, ताकि यातायात बाधित न हो और आमजन को असुविधा न हो। ई-रिक्शा संचालन को लेकर भी जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि इनके संचालन हेतु निश्चित रूट निर्धारित किए जाएं तथा कलर कोडिंग प्रणाली लागू की जाए, जिससे ई-रिक्शा संचालन नियंत्रित व अनुशासित रूप से हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनपद के अंतर्गत किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ई-रिक्शा का संचालन न होने पाए। परिवहन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि विगत माह में चलाए गए अभियान के अंतर्गत कुल 990 ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई तथा 218 वाहनों को सीज किया गया है। साथ ही 14 अपंजीकृत ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही भी की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने शहर की मालगोदाम रोड पर विकसित किए जा रहे बेंडिंग जोन को शीघ्र संचालन में लाने के निर्देश दिए, ताकि असंगठित रूप से सड़कों पर लगने वाले ठेले व फेरीवालों को नियोजित स्थान उपलब्ध कराया जा सके। गर्मी के मद्देनज़र विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु भी जिलाधिकारी ने ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड नवाबगंज द्वारा अवगत कराया गया कि पूरे शहर का सर्वेक्षण कर 39 ऐसे स्थानों की पहचान की गई है जहां ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की आवश्यकता है, तथा 47 स्थानों पर नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने हेतु स्थल चिन्हित किए गए हैं। यह समस्त कार्य मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत गतिशील है। बैठक में,मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ ईओ नगर पालिका परिषद व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### व्यापारियों ने की डीएम की सराहना

छाया चौराहे पर लगने वाली लेबर मंडी को नगर पालिका की पार्किंग स्थल पर स्थानांतरित किए जाने के निर्णय पर व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी का आभार प्रकट किया। व्यापारियों ने जिलाधिकारी के त्वरित एवं प्रभावी निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि इससे बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हुई और आमजन को भी सुविधा मिली है।

### जिला श्रम बन्धु समिति सम्बंधी बैठक

जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं जिला श्रम बन्धु समिति सम्बंधी बैठक में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारियों से उद्यमियों के आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में फायर स्टेशन व अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति, यूपीएसआईडीसी कुर्सी रोड में दुकानदारों को शिफ्ट किए जाने संबंधी प्रकरण पर गहन समीक्षा की। औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में सौंदर्यीकरण, नाली निर्माण एवं अवशेष सड़कों का निर्माण सीसीटीवी कैमरे, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना एवं मुख्य प्रवेश द्वार प्रशासनिक भवन में विद्युत कार्य तथा सौंदर्यिकरण संबंधी प्रकरण पर चर्चा की गई, इंडस्ट्रियल एरिया माती में सड़क एवं जल निकासी हेतु नाला निर्माण पर चर्चा की गई। ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयान्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रकरणों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, उपायुक्त उद्योग आशुतोष कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण, सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह, उपायुक्त वाणिज्य कर विकास सेठ, व्यापारी और उद्यमीगण उपस्थित रहे।

### प्रत्येक शिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण: डीएम

**बाराबंकी।** जनहित के सरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा बृहस्पतिवार को जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त समस्याएं सीधे जनविष्वास से जुड़ी होती हैं,अतः इनका समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए, उसके निस्तारण की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उन्हें त्वरित गति से निस्तारित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि किसी प्रकरण में तकनीकी या विभागीय जटिलताएं हैं, तो उनकी सूचना शिकायतकर्ता को दी जाए और समाधान हेतु सभी आवश्यक विकल्पों पर कार्य किया जाए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या टालमटोल किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी अरुण सिंह, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी रामसनेहीघाट सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## घूर-गड्ढे की जमीन पर दबंगो का कब्जा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। टिकैतनगर।** एक ओर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी जनशिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर सख्त निर्देश दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर तहसील रामसनेहीघाट के ग्राम उदईमऊ में घूर गड्ढा की जमीन पर दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे की शिकायतें महीनों से अनसुनी पड़ी हैं। शिकायतकर्ता राम प्रकाश सिंह द्वारा कई बार तहसील दिवस और थाना दिवस में लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। राम प्रकाश सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही एक दबंगो ने उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर उसे अपनी बाग में मिला लिया है। इससे आम ग्रामीणों को घूर डालने जैसी मूलभूत जरूरतों में भारी दिक्कतें हो रही हैं। आरोप है कि शिकायतों के बावजूद हल्का लेखपाल मौके पर नहीं पहुंचे और न ही किसी प्रकार की पैमाइश कराई गई। गौरतलब है कि कुछ ही दिन पूर्व जिलाधिकारी त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सख्त निर्देश दिए थे कि जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने यह भी कहा था कि शिकायतों की अनदेखी या टालमटोल किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी। लेकिन उदईमऊ गांव की यह घटना प्रशासनिक निर्देशों के धरातल पर क्रियान्वयन की सच्चाई को उजागर करती है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत करने पर उन्हें ही प्रताड़ना और दबाव का सामना करना पड़ता है, जिससे आमजन में भय और असंतोष व्याप्त है। अब देखना यह है कि जिलाधिकारी द्वारा घोषित सख्त निर्देशों के बावजूद राजस्व विभाग इस प्रकरण में कोई संज्ञान लेता है या यह मामला भी अन्य लंबित फाइलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।



## विवादित जमीन पर डीजे बजाने पर विवाद, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** कोतवाली असंद्रा क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर एक युवक को आरोपी पड़ोसी व उसके रिश्तेदारों ने लाठी डंडों से पीट दिया। इसकी शिकायत पर असंद्रा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। असंद्रा कोतवाली क्षेत्र के शेषपुर जाहिद अली निवासी आशीष तिवारी पुत्र स्वर्गीय जगदीश तिवारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पड़ोसी राकेश मिश्र पुत्र स्व. दीनानाथ मिश्र के बीच सहन दरवाजे की जमीन को लेकर कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। जो की विचाराधीन है। आरोप है कि 28 मई को राकेश मिश्र ने विवादित जमीन पर डीजे बजा रहे थे। जब आशीष ने मना किया तो राकेश, के साथी मैथिलीशरण और निर्मल मिश्र के उकसाने पर जरौली गांव निवासी उनके रिश्तेदार सुमित पाठक व विकास पुत्र ननकऊ पाठक ने उनके साथ मारपीट की।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 30 मई, 2025






**धीरे-धीरे शुरु हुई सेमरी गांव में सरयू...**

टिकैतनगर। टिकैतनगर क्षेत्र में सरयू नदी का कटान एक बार फिर चिंता का विषय बन गया है। विशेष रूप से सेमरी गांव में स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई है, जहां... शेष पेज 11 पर...

# कैंसर पीड़ित को चौकी इंचार्ज ने थाने में जमकर पीटा, हालत हुई नाजुक





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर में काकादेव थाना क्षेत्र में चौकी इंचार्ज ने कैंसर पीड़ित को थाने में जमकर पीट डाला जो कि धर्मांतरण की शिकायत करने पहुंचा था। पत्नी और 2 छोटे बच्चों के सामने सिर को दीवार से सिर भिड़ा दिया। चौकी इंचार्ज ने प्राइवेट पार्ट में लात मारकर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद खींचकर हवालात में बंद कर दिया। इससे थाने में ही उसकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। इसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में उसे एक प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया।

काकादेव शास्त्री नगर निवासी जय सिंह उर्फ रिंकू ने बताया कि वह एसबीआई में फील्ड ऑफिसर हैं। पिता की कैंसर से मौत हो चुकी है। उसे भी पेल्विक कैंसर की बीमारी है। घर में पत्नी नेहा सिंह और 2 बच्चे 7 साल का सूर्यांश और 4 साल का शिवांश हैं। बेटे सूर्यांश को भी बोनमैरो कैंसर है। उसका लखनऊ के पीजीआई से इलाज चल रहा है। मैं कैंसर पेशेंट होने के चलते बोनमैरो नहीं दे सकता।

इस वजह से मेरा छोटा बेटा अपने बड़े भाई के लिए बोनमैरो डोनेट करेगा।

### मौसेरे भाई ने बनाया था धर्मांतरण का दबाव

पीड़ित रिंकू ने बताया कि गुरुवार सुबह हम लोग बेटे की जांच कराने के लिए लखनऊ पीजीआई के लिए निकल रहे थे। इसी दौरान घर के सामने रहने वाला मेरा मौसी का बेटा अवनीश कुमार सिंह आया और उसके मारपीट शुरू कर दी। मेरे भाई को भी डंडे से पीटा। कहा कि जब तक तू अपना और परिवार का धर्मांतरण नहीं कराएगा तुझे इसी तरह से परेशान करता रहूंगा। अगर तूने धर्मांतरण करा लिया तो सारी बीमारियां खत्म हो जाएंगी। मारपीट की सूचना पर काकादेव थाने के चौकी इंचार्ज सचिन भाटी मौके पर पहुंचे और रिंकू को थाने ले आए। पत्नी और बच्चों के सामने ही थाने में सिर दीवार से कई बार भिड़ाया। प्राइवेट पार्ट में लात मारकर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद खींचकर हवालात में बंद कर दिया। रिंकू बार-बार हाथ जोड़ता रहा। कहता रहा- साहब मुझे छोड़ दो। मुझे पेल्विक कैंसर है। मेरे बड़े बेटे को भी बोनमैरो कैंसर है। इलाज के लिए पीजीआई जाना है। उसने अपने इलाज और अप्वाइमेंट का पर्चा भी दिखाया। इसके बाद भी दरोगा सचिन भाटी ने जमकर उसकी धुलाई कर दी। इस घटना की सूचना मिलते ही भाजपा नेता समेत कई लोग थाने पहुंचे और हंगामा करने लगे। हंगामे की सूचना पर एसीपी स्वरूप नगर आईपी सिंह जांच करने पहुंचे। उन्होंने कैंसर पेशेंट की बात सुनी। पीड़ित जय सिंह उर्फ रिंकू ने बताया कि उसके मौसेरे भाई अवनीश सिंह ने धर्मांतरण के लिए मोटीवेट किया। चुन्नीगंज स्थित चर्च में कई बार ले गया। कैंसर की बीमारी के चलते मैं पहले तो डायवर्ट हो गया था लेकिन जब उसके पिता को पता चला तो उन्होंने मुझे डांट लगाई। कहा कि सनातन धर्म जीवन में कभी मत छोड़ना। गुमराह और और लालच में आकर धर्मांतरण न करना इसके बाद जय सिंह ने धर्मांतरण करने से इनकार कर दिया।

### दरोगा ने खुद को बताया बेकसूर

दरोगा सचिन भाटी ने बताया कि दोनों पक्षों का आपस में विवाद हुआ था। सूचना पर मैं मौके पर पहुंचा और दोनों पक्षों को थाने लेकर आया था। दोनों पर कार्रवाई करने जा रहा था। इस बात को लेकर आक्रोशित जय सिंह ने मेरे ऊपर झूठा आरोप लगाया है। वहीं जबकि पीड़ित ने दावा किया है कि अगर थाने के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाए तो सब सच सामने आ जाएगा। इस पर दरोगा ने जांच कराने की बात कही है। वहीं एसीपी स्वरूप नगर आईपी सिंह ने बताया कि दरोगा सचिन भाटी की कई शिकायतें मिली हैं। जल्द ही उसकी रिपोर्ट बनाकर अफसरों को भेजी जाएगी। जिससे सचिन के खिलाफ कार्यवाही की जा सके।

# बिल्हौर नगर पालिका परिसर में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर नगर पालिका परिसर में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वी जयंती धूमधाम से बनाई गई। इस अवसर पर नगर पालिका परिसर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रानी अहिल्याबाई होलकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिशाषी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम द्विवेदी सदस्य महिला आयोग एवं विशिष्ट अतिथि विधायक राहुल बच्चा सोनकर, मंडल अध्यक्ष सौरभ शर्मा, जिला महामंत्री डॉ राजेंद्र कटियार, पूर्व जिलाध्यक्ष कौशल अवस्थी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया तत्पश्चात अधिशाषी अधिकारी, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा महिला सफाईमित्रों को प्रशस्ति पत्र दिया गया, कार्यक्रम में उपस्थित महिला सभासद श्रीमती रामा, श्रीमती उजमा, श्रीमती आलिया, श्रीमती चांदबीबी, श्रीमती कांति राठौर, श्रीमती फरहा नाज, श्रीमती शाहिस्ता, श्रीमती अर्शी को अहिल्याबाई होलकर का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बांकेबिहारी महिला मंडल की कार्यकर्ताओं को छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अधिशाषी अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को छायाचित्र भेंट कर कार्यक्रम का समापन किया गया। बांके बिहारी महिला मंडल द्वारा अधिशाषी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा को रानी अहिल्याबाई जी का छायाचित्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया।

# ककवन ब्लॉक परिसर में ग्राम न्यायाधीश विकास चंद्र ने पहले दिन की पांच मुकदमों की सुनवाई

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों ने ककवन परिसर में ग्राम न्यायाधीश विकास चन्द्र के सामने पहुंच कर अपनी मुकदमे की बारीकी से जानकारी ली और उसमें हमें क्या सावधानी बरतनी चाहिए जबकि हमारी भूमि है दूसरे लोग कब्जा जमाए हुए हैं। हम क्या करें जो मुकदमा जीत सकें तमाम जिज्ञासा ग्रामीणों ने अपने मुकदमे संबंधी न्यायाधीश के सामने रखी पहली बार ककवन ब्लॉक सभागार में न्यायाधीश ने पहुंचकर ग्रामीणों को मुकदमा संबंधी जानकारी और समस्याओं संबंधी किसानों को जानकारियां दी तमाम मुकादमों को सुना तथा अपना फैसला भी सुनाया इस प्रकार पहले दिन लगभग पांच मुकादमों की जन सुनवाई हुई जिसमें एक का फैसला भी सुनाया गया जबकि अन्य मुकादमों मे अगली सुनवाई की तारीख तय की गई।

ग्रामीण अपने मुद्दों में कि बिना अधिवक्ता के न्यायाधीश से सीधे बात कर उनकी तारीफ करते नहीं थकते रहे उन्होंने बताया कि यह सपना था कि हम पहली बार न्यायाधीश के सामने अपनी बात रख सके और उन्होंने हमको सही राय दी है अब हम हर हालत में मुकदमा जीत कर ही रहेंगे।

इस मौके पर नायाब तहसीलदार दिव्या भारती, ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार, लेखपाल राम पुजारी, समाजसेवी राजा राम दोहरे व अन्य विभागीय कर्मचारी के साथ न्यायालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री करेंगे मेट्रो सेवा विस्तार का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



मेट्रो के साथ ही शहर के लिए 30 मई का दिन ऐतिहासिक होने वाला है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीएसए में आयोजित जनसभा स्थल से जैसे ही मोतीझील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो सेवा विस्तार का लोकार्पण करेंगे, तभी नयागंज भूमिगत स्टेशन में विशेष रूप से फूलों से सजी ट्रेन रवाना होगी। इसमें एक संस्थान के जुड़े बच्चे देशभक्ति से ओतप्रोत नारों के साथ, हाथ में तिरंगा लिए सफर करेंगे। गुरुवार को इसके लिए भूमिगत स्टेशनों पर सभी तैयारियां पूरी की गईं। भूमिगत स्टेशनों खासकर नयागंज को विशेष रूप से सजाया गया है। स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर एलईडी स्क्रीन में सीएसए से लाइव प्रसारण किया जाएगा। ऐसा ही लाइव प्रसारण सीएसए ग्राउंड पर भी होगा। जैसे ही प्रधानमंत्री लोकार्पण करेंगे, वैसे ही मेट्रो ट्रेन अपने साथ लाखों शहरवासियों की उम्मीदों और सपनों को साकार करते हुए आगे बढ़ेगी। मोतीझील से कानपुर सेंट्रल के बीच पड़ने वाले सभी पांच भूमिगत स्टेशन क्रमशः चुन्नीगंज, नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा, नयागंज, कानपुर सेंट्रल) हैं। अभी तक एलिवेटेड ट्रैक पर दौड़ने वाली मेट्रो ट्रेन अब जमीन के नीचे भूमिगत रूट में भी दौड़ेगी। आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक मेट्रो ट्रेन का परिचालन शुरू होने से शहर में सार्वजनिक यातायात व्यवस्था मजबूत होने के साथ ही जाम की समस्या से राहत मिलेगी। मेट्रो ने निर्माण के दौरान विभिन्न चुनौतियों को पार करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। हमारा भूमिगत मेट्रो रूट शहर के सबसे व्यस्त इलाकों के नीचे से गुजरता है, जिससे शहर के अंदर यात्रा बहुत सुगम और सुविधाजनक हो जाएगी। आईआईटी से सेंट्रल तक 14 स्टेशनों के बीच की 16 किमी का सफर मात्र 28 मिनट में पूरा हो जाएगा। किराया 40 रुपये लगेगा।

### पैदल जा रहे ऑटो चालक को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। सचेंडी थानाक्षेत्र में बुधवार शाम हाईवे पर पैदल जा रहे ऑटो चालक को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में युवक को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हनुमंत विहार निवासी रमाकांत द्विवेदी का बेटा रामजी द्विवेदी (25) बुधवार शाम को सचेंडी निवासी अपनी बहन इंदू से मिलने गया था। रात करीब नौ बजे वह बहन के घर से होकर हाईवे किनारे पैदल चल रहा था। तभी चकरपुर मंडी के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मारी और भाग निकला। हादसे में गंभीर रूप से घायल रामजी को पुलिस हैलट अस्पताल लेकर पहुंची लेकिन तब तक सिर पर चोट लगने से उसकी सांसें थम चुकी थीं। पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंची पत्नी मांडवी, बेटी पूर्वी और बड़े भाई बउआ बदहवास थे।

# क्रूरतापूर्वक बांधकर कंटेनर में भरे 57 पशु बरामद कर 10 तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कंटेनर और डीसीएम में क्रूरतापूर्वक बांधकर भूसे की तरह ले जाए जा रहे पशुओं को पुलिस ने बुधवार रात चेकिंग के दौरान बरामद किया। पुलिस ने 10 पशु तस्करों को गिरफ्तार किया, इनमें दो पशु तस्कर औरैया व फतेहपुर के निवासी हैं। आरोपियों ने पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने एक किलोमीटर तक पीछा करने के बाद कंटेनर को पकड़ा। उनके पास 5.32 लाख रुपये नकद और एक तमंचा मिला है।

सचेंडी इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट के अनुसार बुधवार देर रात कुछ लोगों द्वारा एक कंटेनर और डीसीएम में पशुओं को रस्सी से बांधकर कानपुर देहात से कानपुर नगर की ओर लाने की सूचना मिली। पुलिस ने किसान नगर, रायपुर, कानपुर देहात बार्डर हाइवे सर्विस लेन पर चेकिंग के दौरान कंटेनर को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने पुलिस टीम पर गाडी चढ़ाने का प्रयास करते हुए गाड़ी तेजी से आगे भगा दी। पुलिस ने गाड़ी का पीछा करते हुए करीब एक किमी दूर आरोपियों को पकड़ा। गाडी को रोककर चेक किया गया तो 44 भैंस भूसे की तरह भरी हुई थी।

कंटेनर में सवार मध्यप्रदेश के थाना कुरवई विदिशा निवासी बिलाल कुरैशी, जाकिर कुरैशी, नवाब कुरैशी और चौथा साथी औरैया के थाना कोतवाली के तिलकनगर निवासी कफील अहमद को गिरफ्तार कर लिया। वह लोग कार्रवाई के बाद चेकिंग कर ही रहे थे, कि एक डीसीएम में सवार 13 भैंस और छह लोगों को नकदी व तमंचे के साथ सीएनजी पंप के पास पकड़ा गया। डीसीएम में फतेहपुर के पीरनपुर निवासी आफताब आलम, मुजफ्फरनगर के चरमांग बुड़ाना निवासी मोहम्मद रिजवान, बागपत के गांव बरनावा निवासी अजहर, मेरठ के लाल कुर्ती कैंट निवासी मो सलमान, मेरठ के मुफ्तियान हासिमपुरा निवासी शादाब, बरेली के पुराना शहर निवासी सुभान उर्फ छोटू को पकड़कर पशु तस्करी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया।

# बादलों की आवाजाही व उमस वाली गर्मी बनी रहेगी



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शुक्रवार को बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे रहने का पूर्वानुमान है। इसके साथ ही माहौल में नमी के कारण उमस बनी रहेगी। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती घेरा बनने का कारण हवाएं उस तरफ खिंच जा रही हैं। लेकिन बादल आएंगे और माहौल में उमस रहेगी। शनिवार-रविवार से उत्तर पश्चिमी हवाओं का सिलसिला शुरू होने की संभावना है। इससे जून के पहले सप्ताह में लू चलने का अनुमान है। सीएसए की मौसम वेधशाला की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान सामान्य औसत से 40.7 डिग्री से 1.8 डिग्री कम रहा। इसी तरह रात का न्यूनतम तापमान सामान्य औसत 27.1 से 0.7 डिग्री कम रहा है। सुबह माहौल में नमी का प्रतिशत 68 और दोपहर को 42 हो गया। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि तापमान 40 के नीचे रहेगा। उत्तर पश्चिमी गर्म हवाओं के आने के बाद इसमें बढ़ोत्तरी होगी।

डॉ. पांडेय ने बताया कि अरब सागर से हवाएं नमी लेर आ रही हैं। लेकिन चक्रवात के कारण बंगाल की खाड़ी की तरफ खिंच रही हैं। इसके अलावा पश्चिमी विक्षोभ भी आ गया है। लेकिन कानपुर परिक्षेत्र पर इसका असर आने की संभावना नहीं है।

# बहू को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा कपड़े खींचने का आरोप




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

विजयनगर में बुधवार शाम घरेलू विवाद में सास ने अन्य लोगों के साथ मिलकर बहू को घर से लेकर सड़क तक दौड़ा-दौड़ाकर कर पीटा। आरोप है कि उनके कपड़े खींचकर अभद्रता की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने दस लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

महिला के अनुसार बुधवार शाम वह खाना बना रही थीं तभी सास और उनके साथ दस लोग अचानक घर में घुस आए और पीटना शुरू कर दिया। वह जब तक अपना बचाव करतीं आरोपी पति और बच्चों को घसीट-घसीट कर मारने पीटने लगे। इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया के अनुसार महिला की तहरीर पर सास समेत दस लोगों के विरुद्ध बलवा करने, व्यक्ति को चोट पहुंचाने और घर में घुसने, महिला की गरिमा को भंग करने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### शुभम द्विवेदी स्मृति द्वार का विधानसभा अध्यक्ष ने किया शिलान्यास

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पहलगाम आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी के पैतृक गांव हाथीपुर में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा 11 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्मृति द्वार का शिलान्यास किया गया। शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या द्वारा भूमि पूजन किया गया। बता दें कि स्मृति द्वार का निर्माण तीन महीनों में पूरा कर लिया जाएगा।

निर्माण कार्य के दौरान लगभग तीन माह हाथीपुर गांव जाने वाली मुख्य सड़क बंद रहेगी। इस अवधि में राहगीरों के लिए काम कराने वाली संस्था द्वारा वैकल्पिक मार्ग बनाकर दिया जाएगा।

भूमि पूजन में प्रमुख रूप से शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी, मनोज कुमार द्विवेदी,सौरभ, सुरेंद्र अवस्थी, विनय मिश्रा, मनीष विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# झकरकट्टी बस अड्डे पर टीएसआई के साथ गाली-गलौज



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर के झकरकट्टी बस अड्डे के ट्राफिक पॉइंट में तैनात टीएसआई के साथ गाली गलौज का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि अमर उजाला वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मिली जानकारी के अनुसार, सड़क के बीच में बस लगाने से विवाद हुआ। इसके बाद गालीगलौज होने लगी। वायरल वीडियो में बस कंडक्टर धमकी देता भी दिख रहा है, जो कहता दिख रहा है कि जा काट दे चलान। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर जांच शुरू की हैबता दें कि झकरकट्टी बस अड्डे पर ड्राइवरों की अराजकता से जनता त्रस्त है। बीच सड़क बसों को खड़ी करके सवारियां बैठालते हैं। यही नहीं, आड़ी-तिरछी बसों के बीच सड़क पर खड़े होने से रोड पर जाम भी लगता है।

# सोता रहा स्टाफ, बेड पर हुआ प्रसव, डस्टबिन में गिरने से नवजात की मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में बुधवार रात प्रसव कक्ष में एक प्रसूता दर्द से घंटों कराहती रही। रात तीन बजे के करीब उसने नवजात को जन्म दिया, जो बेड किनारे रखे डस्टबिन में जा गिरा। जिसकी इलाज के दौरान कुछ घंटे बाद जान चली गई। प्रसूता के पति ने रात में स्टॉफ के सोते रहने व बुलाने पर न आने के कारण नवजात की डस्टबिन में गिरने से मौत का आरोप लगाया। सीएमएस ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की है।

रूरा थाना के प्रेमाधाम कारी-कलवारी निवासी सुनील नायक ने बताया बुधवार देर रात पत्नी सरिता को प्रसव पीड़ा हुई। इसपर वह पत्नी को मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल लेकर आए। यहां रात डेढ़ बजे के बाद पत्नी को वहां के स्टॉफ ने कुछ दवाइयां देकर वार्ड में भर्ती कर लिया।

इसके बाद स्टाफ सोने चला गया। रात दो बजे के करीब प्रसव पीड़ा बढ़ने पर दो कमरों में सो रहे कर्मचारियों को उसकी मां ओमवती ने जगाने का प्रयास किया मगर कोई भी पत्नी को देखने नहीं गया।

इधर पत्नी का बिना किसी स्वास्थ्य कर्मी की मौजूदगी के प्रसव हो गया। प्रसव के तुरंत बाद नवजात बेड किनारे रखे डस्टबिन में गिर गया। इसकी जानकारी होने पर कर्मचारियों ने बच्चे को एसएनसीयू में भर्ती करवा दिया।

सुबह 10 बजे के करीब बच्चे की मौत हो गई।

स्टाफ मामले को छिपाए रहा। दोपहर दो बजे कर्मचारियों ने उसे मृत्यु प्रमाण पत्र थमाकर शव ले जाने के लिए कहा। इस पर उसने लापरवाही का आरोप लगाते हुए डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। वहीं परिवार के लोग व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए नाराजगी जताने लगे।

जानकारी पर मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी भागमल सिंह जा पहुंचे। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी की।

वहीं मामले को लेकर महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. वंदना सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है। पूरे मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। जांच समिति की रिपोर्ट आने पर जिसकी लापरवाही सामने आएगी उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ओवरलोडेड ई-रिक्शा उड़ा रहे कानून की धज्जियां

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




कानपुर में सवारियों को मंजिल तक पहुंचाने वाली ई-रिक्शा पर सवारियों का कितना बोझ है। इसका एक नजारा गुरुवार को महाराजपुर कस्बे में देखने को मिला। यहां ओवरलोडेड ई-रिक्शा में 13 सवारियां बैठी हुईं थीं। कुछ तो गाड़ी के ऊपर सवार थीं। इसका वीडियो सोशल मीडियो पर वायरल हो रहा है।

हालांकि, अमर उजाला वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। जानकारी के अनुसार, महाराजपुर कस्बे में कानून को ठेंगा दिखाते हुए ई-रिक्शा पर 13 सवारियों को बैठाया गया है। इसमें 10 नीचे तो वहीं तीन सवारियां ऊपर छत पर बैठी हुई हैं। इसके बावजूद ई-रिक्शा सड़क पर तेजी से फर्राटा भर रहा है।

### जांच में जुटी पुलिस

वहीं, ऐसा ही दूसरा मामला सरसौल कस्बे में देखने को मिला है। यहां ई-रिक्शा को भार वाहन बनाकर हाईवे पर दौड़ाया जा रहा है, जो हादसे का कारण बनते हैं। दोनों मामलों को पुलिस ने संज्ञान लिया है और जांच में जुट गई है। पुलिस ने कहा है कि जांचकर दोनों चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।